seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

नवरात्रि ४ दिन
माँ कूष्माण्डा
सीमा संदेश संग
सृजन की ज्योति

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 281 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, बुधवार, 14 अक्टूबर, 2026 seema-sandesh.com

कल पंजाब बंद मेडिकल संचालक ने बहस के दौरान गोली मारी, लोगों ने दुकान में तोड़फोड़ की, अस्पताल के बाहर धरना

मानसा में नशे का विरोध करने वाले परमिंदर झोटा की गोली मारकर हत्या

भारी पुलिस फोर्स तैनात, क्षेत्र में तनाव का माहौल

मानसा।

पंजाब के मानसा में नशे के खिलाफ लगातार मुहिम चला रहे चर्चित एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परमिंदर सिंह झोटा (45) की मंगलवार सुबह दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। सनसनीखेज वारदात उस समय हुई जब झोटा अपने साथियों के साथ शहर की एक मेडिकल शॉप पर पहुंचे थे और कथित रूप से नशीली गोलियां बेचने का खुलासा करते हुए फेसबुक लाइव कर रहे थे। इसी दौरान मेडिकल स्टोर संचालक ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

फेसबुक लाइव के दौरान चलाई गई तीन गोलियां



वारदात के वक्त झोटा फेसबुक पर लाइव स्ट्रीमिंग कर रहे थे। वीडियो में वे केमिस्ट अश्विनी कुमार से एक बुजुर्ग को नशीली दवाएं बेचने को लेकर सवाल-जवाब करते दिखते हैं। दोनों पक्षों में करीब 12 मिनट तक तीखी नोकझोंक हुई। इसी बीच आरोपी अश्विनी कुमार ने पिस्टल निकालकर बेहद नजदीक से झोटा पर फायरिंग कर दी। झोटा को पेट और जांघ में 3 गोलियां लगीं, जिससे उनकी मौत हो गई। हमले में उनके साथी कुलविंदर सिंह सहित अन्य लोग भी घायल हुए। वारदात के बाद आरोपी दुकान बंद कर फरार हो गया।

गुस्साई भीड़ ने मेडिकल शॉप तोड़ी, शहर में फैला भारी तनाव



घटना की खबर फैलते ही मानसा में भारी तनाव पैदा हो गया और बाजार बंद हो गए। आक्रोशित भीड़ व समर्थकों ने आरोपी की मेडिकल शॉप में जमकर तोड़फोड़ की और दवाइयां सड़क पर फेंक दीं।

प्रदर्शनकारियों ने सिविल अस्पताल के बाहर धरना देकर तीनकोनी चौक को जाम कर दिया और सरकारी होर्डिंग्स व पोस्टर फाड़ दिए। स्थिति को संभालने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

विपक्ष ने सरकार को घेरा

घटना पर पंजाब की राजनीति गरमा गई है। पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, शिअद सांसद हरसिमरत कौर बादल और भाजपा नेताओं ने इसे राज्य में कानून-व्यवस्था का पूर्ण पतन व 'जंगलराज' करार दिया। वहीं 'आप' प्रवक्ता बलतेज पन्नू ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

परिजनों का संस्कार से इनकार, बोले- सीबीआई करे जांच

झोटा के पिता भीम सिंह (पूर्व सैनिक) और परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम व अंतिम संस्कार कराने से साफ इनकार कर दिया है। पिता ने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार उनके बेटे को सुरक्षा देने में विफल रही और पुलिस-प्रशासन का नशा तस्करों से गठजोड़ है। उन्होंने 2023 में हाईकोर्ट में सुरक्षा की गुहार लगाई थी, मगर राहत नहीं मिली। समर्थकों ने सीएम भगवंत मान व डीजीपी के इस्तीफे और पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए 15 अक्टूबर को 'पंजाब बंद' का आह्वान किया है।

प्रदर्शन पर रोक की मांग

कोर्ट ने मांगा जवाब, 2000 करोड़ के नुकसान का दावा

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने राजधानी में विरोध प्रदर्शनों को एसओपी के तहत नियंत्रित करने की मांग वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार से रुख स्पष्ट करने को कहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नितिन वासुदेव सांब्रे और न्यायमूर्ति संजय शर्मा की पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई तय करते हुए सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं का रिकॉर्ड भी मांगा। वरिष्ठ वकील सच्चिन पुरी और संजय पोद्दार ने दलील दी कि चुनाव आयोग से जुड़े प्रदर्शनों और बैरिकेडिंग से जनजीवन ठप है। त्योहारी सीजन में कनॉट प्लेस जैसे प्रमुख बाजारों में आवाजाही बाधित होने से व्यापारियों को करीब 2,000 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है।

राहुल की याचिका में 10 खामियां, रजिस्ट्री ने लगाईं आपत्तियां

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दायर याचिका में कई खामियां सामने आई हैं। रजिस्ट्री ने 10 से अधिक आपत्तियां दर्ज की हैं, जिनमें 200 रुपये से अधिक कोर्ट फीस की कमी, अपठनीय या गायब पन्ने शामिल हैं। इसके अलावा, याचिकाकर्ता व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आईडी कार्ड की स्पष्ट प्रति मांगी गई है। इस मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा। याचिका में चुनाव आयोग से वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से जुड़े विवादित फैसलों की पूरी फाइलें, एजेंडा, मिनट्स, आपत्तियां और एक्सेस लॉग्स पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

राजनीति ● तेजस्वी का पीएम मोदी व अमित शाह पर तीखा हमला

इंडिया ब्लॉक की बैठक; राहुल बोले- 'लोकतंत्र की बहाली हमारा लक्ष्य'

नई दिल्ली।



इंडिया गठबंधन के चलो दिल्ली मार्च के बाद विपक्षी दलों, सांसदों, छात्र नेताओं और नागरिक संगठनों की बैठक लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर आयोजित हुई। बैठक के बाद विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोलते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए आंदोलन तेज करने का संकल्प जताया। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह एकजुट होकर एक साझा आंदोलन लड़ रहा है, जिसका उद्देश्य देश में लोकतंत्र को फिर से बहाल करना है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को प्राथमिक लक्ष्य बताते हुए कहा कि देश की चुनावी शुचिता और लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान पहुंचाया गया है। इसके मुख्य सूत्रधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इसे लागू करने वाले गृह मंत्री अमित शाह और सीईसी ज्ञानेश कुमार हैं, जिनके इर्द-गिर्द अब घेरा कसता जा रहा है। उन्होंने जंतर-मंतर पर लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को सीमित करने के प्रयासों को भी चुनौती देने की बात कही।

संवैधानिक संस्थाओं को हाईजैक करने का आरोप: तेजस्वी

राजद नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के इशारे पर चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह गांधी, लोहिया और भगत सिंह का देश है और विपक्षी दल संवैधानिक संस्थाओं के अपहरण के खिलाफ हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। वहीं, एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि संविधान और बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा दिए गए अधिकारों की रक्षा के लिए यह संघर्ष संसद से लेकर जमीन तक जारी रहेगा।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका व रजिस्ट्री की आपत्तियां

बाराखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट तक हुए मार्च के बाद 11 विपक्षी नेताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने याचिका में 14 तकनीकी खामियां इंगित करते हुए सीईसी ज्ञानेश कुमार सहित चुनाव आयुक्तों को सीधे प्रतिवादी बनाने पर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके बावजूद सपा सांसद अवधेश प्रसाद, जियाउर्रहमान बर्क और कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने साफ किया कि जब तक चुनाव आयोग में सुधार नहीं होता और सीईसी इस्तीफा नहीं देते, आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।

वोट चोरी योजना को करेंगे बेनकाब: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि दिल्ली में पहली बार युवा और आम नागरिक स्वतः स्फूर्त होकर इतनी बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश अब प्रधानमंत्री मोदी की वोट चोरी की योजनाओं को उजागर करने के लिए तैयार है।

लोकतंत्र बहाली तक जारी रहेगा संघर्ष: राहुल

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार व चुनाव आयोग पर हमला तेज करते हुए कहा कि लोकतंत्र बहाली की लड़ाई अंतिम दम तक जारी रहेगी। उन्होंने दावा किया कि चुनावी प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा, जिनमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सीईसी ज्ञानेश कुमार और ह्यदेहरादून में छिपी महिलाङ्क शामिल हैं। राहुल गांधी ने कहा कि संस्थाएं भूमिका निभाएं या नहीं, जनता का प्रतिरोध जारी रहेगा। बैठक में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, डी. राजा सहित कई विपक्षी नेता उपस्थित रहे।

परमिंदर की हत्या पर गुस्साए समर्थक, सिरसा-मानसा राजमार्ग किया जाम; अस्पताल में भी की तोड़फोड़



मानसा।

परमिंदर सिंह झोटा की हत्या के बाद विभिन्न संगठनों और धार्मिक संस्थाओं की ओर से सिरसा मानसा नेशनल हाईवे को जाम कर दिया गया है। प्रदर्शन में लक्खा सिधाना, भाना सिद्धू, मोहनजीत शेरों के अलावा विपक्षी पार्टियों के नेता भी पहुंचे हुए हैं। लक्खा सिधाना ने आरोप लगाया है कि पंजाब पुलिस परविंदर झोटा का पोस्टमार्टम के बाद जबरन संस्कार करना चाहती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि परिवार की मर्जी के बिना कोई कार्रवाई न हो।

इससे पहले शहर के 12 हट्टा चौक में प्रदर्शन के दौरान परविंदर झोटा के पिता पूर्व सैनिक भीम सिंह ने केंद्र सरकार और गृहमंत्री से अपने परिवार खासकर अपने 9 और 6 साल के छोटो दो पौतों की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है।

प्रदर्शन के दौरान भावुक हुई परमिंदर की माता

सिविल अस्पताल में प्रदर्शन के दौरान भावुक हुई परविंदर की माता अमरजीत कौर ने कहा कि उसका बेटा रोज नशे के सौदागरों से अपनी जान को खतरा बताता था और आज घर जाने से पहले बोल कर गया था कि मां मेरा दोपहर का खाना बनाकर रखना, लेकिन इस बदनसीब मां को नहीं पता था कि आज का खाना उसको नसीब नहीं होगा। माता अमरजीत कौर ने पंजाब सरकार के खिलाफ भी अपना रोष व्यक्त किया।

अस्पताल में तोड़फोड़ के बाद बढ़ाई सुरक्षा

परमिंदर झोटा की हत्या के बाद सिविल अस्पताल में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। परिवार के समर्थन में आए नेताओं और संगठनों की ओर से परविंदर की लाश को साथ ले जाने की जिद की गई। पुलिस का विरोध करने पर सिविल अस्पताल के मोर्चरी एरिया का गेट और दरवाजे तक तोड़ दिए गए। बाद दोपहर डीआईजी बठिंडा हरजीत सिंह, एसएसपी वैभव चौधरी के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी सिविल अस्पताल पहुंचे हैं।

पुलिस ने रंजिश बताई, स्पेशल डीजीपी सिन्हा पहुंचे मानसा

डीआईजी हरजीत सिंह के अनुसार, वर्ष 2023 में झोटा ने इसी केमिस्ट को नशीले कैप्सूल बेचने के आरोप में जूतों की माला पहनाकर घुमाया था, जिससे दोनों में पुरानी रंजिश थी। सीएम मान के निर्देश पर स्पेशल डीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रवीण सिन्हा मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पुलिस अंतिम संस्कार के लिए कोई जबरदस्ती नहीं करेगी। आरोपी केमिस्ट की तलाश में पंजाब व हरियाणा में दबिश दी जा रही है तथा उसके एक साथी को गिरफ्तार कर परिजनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

एसआईआर के बहाने घुसपैठियों को बचा रही कांग्रेस

2029 लोकसभा चुनाव में हार का मन बना लें राहुल : शाह

अहमदाबाद। गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा की जीत के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि कांग्रेस गुजरात में 41 साल से जीत नहीं पाई है और अब राहुल गांधी को अपनी लगातार हार पर आत्ममंथन करना चाहिए। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बहाने घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही है, जिसकी हकीकत देश की जनता समझ चुकी है। उन्होंने राहुल गांधी को 2029 के लोकसभा चुनाव में भी हार का मन बनाने की सलाह दी। गृह मंत्री ने कहा कि 14 दलों को साथ लेने और आठ हजार लोगों की भीड़ जुटाने से कोई देश की आवाज नहीं बन जाता। उन्होंने राजस्थान, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल के नतीजों का हवाला देते हुए दावा किया कि त्रिपुरा में एनडीए ने 4,600 में से 4,000 सीटें जीती हैं, जो बैलेट पेपर से हुए चुनावों में विपक्ष के बहानों की पोल खोलता है।



गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा की जीत

मुंबई। गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 41 वर्षों (1985 के बाद) से गुजरात में जीत नहीं सकी है और राहुल गांधी को अपनी लगातार हार पर आत्ममंथन करना चाहिए। शाह ने तंज कसते हुए पूछा कि क्या कांग्रेस इस हार का ठीकरा भी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर फोड़ेगी? उन्होंने दावा किया कि गांधीनगर नगरपालिका में भाजपा का वोट शेयर 10% बढ़ा है, जबकि 'आप' की सभी 32 सीटों पर जमानत जब्त हो गई।

जीरो टॉलरेंस; 1 पुलिस अधिकारी का निलंबन, 6 एपीओ, 2 को हटाया

सीमा सन्देश# जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में विगत दिनों हुई आपराधिक घटनाओं तथा कुछ पुलिस कार्मिकों की लापरवाही और अमर्यादित व्यवहार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ एक्शन लिया है। उन्होंने इन घटनाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को तुरंत हटाने तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक सहित बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान हमेशा से शांतिप्रिय प्रदेश रहा है। पिछली सरकार के समय इस छवि पर प्रतिकूल असर पड़ा था। हमारी सरकार के समय में यह गरिमा लौटी है, ऐसे में हर हाल में अपराधों पर जीरो टॉलरेंस जरूरी है। बैठक के बाद पुलिस विभाग द्वारा 1 अधिकारी को निलंबित, 6 अधिकारियों को एपीओ एवं 2 अधिकारियों को तुरंत हटाया गया है। इसमें वेर के थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह को निलंबित एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेरणा शेखावत को पदस्थापन की प्रतीक्षा में रखा गया है। इसी तरह वृत्ताधिकारी भुसावर नीरज भारद्वाज, उपपुलिस अधीक्षक (यातायात) अजमेर अंजू यादव, वृत्ताधिकारी सांभर मुकेश जोशी तथा वृत्ताधिकारी श्रीगंगानगर विष्णु कुमार खत्री तथा पुलिस निरीक्षक, आयुक्तालय जयपुर के मुकेश खराड़िया को भी एपीओ किया गया है। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसआईयूसीएडब्ल्यू, जयपुर ग्रामीण बृजमोहन मीणा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खैरथल जया सिंह को हटाया गया है। बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भास्कर ए. सावंत सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

एपीओ होने वालों में सीओ शहर विष्णु खत्री भी शामिल



अधिकतर प्रोडक्ट पर 'मैन्युफैक्चरिंग डेट' मिटाई हुई थी, खाद्य टीमों ने की कार्यवाही

डिपार्टमेंटल स्टोर पर भारी मात्रा में एक्सपायरी डेट खाद्य सामग्री मिली, दुकान सहित 2 गोदाम सीज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में अग्रसेन नगर स्थित रामराज्य डिपार्टमेंट स्टोर पर दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान यहां भारी मात्रा में अवधिपार खाद्य सामग्री मिली, जिसे आम ग्राहकों को बेचे जा रही थी। कार्रवाई के दौरान मौके पर पहुंचे सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित दुकान सहित दो गोदामों को सीज करवाया। अब बुधवार या गुरुवार को दुकान खोलकर अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई जाएगी। सीएमएचओ ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर विभाग की टीम ने प्रतिष्ठान पर





उपलब्ध खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया। जहां अधिकांश खाद्य सामग्री अवधिपार मिली, अनेक की मैन्युफैक्चरिंग दिनांक एवं अवधिपार दिनांक आदि मिटाई हुई मिली। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी नित्या शर्मा, मंजूबाला, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई एवं संदीप वर्मा सहित अन्य संबंधित कार्मिक मौजूद रहे।

कुछ होटलों पर भी कार्रवाई: वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थ एक ही फ्रिज में मिला



मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सूरतगढ़ में विभिन्न होटलों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। कार्रवाई के दौरान भोजन भट्ट होटल से ग्रेवी, जिप्स होटल से ग्रेवी, अशोका होटल से तैयार ग्रेवी एवं तैयार दाल के नमूने लिए गए। वहीं, राज पनीर एवं न्यू राज पनीर से पनीर के नमूने संग्रहित किए गए। निरीक्षण के दौरान अशोका होटल में वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थ एक ही फ्रिज में भंडारित पाए गए। इस पर फ्रिज में रखे शाकाहारी भोजन को तत्काल नष्ट करवाया गया। प्रतिष्ठान संचालक को कमियों में सुधार के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। कार्रवाई एफएसओ हेतराम खुड़िया एवं नरेश सेवदा ने की। **यहां कर सकते हैं सूचना:** विभाग की आमजन से अपील है कि वे अवधिपार कोई भी खाद्य सामग्री न खरीदें। इस तरह के मामलों की सूचना व्हाट्स एप नंबर 9351504313 पर अवश्य दें।

आधुनिक फर्नीचर और इंटीरियर डिजाइनिंग के विकल्प मिलेंगे

अर्बन रॉयल फर्नीचर शोरूम का उद्घाटन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर के रिद्धि-सिद्धि प्रांगण स्थित रिद्धि-सिद्धि स्ट्रीट में अर्बन रॉयल फर्नीचर शोरूम का उद्घाटन श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने फीता काटकर किया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, उद्योग जगत से जुड़ी हस्तियों और शहर के गणमान्य लोगों ने शिरकत कर संचालकों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़, टॉटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टॉटिया, रिद्धि-सिद्धि हो डवलपर्स के डायरेक्टर मुकेश शाह, एसएन सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. सोहनलाल सिहाग और वाइस चेयरमैन डॉ. मनजीत सिंह निर्वाण सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अर्बन रॉयल फर्नीचर के फ्रेंचाइजी संचालक डॉ. शीतल गर्ग, डॉ. नरेश गर्ग एवं दर्शन मित्तल ने अतिथियों का स्वागत किया। शोरूम में ग्राहकों को प्रीमियम







फर्नीचर, आधुनिक इंटीरियर डिजाइनिंग और साज-सज्जा के विभिन्न विकल्प उपलब्ध होंगे। प्रतिष्ठान का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर गुणवत्ता के फर्नीचर व इंटीरियर संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

नशा मुक्त करने के लिए सब मिल-जुलकर सहयोग करें : खीचड़



सीमा सन्देश # सादुलशहर

घोडा चौक एवं वार्ड नंबर एक की संयुक्त चौपाल में चेयरमैन मनीषा खीचड -प्रदीप खीचड दंपती का जहां 21 किलो फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया, वहीं सादुलशहर को नशा मुक्त करने के लिए शुरू की गई मुहिम में सहयोग करने का संकल्प भी लिया गया। वार्ड पार्षद एडवोकेट बृज चौहान एवं रोशन लाल की संयुक्त अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन प्रदीप खीचड ने कहा कि विकास कार्य करवाने में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी परंतु विकास के साथ-साथ युवा वर्ग को नशे की गर्त में जाने से रोकने एवं क्षेत्र को नशा मुक्त करने के लिए शुरू की गई मुहिम में हम सबको आगे आकर सहयोग करना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि नशा बेचने वालों की सूचना खुलकर दें। वार्ड वाइज कमेटियां गठित कर कार्रवाई करवाने की बात भी कही। इस दौरान पूर्व चेयरमैन बिशन कुमार जिनागल, दलीप पडिहार, अशोक सिंगाठिया, पार्षद रणजीत सहारण, मोहनलाल सहारण, पृथ्वीराज, सुशील कुमार, अभिषेक, प्रवीन कुमार, मांगीलाल सहित अनेक नागरिक मौजूद थे।

लाडली किशोरी के मुखारविंद से अमृत वचन: कथा श्रवण और सत्संग से ही दूर होते हैं अंत:करण के विकार



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



समीपवर्ती गांव ख्यालीवाला (11 एलएनपी) में चौधरी भागीरथ रिणवां के निवास पर चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उमड़े। कथा व्यास, श्री धाम वृन्दावन की सुप्रसिद्ध प्रवक्ता परम पूज्य लाडली किशोरी ने भागवत महात्म्य एवं मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पूज्य लाडली किशोरी ने कहा कि मनुष्य के जब कई-कई जन्मों के संचित पुण्यों का उदय होता है, तब जाकर जीवन में भागवत कथा श्रवण का दुर्लभ सौभाग्य प्राप्त होता है। भागवत कथा का निष्काम भाव से श्रवण करने मात्र से अंत:करण के समस्त विकार, ईर्ष्या, द्वेष और अज्ञान स्वतः नष्ट हो जाते हैं तथा हृदय में सच्ची भक्ति और अलौकिक शांति का वास होता है। प्रतिदिन सुबह 11:15 से दोपहर 3:15 बजे तक चलने वाली इस कथा में मंगलवार को भी श्रद्धालुओं ने लाडली किशोरी के भजनों और अमृत वचनों का भावविभोर होकर श्रवण किया। आयोजक शिवप्रकाश रिणवां व राजेन्द्र कुमार रिणवां ने बताया कि कथा के दौरान भेंट होने वाली समस्त दान राशि ख्यालीवाला स्थित हनुमान मंदिर के विकास कार्य में लगाई जाएगी।

अहंकार विसर्जित करना ही वास्तविक समर्पण

सत्संग के मर्म पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रभु की शरण में जाने का अर्थ अपने मिथ्या अहंकार को विसर्जित करना है। जब प्राणी अपने ह्यमैंह्ल भाव को त्यागकर ईश्वर की कृपा को सिर-माथे स्वीकार करता है, तभी उसका कल्याण संभव है। संसार में भौतिक साधन, धन-दौलत और शोहरत कमाना अत्यंत सरल है, लेकिन परमात्मा का निष्कपट प्रेम पाना और संतों का पावन सानिध्य प्राप्त करना ही मनुष्य जीवन की सच्ची और अमूल्य कमाई है।

सेवा और समर्पण ही भक्ति का सच्चा मार्ग

पूज्य किशोरी ने धर्म, संस्कृति और देवालय की सेवा पर बल देते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने सामर्थ्य अनुसार परोपकार, धर्म और मंदिर सेवा में योगदान देता है, उस पर प्रभु की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। भक्ति केवल बाह्य आडंबर नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा और समर्पण की भावना ही ईश्वर तक पहुंचने का वास्तविक मार्ग है।

आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने किया डाकघर का शैक्षिक भ्रमण



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने मुख्य डाकघर का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय डाक व्यवस्था की कार्यप्रणाली, सेवाओं और उसके महत्व से रूबरू कराना था। हैड पोस्टमास्टर हरीश कुमार चांदोरा ने बताया कि डाक विभाग में डाक पखवाड़ा चल रहा है, इसके अंतर्गत विद्यालय के छात्रों को डाकघर की विजिट करवाई जाती है। डाकघर में अधिकारियों राकेश वर्मा, तरुण सिंघल, दीपक आदि ने विद्यार्थियों को विस्तार से बताया कि पत्र, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल सेवा और मनीऑर्डर कैसे कार्य करते हैं। साथ ही बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना, डाक टिकटों के संग्रह और पोस्ट बॉक्स की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने डाकघर की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया और अपनी जिज्ञासाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे। अध्यक्ष रामप्रताप चांदोरा एवं व्यवस्थापक सुरेन्द्र चनाणी ने बताया कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी जरूरी है, ऐसे भ्रमणों से बच्चों में संचार व्यवस्था के प्रति समझ विकसित होती है प्रधानाचार्य गीता रानी एवं शिक्षिका ज्योति स्वामी ने कहा कि डिजिटल युग में भी डाक विभाग आज भी संचार का एक विश्वसनीय माध्यम है। भ्रमण के अंत में सभी विद्यार्थियों ने डाकघर के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

कॉलेज की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



श्रीगंगानगर। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा घोषित बी.ए. छठे सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । घोषित परीक्षा परिणाम में रचना विनोद कुमार ने प्रथम स्थान तथा पूजा लेखराम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष श्याम सुदंर गीदड़ा, डॉ. ओपी. गुप्ता, प्रो. हेमंत शर्मा, डॉ. सुरेश मंगल ने छात्राओं की सफलता पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सरला सिंगला ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

बिहाणी फार्मेसी कॉलेज में तम्बाकू नियंत्रण एवं स्वास्थ्य पर सेमिनार



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सेठ गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय चिकित्सालय के टीबी विभाग में कार्यरत बीएचएस. मयंक राजपाल ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। मयंक राजपाल ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, संतुलित आहार, नशे के दुष्प्रभावों तथा अवसाद से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सकारात्मक सोच अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। प्राचार्य संजीव ठक्कर ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं को साझा करना चाहिए तथा तनाव और मानसिक परेशानियों से निपटने के लिए उचित मार्गदर्शन लेना चाहिए। उन्होंने नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. महेश कटारिया ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पदमपुर: करिअर बनाने के लिए सदैव सजग रहे: एसीजेएम बिश्नोई



सीमा सन्देश#पदमपुर

नेहरू मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल 24 बीबी में विधिक सेवा समिति द्वारा शिविर लगाया गया। मुख्य अतिथि एसीजेएम अजय बिश्नोई ने विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत महत्वपूर्ण जानकारी दी। एसीजेएम अजय बिश्नोई ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी गुरुजनों के बेहतर मार्गदर्शन से उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपना करियर बनाने के लिए सदैव सजग रहे। नशा रहित जीवन का संचालन करने के साथ सुनिश्चित करें कि जहां शिक्षा ग्रहण कर रहा है वहां की इमारत सुरक्षित है या नहीं। लड़कियों व लड़कों के लिए अलग टॉयलेट होना अनिवार्य है । बार संघ अध्यक्ष रामकिशन बिश्नोई, अधिवक्ता बलविंद्र थिंद, वैभव शर्मा, हिमांशु कटारिया, तालुका सचिव बलजीत कुमारी ने निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 की जानकारी देते हुए बताया कि 6 से 14 साल तक के बच्चों हेतु अनिवार्य तथा मुफ्त शिक्षा व्यवस्था अधिनियम प्रदान करता है । विद्यालय डायरेक्टर मनजोत सिंह, शिक्षक मुकेश कयाथ व स्टाफ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

स्कूल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर के जीनियस मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय के 138 विद्यार्थियों ने 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय ने एथलेटिक्स छात्र वर्ग अंडर-19 की चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि क्रिकेट अंडर-19 छात्र वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के 14 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में रोलर स्केटिंग के 2, क्रिकेट छात्र वर्ग के 4, छात्रा वर्ग के 2, एथलेटिक्स छात्र वर्ग के 2, राइफल शूटिंग के 2 तथा कबड्डी अंडर-14 छात्र और छात्रा वर्ग से 1-1 खिलाड़ी शामिल हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट भावना ने उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय व्यवस्थापक रामदयाल सहारण, अध्यक्ष नरेंद्र गोदारा और प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश बोहरा सहित समस्त स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

जागो किसान जागो

सीजन-2 · कल से शुरू

पूरा हिसाब

ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

सीमा सन्देश
ताकत किसान की, जबान की

कल से: पूरा हिसाब

नवरात्रि से धनतेरस तक 15 कड़ियां — वो सच, जो शोरूम में कोई नहीं बताता

नवरात्रि से दशहरा — रोज़

15 अक्टू. | एपिसोड-1 · कल गुरुवार | ज़रूरत है या शान?
16 अक्टू. | एपिसोड-2 · शुक्र | एक्सचेंज का जाल
17 अक्टू. | एपिसोड-3 · शनि | 50 का माल, 55 का दाम
18 अक्टू. | एपिसोड-4 · रवि | मॉडल बदला, दाम वही
19 अक्टू. | एपिसोड-5 · सोम | GST घटा, दाम क्यों नहीं?
20 अक्टू. | एपिसोड-6 · दशहरा | कागज़ ही असली ताकत

दशहरा के बाद — हर दूसरे दिन, और धनतेरस पर पूरे पन्ने की चेकलिस्ट

21 अक्टू. | एपिसोड-7 · बुध | फाइनेंस का फंदा
23 अक्टू. | एपिसोड-8 · शुक्र | किश्त दी, रसीद कहाँ?
25 अक्टू. | एपिसोड-9 · रवि | बीमा में बड़ा खेल
27 अक्टू. | एपिसोड-10 · मंगल | पंजाब में सस्ता, यहाँ महंगा क्यों?
29 अक्टू. | एपिसोड-11 · गुरु | फ्री सर्विस या दिखावा?
31 अक्टू. | एपिसोड-12 · शनि | पार्ट्स कहाँ, मैकेनिक कौन?
2 नवं. | एपिसोड-13 · सोम | आज का ट्रैक्टर, कल का भाव
4 नवं. | एपिसोड-14 · बुध | ठगी हुई? चुप मत रहिए
6 नवं. | एपिसोड-15 · धनतेरस | पूरा हिसाब: किसान की चेकलिस्ट

कल, 15 अक्टूबर — पहली कड़ी
"ज़रूरत है या शान?"
आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं
बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें
93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ — यही है सीमा सन्देश की पहचान
1951 से

मौसम

अधिकतम 33.8° | न्यूनतम 20.7°

आर्द्रता

सुबह 81% | शाम 54%

विंड स्पीड

9-13KM/h

आज का सूर्यास्त

06:05PM

कल का सूर्योदय

06:36AM

आंधी के साथ वर्षा।

सर्राफा श्रीगंगानगर



(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,47,960

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,36,890

चांदी (प्रति किलो) ₹2,21,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

3 घंटे बंद रहेगी बिजली

श्रीगंगानगर। विद्युत लाइनों और उपकरणों के रख-रखाव के चलते 33/11 केवी अग्रवाल जीएसएस से निकलने वाले नोजगे फीडर की आपूर्ति बुधवार सुबह 8 से 11 बजे तक बंद रहेगी। राकेश मीणा सहायक अभियंता शहर प्रथम ने बताया कि इस दौरान अग्रवाल कॉलोनी, पंचवटी कॉलोनी, नोजगे स्कूल, बिरथलियांवाली, नाईयांवाली, माया विहार सैकंड, रामदेव कॉलोनी, श्रीराम कॉलोनी, नीलकंठ कॉलोनी, 7 ई छोटी व 5 ई छोटी के आस-पास का क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इसी समयावधि में शहर तृतीय के कुछ हिस्सों में बिजली बंद रहेगी। सिटी तृतीय के सहायक अभियंता मनजीत सैनी ने बताया कि इस दौरान प्रेम नगर फीडर की आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

नगर परिषद ● वाहनों के टायर, बैटरी सहित अन्य कार्यों के लिए लगाई 50 लाख रुपए की निविदा, जल्द ही वाहनों पर जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम भी लगेगा

राजस्व बढ़ाने की तैयारी; 5 जोन में बांटे होर्डिंग क्षेत्र, अगले सप्ताह टेण्डर प्रक्रिया

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर।

शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और नगर परिषद की आय बढ़ाने के लिए नगर परिषद ने कवायद तेज कर दी है। कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों में टायर और बैटरी लगाने, नए कचरा पात्र तैयार करने तथा पुराने और मरम्मत योग्य कचरा पात्रों को दुरुस्त करवाने सहित विभिन्न कार्यों के लिए करीब 50 लाख रुपए की निविदा जारी की गई है। इनमें से एक निविदा की समयावधि सोमवार को पूरी हो गई। वहीं, नगर परिषद अब शहर में होर्डिंग लगाने का ठेका देने की तैयारी में है। इसके लिए आगामी सप्ताह तक निविदा प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। पिछले करीब एक साल से शहर में जगह-जगह अवैध रूप से होर्डिंग और बैनर लगाए जा रहे हैं। इससे नगर परिषद को राजस्व का नुकसान हो रहा है। ऐसे में परिषद की ओर से होर्डिंग का ठेका देकर आय बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है।



अवैध पर कार्रवाई

शहर में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग के खिलाफ नगर परिषद ने पिछले दिनों कार्रवाई भी की थी। सुखाड़िया सर्किल क्षेत्र में रात के समय कई अवैध होर्डिंग के स्ट्रक्चर हटाए गए थे। अब परिषद की कोशिश है कि होर्डिंग लगाने की व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ इससे अधिक से अधिक राजस्व जुटाया जाए।

जोन नम्बर दो में सबसे अधिक होर्डिंग/बैनर, जोन तीन सबसे बड़ा

होर्डिंग ठेके से अधिकतम आय प्राप्त करने के उद्देश्य से नगर परिषद ने शहर को पांच जोन में विभाजित किया है। इनमें जोन दो में सबसे अधिक होर्डिंग हैं, जबकि क्षेत्रफल के लिहाज से जोन तीन सबसे बड़ा है। जोनवार ठेका प्रक्रिया से होर्डिंग लगाने की व्यवस्था को व्यवस्थित करने और राजस्व की संभावनाओं का बेहतर उपयोग करने में आगामी सप्ताह तक निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पांच जोन में सबसे अधिक होर्डिंग जोन दो में है जबकि सबसे बड़ा होर्डिंग जोन तीन में है।

वार्ड न्यूज ● संभावित कार्रवाई की सूचना मिलते ही देर शाम सभापति दावड़ा से मिलने पहुंचे ठेकेदार

काम में लापरवाही बरतने पर 'मैसर्स जगदीश कंस्ट्रक्शन' ब्लैकलिस्ट, चार अन्य पर तैयारी

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर।

शहर के वार्ड नंबर 1 से 65 तक सार्वजनिक शौचालयों (सीटी/पीटी) की मरम्मत के नाम पर सुस्त रवैया अपनाने वाली मैसर्स जगदीश कंस्ट्रक्शन कंपनी को नगर परिषद ने ब्लैकलिस्ट कर दिया है। इसके साथ ही वर्क ऑर्डर जारी होने के 3 से 4 महीने बीत जाने के बाद भी कारपेट (सड़क निर्माण/पेचवर्क) का काम शुरू न करने वाली चार अन्य प्रमुख फर्मों पर भी ब्लैकलिस्ट किए जाने की तलवार लटक रही है। सूत्रों के अनुसार इन फर्मों के लिए आदेश जारी करने के निर्देश भी दिए जा चुके हैं। नगर परिषद से मिली जानकारी के अनुसार, मैसर्स जगदीश कंस्ट्रक्शन कंपनी को श्रीगंगानगर नगर परिषद क्षेत्र के सभी 65 वार्डों में सीटी और पीटी शौचालयों के मरम्मत कार्य का जिम्मा सौंपा गया था। इसके लिए 30 जून 2026 को कार्यादेश जारी किया गया था। लेकिन फर्म द्वारा कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा था, जिस पर उच्चाधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई थी। लापरवाही को देखते हुए नगर परिषद ने 6 अगस्त 2026 को फर्म को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। इसके बावजूद कार्य की गति में कोई सुधार नहीं हुआ। फर्म की संवेदनहीनता और कार्य के प्रति लापरवाही का आलम यह रहा कि नगरपरिषद में बने सार्वजनिक शौचालय की सीवरेज पाइप कई दिनों से लीक है और इसका पानी लगातार नगरपरिषद परिसर में पसर रहा है। जानकारी के अनुसार संभावित फर्मों पर कार्रवाई की सूचना मिलते ही इनके प्रोपराईटर शाम 7 बजे सभापति से मिले और अपना पक्ष रखा। सूत्रों के अनुसार सभापति की ओर से इन्हें संभवतः एक ओर मौका दिया जाएगा।



कारपेट वर्क में देरी करने वाली फर्में भी रडार पर

दूसरी ओर, शहर में सड़कों और गलियों में कारपेट (डामरीकरण/पैचवर्क) का कार्य समय पर पूरा न करने वाली एजेंसियों पर भी गाज गिरने वाली है। वर्क ऑर्डर जारी होने के 3 से 4 महीने बाद भी जमीन पर काम शुरू न होने से पार्षदों और आम जनता में रोष व्याप्त था। चर्चा है कि नगर परिषद प्रशासन जल्द ही विशाल कंस्ट्रक्शन, वसुजा कंस्ट्रक्शन, लिशान बिल्डर सहित एक अन्य चर्चित ठेकेदार की फर्म के खिलाफ भी ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई के औपचारिक आदेश जारी कर सकता है। हालांकि इन फर्मों के खिलाफ फिलहाल मौखिक निर्देश और आंतरिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, और माना जा रहा है कि आगामी एक-दो दिनों में इनके संबंध में भी कड़े आदेश सार्वजनिक कर दिए जाएंगे। नगर परिषद आयुक्त द्वारा जारी आदेश के साथ ही नगरपरिषद के अन्य ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। आयुक्त मिल्खराज चुघ ने बताया की शहर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की हीला-हवाली या सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो एजेंसियां समयबद्ध तरीके से काम पूरा नहीं करेंगी, उनके खिलाफ नियमानुसार ऐसी ही कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

सिक्यूरिटी राशि जब्त, 'रिस्क एंड कॉस्ट' पर होगा बाकी काम

नगर परिषद आयुक्त मिलखराज चुघ ने बताया कि मैसर्स जगदीश कंस्ट्रक्शन कंपनी का कार्यादेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही फर्म की बिड सिक्यूरिटी राशि को पूरी तरह जब्त कर लिया गया है। शौचालयों की मरम्मत का जो शेष कार्य बचा है, उसे अब रिस्क एंड कॉस्ट पर दूसरी एजेंसी से करवाया जाएगा। इस बचे हुए कार्य में आने वाला अतिरिक्त खर्च इस फर्म की नगर परिषद में जमा अन्य सिक्योरिटी राशि और बकाया बिलों से वसूला जाएगा।

श्रीगंगानगर ● विश्व हिंदू परिषद की मातृ-शक्ति दुर्गा वाहिनी का शक्ति संचलन आज

शक्ति संचलन यात्रा में उतरेंगी 500 मातृशक्तियां

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

शहर में नारी शक्ति, आत्मरक्षा और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय संगम का भव्य नजारा देखने को मिलेगा। विश्व हिन्दू परिषद श्रीगंगानगर के द्वारा शिव चौक के नजदीक बालाजी स्कवायर में 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से आयोजित होने वाले विशेष मातृशक्ति समागम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मातृशक्ति का अनुशासित शक्ति संचलन यात्रा रहेगा, जिसमें 500 महिलाएं हाथों में दंड लेकर कदमताल करेंगी।

विश्व हिन्दू परिषद श्रीगंगानगर की श्रीमती रानी पाण्डेय जिला मातृशक्ति संयोजिका व सुश्री ज्योति वर्मा जिला संयोजिका दुर्गावाहिनी अनुसार कार्यक्रम के दौरान भारतीय परंपरा और वीरांगनाओं के शौर्य के प्रतीक के रूप में विधिवत शस्त्र पूजन का आयोजन भी किया जाएगा।



नई चेतना और सुरक्षा का भाव जगाएंगी

आयोजन की रूपरेखा के अनुसार, शक्ति संचलन शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगा। हाथों में दंड थामे गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में चलती मातृशक्ति की झलक समाज में नई चेतना और सुरक्षा का भाव जगाएगी। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए शहर के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। परिषद की मातृशक्ति टोली द्वारा सहमति पत्र भरवा कर आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही संचलन के नियमित अभ्यास सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं।

पंचायत चुनाव ● 19 अक्टूबर से होगी नाम निर्देशन प्रक्रिया आरम्भ

जिला परिषद सदस्य के निर्वाचन क्षेत्रों के लिये सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के निर्देशानुसार पंचायती राज आम चुनाव के तहत श्रीगंगानगर जिला परिषद सदस्य चुनाव के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव द्वारा जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों हेतु सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। उक्त अधिकारियों द्वारा जिला परिषद सदस्य चुनाव के दौरान संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के नाम निर्देशन प्राप्त किये जायेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिला परिषद सदस्य चुनाव के तहत 19 से लेकर 23 अक्टूबर (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) को प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन प्रस्तुत किये जा सकेंगे। 23 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक नामांकन किये जा सकेंगे। 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी। 26



अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी होगी। नाम वापसी के समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों हेतु सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। उक्त अधिकारियों द्वारा जिला परिषद सदस्य चुनाव के दौरान संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के नाम निर्देशन प्राप्त किये जायेंगे। एडीएम प्रशासन श्रीगंगानगर द्वारा जिला परिषद के जोन संख्या 1 से लेकर 13 तक (स्थल एडीएम प्रशासन कक्ष), एडीएम सतर्कता श्रीगंगानगर द्वारा जोन संख्या 14 से लेकर 26 तक (स्थल एडीएम सतर्कता कक्ष) और राजस्व अपीलीय अधिकारी श्रीगंगानगर द्वारा जोन संख्या 27 से 39 तक (स्थल कार्यालय न्यायालय जिला कलक्टर कमरा नम्बर 23) के लिये नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। उक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ-साथ कार्मिकों भी नियुक्ति की गई है। कार्मिक कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट और पुलिस कार्मिकों को भी दायित्व सौंपे गये हैं। उन्होंने बताया कि समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी और कार्मिक राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में उक्त निर्वाचन कार्य भली भांति सम्पन्न करवायेंगे।

मारपीट के मामले में दो दोषियों को कारावास

कोर्ट ने 10-10 हजार रुपये जुर्माने

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। वर्ष 2021 के मारपीट के मामले में फैसला सुनाते हुए दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत कठोर कारावास और आर्थिक दंड से दंडित किया है। मामले के अनुसार 5 अगस्त 2021 को परिवादी रजत ने सरकारी चिकित्सालय उपचाराधीन रहते हुए पर्चा बयान दिया। इसमें बताया कि रात करीब 9:30 बजे वह और उमेश जैन कॉलेज के पास स्थित अंडे की रेहड़ी पर अंडे खाने गए थे।

उसी दौरान उमेश पारीक पुत्र रामनारायण निवासी सीजीआर मॉल के पीछे और रोहिताश पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी गली नम्बर दो एसएसबी रोड 100 फीट रोड अपने 10-12 अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां आए। आते ही उन्होंने लाठी, डंडों, थप्पड़ों और मुक्कों से प्रार्थी के साथ बेरहमी से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई, जिससे प्रार्थी के दोनों पैरों के घुटनों के नीचे, दाहिने हाथ की कलाई और पसलियों में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान के बाद न्यायालय में चालान पेश किया था। कोर्ट ने प्रकरण का निस्तारण करते हुए दोनों को धारा 325 के तहत 1-1 वर्ष का कठोर कारावास, 10-10 हजार रुपये जुर्माने, धारा 323/34 में 6-6 माह का कारावास एवं 1-1 हजार रुपये जुर्माने और धारा 341 में 1-1 माह के कारावास से दंडित किया गया है। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

बाल संरक्षण ● बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को लेकर दिए निर्देश

समय रहते बेहतर प्रयास कर बाल विवाह को रोकना है : राजीव जाखड़



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में 'नारी चौपाल- सशक्त बालिका-सुरक्षित समाज' सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके तहत महिला अधिकारिता विभाग में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर वीसी के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी (सीएमपीओ) विकास अधिकारी, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सुपरवाइजर एवं अन्य स्टेकहोल्डर वीसी के माध्यम से जोड़कर प्रशिक्षण दिया।

बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव जाखड़ ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 की जानकारी देकर बताया कि समय रहते बाल विवाह को किस प्रकार रोकना है। इसके साथ ही उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल की भी जानकारी दी। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक ने बाल विवाह मुक्त भारत हो इसके लिए वीसी से जुड़े अधिकारियों को शपथ दिलवाई। चाइल्ड लाइन समन्वयक त्रिलोक वर्मा ने बताया कि इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विजय कुमार ने बाल विवाह रोकथाम को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए सी.एम.पी.ओ. निर्देशित किया और उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर-1098 पर आवश्यक रूप से इसे दर्ज करवाने के लिए कहा गया।

धर्म-कर्म ● वार्षिकोत्सव में मंगलवार को श्रद्धालुओं ने लगाई विशेष अर्जी

हनुमान चौक पर चांदी के श्रृंगार में विराजे बालाजी महाराज, 1990 से निरंतर हो रही पूजा-अर्चना

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर।

सूरतगढ़ रोड स्थित अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मंदिर के हनुमान चौक पर विराजमान बालाजी महाराज श्रद्धालुओं की विशेष आस्था का केंद्र बने हुए हैं। अजय कृष्ण ने बताया कि हनुमान चौक पर वर्ष 1990 में बालाजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। तभी से इस पावन स्थल पर निरंतर पूजा-अर्चना और सेवा की परंपरा जारी है। इस वर्ष भक्तजनों के आपसी सहयोग से बालाजी महाराज का चांदी से विशेष श्रृंगार किया गया है। श्रद्धालुओं की स्वतःस्फूर्त भावना से उन्हें चांदी का मुकुट, लंगोट, गदा, छत्र और माला अर्पित की गई है। चांदी के इस मनोहारी श्रृंगार के दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु हनुमान चौक पर नारियल अर्पित कर अपनी विशेष अर्जी लगाते हैं तथा परिक्रमा का संकल्प लेकर सच्चे मन से राम नाम का गुणगान करते हैं। दस दिवसीय अखंड सियाराम जय-जय सियाराम संकीर्तन के तीसरे दिन प्रथम मंगलवार को देर रात तक हनुमान चौक पर अर्जी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। दस दिवसीय राम नाम संकीर्तन के दौरान भंडारे में प्रतिदिन सुबह-शाम लगभग 10 क्विंटल आटा, 2 क्विंटल आलू, एक क्विंटल दाल, 50 किलो मटर या चने, 2 टीन देसी घी, डेढ़ क्विंटल चावल तथा कढ़ी तैयार करने के लिए करीब 6 क्विंटल छाछ का उपयोग किया जा रहा है। दोनों समय मिलाकर प्रतिदिन 10 हजार से अधिक श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।



दिव्यांशी का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए चयन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविका दिव्यांशी का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2026 के लिए हुआ है। यह शिविर 21 से 31 अक्टूबर तक द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित होगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका कटारिया ने बताया कि यहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दिव्यांशी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का अवसर मिलेगा। प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इकाई प्रभारी सारिका, ममता व संतोष परिहार सहित महाविद्यालय परिवार ने हर्ष जताया।

रिद्धि सिद्धि में हाईटेक रामलीला; कलाकारों के अभिनय ने मोहा मन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर की रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी प्रथम के प्लेटिनम पार्क में श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित हाईटेक रामलीला में सोमवार को दूसरे दिन सीता व राम जन्म के साथ श्रवण वध का मार्मिक प्रसंग मंचित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वेदवंती (कृति) और रावण (भूपेंद्र शर्मा) के संवाद से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि सुनील खन्ना, नीलकंठ मुंजाल व विजय झोरड रहे। मेघनाथ की भूमिका सूरज सोनी, कुंभकरण की सूरज सोनी, अक्षयकुमार की आशादीप, विभीषण की अर्श व अहिरावण की भूमिका विपिन सचदेवा ने निभाई। इसके बाद राजा दशरथ (सुधीर गोयल) के दरबार, खेत में हल चलाते जनक व सीता जन्मोत्सव के दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला में कौशल्या राधा, कैकेयी सुषमा बत्रा, सुमित्रा नीति बत्रा, गुरु वशिष्ठ संजय बजाज, अग्नि देव भव्य, किन्नर गोरी माई, धरती माता दिलनाज व श्रवण की भूमिका अंकित भगत ने अदा की। बीच-बीच में एनिमा डांस ग्रुप की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

जैसा परिवेश हमारे चारों ओर है, उसमें साहित्यकार का अतिवादी हो जाना असंभव नहीं। - विजय देव नारायण साही

संपादकीय

पानी पर राजनीति नहीं, जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि

महाराष्ट्र के नासिक जिले के अंबड क्षेत्र में भूजल में कैंसरकारी रसायनों की मौजूदगी सामने आने के बाद जिस तत्परता से प्रशासन ने कार्रवाई की, वह पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, औद्योगिक विकास निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बिना लाइसेंस संचालित रासायनिक इकाई को तत्काल सील कर दिया तथा कई अन्य उद्योगों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। स्पष्ट संदेश दिया गया कि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियमों का पालन नहीं करने वाले उद्योगों की बिजली और पानी की आपूर्ति तक काटने की चेतावनी प्रशासन की गंभीरता को दर्शाती है।

दुर्भाग्य यह है कि देश के दूसरे हिस्सों में प्रदूषण के ऐसे ही गंभीर मामलों पर अपेक्षित संवेदनशीलता दिखाई नहीं देती। विशेष रूप से राजस्थान के नहरी क्षेत्रों में लंबे समय से यह चिंता व्यक्त की जाती रही है कि पंजाब से आने वाला पानी औद्योगिक और रासायनिक प्रदूषण से प्रभावित है। सीमावर्ती जिलों में रहने वाले लोगों, किसान संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने समय-समय पर पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए हैं। इसके बावजूद समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित गति दिखाई नहीं देती।

पानी केवल सिंचाई का साधन नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन, स्वास्थ्य और भविष्य का आधार है। यदि किसी नदी या नहर में औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक तत्व मिलते हैं, तो उसका प्रभाव केवल जल की गुणवत्ता तक सीमित नहीं रहता। इससे कृषि, पशुधन, भूजल, पर्यावरण और सबसे बढ़कर मानव स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कैंसर, त्वचा रोग तथा अन्य गंभीर बीमारियों की आशंकाओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसलिए जल प्रदूषण को केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और मानवाधिकार का विषय भी माना जाना चाहिए।

राजस्थान और पंजाब के बीच जल बंटवारे तथा अन्य जल संबंधी मुद्दे समय-समय पर राजनीतिक बहस का विषय बनते रहे हैं। कभी आबियाना, कभी जल हिस्सेदारी और कभी नहर प्रबंधन को लेकर विवाद सामने आते हैं। लेकिन इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह होना चाहिए कि लोगों तक पहुंचने वाला पानी सुरक्षित है या नहीं। यदि जल की गुणवत्ता ही संदिग्ध हो जाए तो जल बंटवारे की पूरी बहस अपना महत्व खो देती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि दोनों राज्य सरकारें और केंद्र सरकार मिलकर इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सीमावर्ती नहरों और नदियों के पानी की नियमित वैज्ञानिक जांच हो, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा जल गुणवत्ता की निगरानी के लिए पारदर्शी व्यवस्था विकसित की जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रहने के बजाय सक्रिय निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी।

महाराष्ट्र की कार्रवाई यह बताती है कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति हो तो पर्यावरणीय अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। यही दृष्टिकोण उन क्षेत्रों में भी अपनाने की आवश्यकता है जहां प्रदूषित जल लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। पानी किसी राज्य, दल या सरकार की राजनीतिक संपत्ति नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। इसलिए जल की शुद्धता सुनिश्चित करना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। अब समय आ गया है कि जल प्रदूषण के मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठकर जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी।

चिन्ताजनक; 100 में से 47 बच्चे ही पहुंचते हैं 12 वीं कक्षा तक

हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा पढ़-लिखकर बेहतर भविष्य बनाए। लेकिन शिक्षा मंत्रालय की यूडीआईएसई 2024-25 रिपोर्ट एक चिंताजनक तस्वीर सामने रखती है। स्कूल में प्रवेश लेने वाले 100 बच्चों में से केवल 47.2 प्रतिशत ही 12वीं कक्षा तक अपनी पढ़ाई पूरी कर पाते हैं। यानी आधे से अधिक बच्चे बीच में ही शिक्षा से दूर हो जाते हैं। यह स्थिति केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं, बल्कि देश के भविष्य के लिए भी गंभीर चुनौती है।



सिर्फ दाखिला नहीं, पढ़ाई पूरी कराना जरूरी

नई शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य 2030 तक 100 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात हासिल करना है। इसके लिए छात्रवृत्ति, समग्र शिक्षा अभियान, डिजिटल शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं पर काम हो रहा है। फिर भी सबसे बड़ी चुनौती बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं, बल्कि उन्हें 12वीं तक बनाए रखना है। जब तक हर बच्चा अपनी स्कूली शिक्षा पूरी नहीं करेगा, तब तक शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य अधूरा रहेगा।

किस स्तर पर सबसे अधिक गिरावट?

रिपोर्ट के अनुसार प्राथमिक स्तर (कक्षा 1-5) में 98.9 प्रतिशत बच्चे स्कूल में बने रहते हैं। यह प्रतिशत प्रीपरेटरी स्तर पर 92.4, मिडिल स्तर पर 82.8 और माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर तक आते-आते घटकर केवल 47.2 प्रतिशत रह जाता है। इससे स्पष्ट है कि सबसे अधिक ड्रॉपआउट 9वीं से 12वीं के बीच होता है।

बेटियों की शिक्षा पर सामाजिक असर

ग्रामीण क्षेत्रों में 11वीं-12वीं के विद्यालय अक्सर दूर होने और सुरक्षित परिवहन के अभाव का असर सबसे अधिक छात्राओं पर पड़ता है। अलग शौचालयों की कमी, मासिक धर्म संबंधी सुविधाओं का अभाव, सुरक्षा की चिंता और कम उम्र में विवाह जैसी सामाजिक चुनौतियां भी बेटियों की पढ़ाई बीच में रुकने का कारण बनती हैं।

आर्थिक मजबूरी बड़ी वजह

देश के अनेक परिवारों में किशोरावस्था तक पहुंचते-पहुंचते बच्चों के सामने पढ़ाई और कमाई में से एक विकल्प चुनने की नौबत आ जाती है। कई लड़के मजदूरी, खेती या छोटे-मोटे काम में लग जाते हैं, जबकि लड़कियां घरेलू जिम्मेदारियां संभालने लगती हैं। 10वीं के बाद बढ़ता शैक्षणिक खर्च भी अनेक परिवारों के लिए कठिन साबित होता है।

सीखने की गुणवत्ता चुनौती

एएसईआर सहित विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि अनेक विद्यार्थी अपनी कक्षा के अनुरूप पढ़ने और गणित की बुनियादी क्षमता विकसित नहीं कर पाते। उच्च कक्षाओं की कठिन पढ़ाई उनके लिए चुनौती बन जाती है और कई विद्यार्थी पढ़ाई छोड़ देते हैं।

भगवान श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए आदर्श : चेयरमैन मंगल सिंह



सीमा सन्देश#खाजूवाला।

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर रामलीला मंचन का विधिवत शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ किया गया। प्रथम दिवस आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला। नगरपालिका चेयरमैन मंगल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रय विक्रय सहकारी समिति चेयरमैन अमित ज्याणी ने की। वृंदावन से आए कलाकारों ने धार्मिक प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगरपालिका चेयरमैन मंगल सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए आदर्श है। उनके चरित्र, त्याग, मयार्दा, कर्तव्यनिष्ठा और सत्य के मार्ग से प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला के प्रथम दिन वृंदावन के कलाकारों ने ह्यदक्ष वधह्व तथा भगवान विष्णु द्वारा नारद मोह भंग के प्रसंग का सुंदर एवं भावपूर्ण मंचन किया। कलाकारों ने अपने अभिनय, संवाद और प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से पौराणिक कथाओं को जीवंत कर दिया। विशेष रूप से नारद मोह के प्रसंग में भगवान विष्णु की लीला और नारद मुनि के मोह भंग की प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीरामलीला कमेटी की ओर से नगरपालिका चेयरमैन मंगल सिंह, क्रय विक्रय सहकारी समिति चेयरमैन अमित ज्याणी, प्यारेलाल, विनोद डारा, पवन गुरावा और उमाशंकर पंचारिया सहित अन्य सहयोगियों का सम्मान किया गया। कमेटी की ओर से अतिथियों एवं सहयोग कताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

महिला कृषकों का दल प्रशिक्षण हेतु जोधपुर रवाना

श्रीगंगानगर। कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत जिले की विभिन्न पंचायत समितियों से 30 महिला कृषकों का नवीनतम तकनीकियों के प्रशिक्षण हेतु दल 5 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण हेतु मंगलवार को किसान कौशल विकास केन्द्र, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के लिए प्रस्थान किया गया। उपरोक्त कृषक प्रशिक्षण दल को डॉ. सतीश कुमार शर्मा, सयुंक्त निदेशक कृषि (विस्तार), केशव कालीराना, उप निदेशक कृषि एंव पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा), सुशील शर्मा, सहायक निदेशक कृषि (विस्तार), सुदेश कुमार, उप परियोजना निदेशक (आत्मा), विजय सियाग, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, श्रीगंगानगर ने हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण हेतु बस को रवाना किया। केशव कालीराना ने बताया कि समस्त महिला कृषक किसान कौशल विकास केन्द्र, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में एकीकृत कृषि प्रणाली तकनीक के लिए उन्नत हाइटेक बागवानी विषय पर हाईटैक आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

सरस्वती कॉलेज ने इंटर कॉलेज क्रिकेट का खिताब जीता



सीमा सन्देश # बींझबायला।

इंटर कॉलेज क्रिकेट में सरस्वती कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बींझबायला की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आत्म वल्लभ जैन कॉलेज, श्रीगंगानगर को हराकर लगातार दूसरी बार विजेता का खिताब अपने नाम किया। इसी प्रकार सरस्वती ग्रामोत्थान विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय बींझबायला की 19 वर्षीय कबड्डी छात्राओं की टीम ने भी गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्रीगंगानगर को हराकर लगातार दूसरी बार जिलास्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। दोनों टीमों के विजयी होकर संस्था परिसर में पहुंचने पर संस्था परिवार द्वारा रंग-गुलाल, डीजे और मिठाइयों के साथ भव्य स्वागत किया गया। विजय रैली निकाली गई। संस्था निदेशक अनिल खालिया, सहनिदेशक लेफ्टिनेंट डॉ. अन्नपूर्णा न्योल खालिया ने भी विजेता खिलाड़ियों को सराहा।

एसजीएन खालसा कॉलेज में इंटरकॉलेज हॉकी प्रति. शुरू

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



स्थानीय एस.जी.एन. खालसा कॉलेज में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के तत्वावधान में सत्र 2026-27 की अंतर महाविद्यालय हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में अम्बिका कॉलेज पल्लू ने एस.एन.डी.बी. कॉलेज नोहर को 6-0 से हराया। दूसरे मुकाबले में वैदिक कॉलेज, रावतसर ने राजकीय डूंगर कॉलेज, बीकानेर को 9-0 से मात दी, जबकि तीसरे मुकाबले में फ्रैंकलिन कॉलेज, थालड़का (हनुमानगढ़) ने राजकीय महाविद्यालय, खाजूवाला को 13-0 से हराया। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या अनुप्रिया जैन, सचिव सरदार अवतार सिंह सिद्धू, पूर्व अध्यक्ष सरदार दलबारा सिंह और प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार गुरबचन सिंह कंग उपस्थित रहे। इस मौके पर सरदार अवतार सिंह सिद्धू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और मेहनत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संदेश दिया।

सरदार दिलबारा सिंह ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरदार गुरबचन सिंह कंग ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी व महाविद्यालय में खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन पर बल दिया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव गुरजीत सिंह तथा पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार, फैकल्टी ऑफ फिजिकल एजुकेशन, टांटिया यूनिवर्सिटी, श्रीगंगानगर हैं।14 अक्टूबर को प्रातः प्रतियोगिता के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे और दोपहर बाद फाइनल मैच का आयोजन होगा।

अमित कंडारा बने वाल्मीकि समाज अध्यक्ष



सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

वाल्मीकि समाज को एकजुट कर शिक्षा को बढ़ावा देने व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के संकल्प के साथ अमित कंडारा को समाज का अध्यक्ष चुना गया है। वाल्मीकि मंदिर प्रांगण में हुई बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष अमित कंडारा ने कहा कि शिक्षा के प्रसार के साथ मृत्यु भोज, दहेज व पर्दा प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी वर्गों को साथ लेकर सामाजिक एकता व उत्थान को अपनी प्राथमिकता बताया। कार्यक्रम में राजस्थान वाल्मीकि महासभा प्रदेशाध्यक्ष अमित कल्याणा, पूर्व अध्यक्ष रमेश अठवाल, धर्मेश सारसर, रेखा घुसर, किरण बाला, सोनू देवी, माया देवी, मुकेश, अजय, शंकर, दीपक, राकेश राजीव, रमेश कंडारा, संजय, अनिकेत, गौतम, मगतु, पवन, राकेश भाटिया, रवि, अंश, शिवा, कुलदीप, रोशनी, रजनी, नीतू, रूबी, राजेश व कर्ण कंडारा उपस्थित रहे।

छात्राओं को मतदान के प्रति किया जागरूक



सीमा सन्देश # नेतेवाला।

स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विकसित भारत अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गई। प्रभारी पूनम अग्रवाल एवं सहप्रभारी नीलिमा चुघ के मार्गदर्शन में रोशनी व मुकेश के सहयोग से निकाली गई यात्रा में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं ईएलसी के तहत प्रभारी सरिता एवं नीलिमा के सहयोग से 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले विद्यार्थियों के मतदाता पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया संबंधी कार्य भी किया गया। प्रधानाचार्य सुमन कटारिया एवं समाजसेवी सोहन खान भाटी ने कहा कि शिक्षा के साथ ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सामाजिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं।

खेलो राजस्थान गेम्स में हॉकी को शामिल करने की मांग



श्रीगंगानगर। हॉकी श्रीगंगानगर के अध्यक्ष अवतार सिंह सिद्धू के नेतृत्व में आगामी खेलो राजस्थान गेम्स में राष्ट्रीय खेल हॉकी को शामिल करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि इस खेल को शामिल करने से प्रदेश के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के बेहतरीन अवसर मिल सकेंगे। इस अवसर पर हॉकी श्रीगंगानगर के सचिव जितेंद्र कुमार ने जिला कलेक्टर को आश्वस्त किया कि यदि खेलो राजस्थान गेम्स में हॉकी को जोड़ा जाता है, तो ग्रामीण स्तर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान हॉकी श्रीगंगानगर एवं हॉकी राजस्थान की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। सफल आयोजन के लिए निर्णायकों और अंपायरों की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं आपसी समन्वय से उपलब्ध कराई जाएंगी।

रक्षा संपदा कार्यालय का शिलान्यास



सीमा सन्देश # बीकानेर।

शहर में विजय बैटरी लाइंस स्थित रक्षा भूमि पर 12 अक्टूबर को रक्षा संपदा कार्यालय-सह-आवासीय भवन का शिलान्यास किया गया। इस भवन का शिलान्यास रक्षा संपदा की महानिदेशक शोभा गुप्ता ने दक्षिण-पश्चिमी कमान के प्रधान निदेशक संजीव कुमार तथा रक्षा संपदा अधिकारी उपेन्द्र कुमार की उपस्थिति में किया। इस मौके पर ब्रिगेडियर निखिल देशपांडे, स्टेशन कमांडर, बीकानेर मिलिट्री स्टेशन, होशियार सिंह मीना, संयुक्त निदेशक, रक्षा संपदा, दक्षिण-पश्चिमी कमान जयपुर, मुकेश खुराना, उपनिदेशक, रक्षा संपदा, दक्षिण-पश्चिमी कमान जयपुर, ज्योति कुमार, रक्षा संपदा अधिकारी भटिंडा वृत्त, मनीषा जाट, रक्षा संपदा अधिकारी जयपुर वृत्त, आकाश गर्ग, मुख्य अधिशासी अधिकारी मथुरा छावनी, बीकानेर सिविल एयरपोर्ट के निदेशक राजेन्द्र सिंह बघेला, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग से अनुराग शर्मा, एक्सईएन, बीकानेर, कस्ट्रक्शन फर्म से लियाकत अली व अन्य विभागों से वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह राजस्थान में जोधपुर और जयपुर के पश्चात तीसरा महत्वपूर्ण कार्यालय-सह-आवासीय भवन है। इस नए निर्माण से रक्षा भूमि से जुड़े कार्यों के संचालन में सुधार होगा तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सकेंगी, जिससे कार्यालय की कार्यक्षमता और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा।

नवरात्रि : बाहरी उत्सव नहीं, आत्म-साधना का अवसर



MAAsterG की क्लास

किश्त सं. 38

माँ वैष्णो को जगत जननी और पूरे जगत को जन्म देने वाली कहा गया है। वे शक्ति का स्वरूप हैं। आज नवरात्रे चल रहे हैं! नवरात्रि यानी नौ रातें। हमें मालूम ही है कि जब नवरात्रि का नाम आता है, तो माँ का नाम आता है। माँ के अनेक रूप माने गए हैं, माँ वैष्णो, माँ शैलपुत्री, माँ ब्रह्मचारिणी, माँ कात्यायनी, माँ काली आदि। माँ ने नौ दिनों में नौ रूप बदल डाले। कोई भी उत्सव जो धर्म से संबंधित है, वह जीवन से संबंधित होता है, शरीर से नहीं। शरीर तो मरणशील काया है, पर जीवन जो अंदर बह रहा है, जिसे आत्मा कहते हैं, वो तुम हो।

नवरात्रि में माँ ने अलग-अलग रूप क्यों लिए? कहते हैं ना महिषासुर वो राक्षस था जिसने ब्रह्मा जी से वरदान माँग लिया था कि न मुझे कोई देवता मार सके, न कोई दानव मार सके, न कोई इंसान मार सके। वो यह भूल गया कि उसने स्त्री को इसमें शामिल नहीं किया कि स्त्री भी न मार सके। उसने वरदान ले लिया और महिषासुर ने सारे लोकों को जीतने के लिए परलोक और स्वर्ग लोक पर कब्जा कर लिया। जब सब देवता हार गए, तो आखिरी में वे ब्रह्मा, विष्णु और महेश के पास पहुँचे पूछने के लिए कि क्या करें? फिर ब्रह्मा, विष्णु और महेश बैठे। कहते हैं उन तीनों से शक्ति निकली और तीनों की शक्तियाँ मिलकर माँ दुर्गा प्रकट हुईं। फिर माँ दुर्गा से सबने प्रार्थना की। सब देवताओं ने अपने हथियार दिए। महिषासुर का क्या मतलब है? भैंसे जैसा शरीर, जिसने वरदान माँगा कि त्रिलोक में मुझे न देवता मार सकें, न दानव, न कोई पुरुष। जब सबने माँ से प्रार्थना की, तो माँ प्रकट हुईं। नौ दिन तक महिषासुर से युद्ध चला और हर दिन माँ का रूप बदलता चला गया।

पहले दिन माँ शैलपुत्री का रूप दिखाया, शैल यानी हिमालय की बेटी। उन्होंने संसार को संदेश दिया कि अंदर से पहाड़ जैसे जटिल रहो, चाहे संसार में कुछ भी हो रहा हो। फिर ब्रह्मचारिणी, यानी ब्रह्म जैसा तुम्हारे अंदर आचरण आ जाए। फिर सजा देने के लिए माँ कात्यायनी और माँ काली आईं। जब ये सारे रूप आते चले गए, तब इन्हें नवरात्रे कहा गया। दसवें दिन महिषासुर को मार डाला और विजय पा ली। महिषासुर यानी ह्यमैंह्ल-अहंकार। अहंकार की मृत्यु हुई। महिषासुर में कामवासना, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे सब विकार थे। माँ ने किसे मारा? इसी का ज्ञान तुम्हें लेना है। बाहर की पूजा, पाठ, ज्योत और खेत्री, ये सिर्फ बाहर का धर्म हैं प्यारे!

पर ये नौ रातें इसलिए कही गई हैं, क्योंकि नौ रातों के बाद नई रात भी आएगी, ताकि तुम्हारा अहंकार चकनाचूर हो जाए। इन नौ रात्रियों में तुम्हें साधना करनी है। किस बात की? कि माँ ने महिषासुर को क्यों मारा? अहंकार, कामवासना, क्रोध, लोभ, मोह और न जाने कितने जो उसके नीचे थे, रक्तबीज, शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड,सबको मार डाला। ये सब क्या थे? विकारी। तो तुम्हें इन नौ दिनों में अपने विकारों को स्वाहा करना है। बाहर से नहीं, अंदर से! तो आज जागो! माता का जागरण नहीं, तुम्हारा जागरण होना चाहिए।

जन्मों से तुम मर-मर कर यहाँ आ रहे हो। जिंदा माँ तुम्हारा इंतजार कर रही हैं। इसलिए आज इन नवरात्रों में ये मौका है। ना कि सिर्फ तुम कहो कि मैं डांडिया खेलूँगा, पार्टी करूँगा और मौज करूँगा। ध्यान रखो, माँ कोई पिकनिक के लिए नहीं हैं, माँ साधना के लिए हैं। इसलिए मेरे प्यारों, आज समय है कि जगत जननी को अंदर लाओ, अंदर की ज्योत से एक हो जाओ और जीवन को जानो कि तुम ये चेतना हो। अपना जागरण करो और इस मृत्यु लोक से अमरलोक पहुँचकर अपने जन्म को सफल करो।

MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' और 'GOD HOME JOURNEY' पर निशुल्क उपलब्ध है।

आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की मौजूदगी ने बढ़ाई रौनक

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में रंगताली 3.0 का भव्य आयोजन

सीमा सन्देश # जयपुर।

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू), जगतपुरा के क्रिकेट ग्राउंड में दो-दिवसीय 'वीजीयू रंगताली 3.0' डांडिया एवं गरबा रास महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। 12 और 13 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों विद्यार्थियों और अतिथियों ने पारंपरिक राजस्थानी व गुजराती परिधानों में शिरकत की। महोत्सव के दूसरे दिन बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और अभिनेत्री सारा अली खान की विशेष उपस्थिति ने चार चांद लगा दिए। सितारों ने मंच पर विद्यार्थियों के साथ गरबा की ताल मिलाई। अभिनेता आयुष्मान खुराना ने युवाओं की ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि नवरात्रि उत्सव हमारी साझी सांस्कृतिक



विरासत का प्रतीक है। वहीं, अभिनेत्री सारा अली खान ने जयपुर से अपने लगाव को साझा करते हुए विद्यार्थियों के अनुशासन और उमंग को प्रेरणादायी बताया। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओंकार बागड़िया ने कहा कि वीजीयू अकादमिक शिक्षा के साथ परंपराओं का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है। कुलसचिव डॉ. प्रवीण चौधरी और प्रो-प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) बलदेव सिंह ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में लाइव ऑर्केस्ट्रा और ढोल-नगाड़ों की थाप पर छात्र-छात्राओं ने देर शाम तक नृत्य किया। द सांवरिया ब्रांड सहित विभिन्न हस्तनिर्मित उत्पादों और पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल्स आकर्षण का केंद्र रहे। समारोह के समापन अवसर पर उत्कृष्ट डांडिया नृत्य, सर्वश्रेष्ठ पारंपरिक वेशभूषा (बेस्ट ट्रेडिशनल अटायर) तथा ऊजार्वान प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष पुरस्कारों व स्मृति चिह्नों से सम्मानित किया गया। इस भव्य दो-दिवसीय सांस्कृतिक महाकुंभ में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी तथा हजारों की संख्या में विद्यार्थी एवं दर्शक उपस्थित रहे।

सिंचाई पानी का मुद्दा बनेगा पंचायत चुनाव में अहम, किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर उठेंगे सवाल

खाजूवाला पंचायत समिति के 15 वार्डों से 81 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन, भाजपा-कांग्रेस ने प्रत्याशी घोषित किये

सीमा सन्देश# खाजूवाला

पंचायत समिति खाजूवाला के 15 वार्डों में होने वाले पंचायत समिति सदस्य चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन मंगलवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय में उम्मीदवारों और उनके समर्थकों की आवाजाही बनी रही। भाजपा और कांग्रेस की ओर से सभी 15 वार्डों के प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी माहौल बनने लगा है। वहीं इस बार पंचायत समिति चुनाव में सिंचाई पानी की समस्या प्रमुख मुद्दों में शामिल रहने की संभावना है। उपखंड अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी प्रभजोत सिंह गिल ने बताया कि मंगलवार को पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 55 उम्मीदवारों ने 57 नामांकन पत्र जमा करवाए। वहीं 13 अक्टूबर तक कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 14 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 15 अक्टूबर को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। नाम वापसी के बाद ही चुनाव मैदान में शेष रहने वाले प्रत्याशियों की अंतिम तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।



सिंचाई पानी का मुद्दा चुनाव में रहेगा प्रमुखः खाजूवाला क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में इंदिरा गांधी नहर परियोजना से मिलने वाला सिंचाई पानी इस चुनाव में महत्वपूर्ण मुद्दा बन सकता है। क्षेत्र के किसान लंबे समय से नहरों में पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने, निर्धारित बारी के अनुसार पानी देने और नहरी व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे हैं। सिंचाई पानी को लेकर किसानों का आंदोलन भी चर्चा में रहा है। हाल ही में इस मुद्दे पर राज्य सरकार के स्तर पर उच्चस्तरीय चर्चा भी हुई थी। किसानों के लिए फसलों की बुवाई से लेकर पकाव तक समय पर सिंचाई पानी मिलना बेहद जरूरी है। ऐसे में ग्रामीण मतदाताओं के बीच नहरी पानी की उपलब्धता, किसानों की समस्याओं के समाधान, खालों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त नहरी ढांचे में सुधार और अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने जैसे विषय चुनावी चर्चा का हिस्सा बन सकते हैं। इसके अलावा ग्रामीण सड़कों की बदहाल स्थिति, पेयजल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं और गांवों में विकास कार्यों से जुड़े सवाल भी उम्मीदवारों के सामने रहेंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टी ने सभी वार्डों में अपने-अपने उम्मीदवार चुनावी रण में उतारे हैं।

पानी की मांग को लेकर चुनाव बहिष्कार



सीमा सन्देश# खाजूवाला। सिंचाई पानी की मांग पूरी नहीं होने से नाराज ग्राम पंचायत 14 बीडी के ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक पानी की समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं लिया जाएगा। साथ ही, ग्रामीणों ने प्रशासन और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को गांव में प्रवेश नहीं देने का निर्णय भी लिया। निर्मल जाखड़ ने बताया कि बैठक के दौरान सभी उपस्थित उम्मीदवारों ने ग्रामीणों के समक्ष स्टांप पेपर पर लिखित आश्वासन दिया कि पानी की मांग को लेकर लिए गए निर्णय के तहत वे गांव में वोट मांगने नहीं जाएंगे। ग्रामीणों ने कहा कि उनके लिए सिंचाई पानी का मुद्दा सर्वोपरि है। जब तक पानी की मांग का समाधान नहीं होता, तब तक चुनाव बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया है। बैठक में ग्रामीणों ने पानी के मुद्दे पर एकजुट रहकर संघर्ष करने की बात कही। बैठक में राजाराम कस्वां, रामकुमार थापन, कुलदीप धारणियां, मोतीराम मेघवाल, वकील वर्मा, प्रकाश गोदारा, विनोद डारा, महावीर सारड़ीवाल उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता का संदेश दिया



सीमा सन्देश# पूगल

महिला एवं बाल विकास विभाग, पूगल द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूगल विकास अधिकारी विनेश कुमार ने बताया कि सुपरवाइजर शिवबाला चौधरी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा चारण, कंचन, सुखजीत, माया, सावित्री, जम्मू सहित सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

महिलाओं ने हाथों पर मतदान की शपथ वाली मेहंदी लगाई और आकर्षक रंगोली बनाई। रंगोली के मध्य में नीले रंग से मतदान का निशान बनाया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर शिवबाला चौधरी ने सभी महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने, दूसरों को भी प्रेरित करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ दिलाई।

श्रीराम जन्म पर खुशी से झूम उठे दर्शक



सीमा सन्देश# खाजूवाला

श्री रामलीला कमेटी खाजूवाला द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन कलाकारों ने अपनी शानदार अभिनय कला के माध्यम से मनु-शतरूपा, रावण की कठोर तपस्या, राजा दशरथ द्वारा संतान प्राप्ति के लिए किए गए यज्ञ तथा प्रभु श्रीराम के जन्म की लीलाओं का बेहद सुंदर एवं भावपूर्ण मंचन किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से जोड़ दिया और पूरा रामलीला परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। श्रीराम जन्म की लीला देखकर दर्शक खुशी से झूम उठे और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं उल्लास देखने को मिला। इस दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। वृंदावन से आए कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय, संवाद अदायगी और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से रामायण के प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रीरामलीला कमेटी की ओर से हनुमान गोदारा, चिमन मिढ़ा, सुभाष चमड़िया, सुभाष बजाज एवं सिंगारा सिंह को सम्मानित किया गया।मंच संचालन कृष्ण कारगवाल ने किया।

मोदी व दक्षिण कोरिया की यूनिवर्सिटी के बीच सहयोग को मिला नया आयाम

सीमा सन्देश# लक्ष्मणगढ़। मोदी यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, लक्ष्मणगढ़ और दक्षिण कोरिया की चांगवोन नेशनल यूनिवर्सिटी के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को मंगलवार को नया आयाम मिला। चांगवोन नेशनल यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर एडवांस्ड मटेरियल्स रिसर्च के प्रोफेसर जंग-इल सॉन्ग ने अंतरराष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान दिया। इसमें उन्नत टिकाऊ फाइबर कंपोजिट, पर्यावरण अनुकूल सामग्री और आधुनिक सामग्री अनुसंधान में नवाचार की संभावनाओं पर चर्चा की गई। मोदी यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. आशुतोष भारद्वाज ने कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए अनुसंधानों को प्रोत्साहित करना और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी को मजबूत करना जरूरी है। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को वैश्विक स्तर पर विकसित हो रही तकनीकों और शोध के नए अवसरों से



जुड़ने का अवसर मिलेगा। चांगवोन नेशनल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और डीएनए + रिसर्च सेंटर के निदेशक प्रो. जंग-इल सॉन्ग ने व्याख्यान के माध्यम से उन्होंने उन्नत सामग्री प्रौद्योगिकी, टिकाऊ फाइबर कंपोजिट तथा पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों के क्षेत्र में अनुसंधान की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि मोदी यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और दक्षिण कोरिया की चांगवोन नेशनल यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर एडवांस्ड मटेरियल्स रिसर्च के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

स्वीप कार्यक्रम के तहत किया जागरूक

सीमा सन्देश# खाजूवाला। पंचायत राज आम चुनाव 2026 के मद्देनजर मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम का आयोजन पंचायत समिति खाजूवाला में किया गया। ग्राम पंचायत स्तर तथा पंचायत समिति मुख्यालय पर हुए आयोजन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए इस अवसर पर विशेष रूप से ह्यमतदान की रंगोलीह्न, ह्यमेहंदी प्रतियोगिताह्न और ह्यनारी शक्ति संवादह्न जैसी रचनात्मक गतिविधियां हुई। पंचायत समिति स्तर के स्वीप प्रभारी गोपाराम मेघवाल विकास अधिकारी ने उपस्थित मतदाताओं को लोकतंत्र में एक वोट की अहमियत समझाई और आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत निर्वाचन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस मतदाता जागरूकता अभियान में सहायक विकास अधिकारी उदयकरण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सुमन ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया।

सीता स्वयंवर, परशुराम संवाद ने दर्शकों को किया प्रभावित

सीमा सन्देश#पदमपुर

नगर पालिका प्रांगण में श्रीरामा नाटक क्लब द्वारा बीती रात आयोजित रामलीला में सीता स्वयंवर, शिव धनुष भंग, लक्ष्मण परशुराम संवाद और श्रीराम माता सीता विवाह कर भावपूर्ण मंचन किया गया। जनक दरबार में अनेक राजाओं के असफल रहने के बाद भगवान श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र की आजा से शिव धनुष उठाकर भंग किया। धनुष टूटते ही सेकंड़ो दर्शकों ने श्रद्धा भाव से जय श्रीराम के जयकारे लगाकर फूलों की वर्षा से श्री राम व सीता का स्वागत किया। इसके बाद भगवान शिव का धनुष टूटने की सूचना पर परशुराम के जनक दरबार पहुंचने और लक्ष्मण के साथ हुए तीखे संवादों ने दर्शकों को किया प्रभावित परशुराम की भूमिका में ललित ह्ववानी ,लक्ष्मण की भूमिका में काका मदान की ओजस्वी संवाद अदायगी और दमदार अभिनय पर



दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया , स्वयंवर के बाद श्रीराम माता सीता विवाह का प्रसंग प्रस्तुत में किया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी की गई और दर्शकों मिठाई वितरित की गई। रामलीला में जनक दरबार में संजय गेरा (राजा जाना) सौरभ काला (विश्वामित्र), चिरंजीवी गुप्ता (श्रीराम) तुषार खुराना (सीता) कार्तिक बलाना (रावण) हरजीत बाबा (भरत) हरीश हरवानी (शत्रुधन), कान्हा हरवानी (डाकिया) विनोद गौड, रोहित जोशी, रोनक शर्मा , गर्वित , डॉ मनीष कामरा , विक्की मदान आदि कलाकार अपने अभिनय के माध्यम से रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर रहे है। रामलीला में पानी बचाओ., बिजली बचाओ, मोबाइल से दूरी बनाओ का संदेश प्रतिदिन प्रसारित किया जा रहा है।

पार्षद सन्नी ने पालिकाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। शहर के वार्ड नंबर 23 के पार्षद सनी धायल ने मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिला छाबड़ा को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न विकास कार्य करवाने की मांग की। पार्षद ने भारत गैस एजेंसी से बीकानेर रोड तक सीसी सड़क बनवाने, 27ए रोड चौक पर महाराजा परशुराम जी की प्रतिमा स्थापित करने और बीकानेर स्वीट्स से 27ए चौक तक पार्किंग व्यवस्था के साथ पौधारोपण करने की मांग की। इसके अलावा, नगर पालिका की खाली भूमि की सफाई करवाकर वहां बने जर्जर सरकारी क्वार्टरों को ध्वस्त करने की मांग उठाई गई, जिनमें असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और नशाखोरी रहती है। साथ ही, वार्ड के मुख्य चौराहे और बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए पक्की बेंच लगवाने की मांग भी की गई।

जिला-श्रीगंगानगर

सादुलशहर में मैराथन 18 को, कलेक्टर-एसपी को दिया निमंत्रण पत्र



सीमा सन्देश # सादुलशहर

क्षेत्र को नशा मुक्त एवं फिटनेस के उद्देश्य को लेकर पुलिस एवं जिला प्रशासन के सहयोग से 18 अक्टूबर रविवार को सुबह छह बजे दौडेगा सादुलशहर हम बनेंगे सारथी अंतर्गत मैराथन दौड का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा, व्यापार मंडल के प्रवक्ता प्रवेश गोयल, सेवानिवृत एसएचओ पीडी शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि मैराथन दौड भगत सिंह चौक से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई अंबेडकर चौक पहुंचेगी। यहां मैराथन दौड का समापन होगा। इसे कामयाब करने के लिए मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक हरिशंकर यादव सहित विभिन्न अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया है।

युवा वर्ग से भी आह्वान किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मैराथन दौड में पहुंचे और सादुलशहर को नशा मुक्त करने के लिए शुरू की गई जनजागृति मुहिम कामयाब हो सके।

प्रबल कार्यक्रम में मिर्जेवाला स्कूल की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



सीमा सन्देश # मिर्जेवाला

जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मटका चौक श्रीगंगानगर में किया गया। विद्यालय की कार्मिक मंजू कटारिया ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता में पीएम श्री बालिका विद्यालय की मिर्जेवाला ने विकसित भारत विषय पर विचार रखते हुए जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में इसी विद्यालय की छात्रा खुशप्रीत कौर ने द्वितीय स्थान तथा दलजीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रधान कुमार लव पुंज ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम में विद्यालय की 4 बालिकाओं अंजली, लतीशा, खुशदीप कौर तथा दलजीत कौर ने भाग लिया जिनमें से 3 बालिकाओं ने पदक जीतकर श्रेष्ठता का परिचय दिया है।

मारपीट केस में 4 जने गिरफ्तार

चूनावढ़। पुलिस थाना चूनावढ़ क्षेत्र के गांव 4 एलएल ढींगावाली राठान में खेत में हुए विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मामले में राजकरण उर्फ राजा और उसका दोस्त चंद्रशेखर घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले में गुरविंदर सिंह निवासी 23 एसजेएम समेजा कोठी, गुरभेज सिंह निवासी सलेमपुर 4 एसपीएम, अमनदीप सिंह एक केके घमूड़वाली, जसवंत सिंह 28 4 केएसएम बाडा अनूपगढ़ को गिरफ्तार किया है।

जिला-चूरू

नगरपालिका विवाद में सहमति के प्रयास

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। नगरपालिका में चेयरमैन, उपाध्यक्ष, पार्षदों और अधिशासी अधिकारी लाजपत बिश्नोई के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए मंगलवार को आपसी संवाद की पहल की गई। डॉ. भूपेंद्र प्रकाश, प्रदीप बोथरा, गौरव सोनी और सुरेश काठपाल ने कांग्रेस पार्षदों तथा ईओ लाजपत बिश्नोई के बीच बातचीत करवाते हुए आपसी सामंजस्य बनाए रखने और विवाद को आगे नहीं बढ़ाने की बात कही। इस पर दोनों पक्षों की ओर से सहमति जताए जाने की जानकारी सामने आई है, हालांकि, विवाद के निपटारे और मुकदमे को लेकर अभी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। नगरपालिका प्रकरण में ईओ लाजपत बिश्नोई की ओर से पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधियों के खिलाफ दर्ज करवाए गए मुकदमे को वापस लेने अथवा उस पर आगे की कार्रवाई के संबंध में दोनों पक्षों के बीच कोई एकराय बनने की पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि ईओ के कक्ष का ताला तोड़कर तलाशी लेने के प्रकरण के बाद नगरपालिका में विवाद गहरा गया था। इस मामले में ईओ की ओर से पालिका मंडल के कई सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

अग्रसेन भवन में डांडिया व घूमर की धूम-सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलों से सजा अग्रसेन जयंती सप्ताह

सीमा सन्देश # सरदारशहर

शहर के श्री अग्रसेन भवन में अग्रसेन जयंती सप्ताह के तहत डांडिया नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्रवाल समाज की महिलाओं और युवतियों ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजी डांडिया, घूमर और पारंपरिक गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष पंकज गर्ग, उपाध्यक्ष नवनीत जैसनसरिया, मंत्री विश्वनाथ रातूसरिया, संयोजक देवकी नंदन ढाढरिया, सौरभ जैसनसरिया व महिला-कन्या मंडल ने दीप प्रज्वलित कर किया। एंकर आरजे उमंग के संचालन में विभिन्न



खेल प्रतियोगिताएं हुईं। मीनाक्षी शिमलिया ने मंच संचालन किया। प्रतियोगियों को उपहार बांटे गए। इसे सफल बनाने में मंजू जैसनसरिया, शालिनी मित्तल और श्रेया लडिया सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इससे समाज की महिलाओं और युवतियों को अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर मिला।

नगर परिषद सभापति अनीता राकेश टाक का नागरिक अभिनंदन



सरदारशहर। सोमवार शाम विवेकानंद स्कूल के पास टाक परिवार की ओर से समारोह आयोजित कर नगर परिषद सभापति अनीता राकेश टाक का नागरिक अभिनंदन किया गया। सभापति अनीता टाक को लड्डुओं से तोला तथा पांच लाख रुपए की मालाओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पराक्रम सिंह राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सारण, सरदारशहर के पूर्व विधायक अशोक पींचा, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, राजलदेसर नगरपालिका अध्यक्ष गोपाल मारू, चूरू के उपसभापति ओम इंदौरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुषमा पींचा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुरलीधर सैनी तथा पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही और सभापति के अभिनंदन को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कृषि योजना के एक वर्ष पर विशेष कार्यक्रम



सीमा सन्देश # सरदारशहर। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर नई दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चूरू के प्रगतिशील किसान कुलदीप शर्मा ने सहभागिता की। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, रामनाथ ठाकुर तथा आईसीएआर महानिदेशक डॉ. एमएल जाट मौजूद रहे। चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, नोडल अधिकारी राजकुमार कुलहरी और केवीके वैज्ञानिक बलवीर सिंह भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका लक्ष्य पिछड़े जिलों में कृषि संभावनाओं को मजबूत करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देना है। इस दौरान आधुनिक तकनीकों और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कुलदीप शर्मा की सहभागिता ने जिले के कृषि क्षेत्र का शानदार प्रतिनिधित्व किया।

कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं का प्रदर्शन



सीमा संदेश # चुरू। राजकीय लोहिया महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को करीब तीन घंटे तक धरना दिया। विद्यार्थियों ने पेयजल, साफ-सफाई, बदहाल छात्रावास और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई। छात्रों ने नोडल महाविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर नाराजगी जताई तथा छात्रावास में कथित अनियमित गतिविधियों और खराब पड़ी मुख्य घड़ी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। धरने के बाद महाविद्यालय प्रशासन ने सात दिन का समय मांगते हुए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी है कि छात्रों को पढ़ाई के दौरान परेशानियों का सामना न करना पड़े।

बायांजी माता मंदिर के तीन दिवसीय मेले का समापन

सीमा सन्देश # सरदारशहर



क्षेत्र की बायलां ग्राम पंचायत स्थित कालबेलिया समाज की आराध्य देवी बायाजी माता मंदिर में तीन दिवसीय मेला सोमवार शाम को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने दर्शन कर परिवार की खुशहाली की कामना की। बाबा रामदेव पैदल यात्री संघ द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। संघ अध्यक्ष शंभूदयाल पांडिया, शोभाकांत स्वामी और महावीर माली ने भंडारे का शुभारंभ किया। इस दौरान रामप्रसाद सुधार, कनक नाई, मुकेश कुमार, अनिल शर्मा, भगवती सोनी, किशन सुधार, ओमप्रकाश तिवाड़ी, अभिषेक पारीक, संदीप भोजक, मुखराम नारोलिया, अंजनी नाथोलिया, रामावतार सोनी, रणजीत सोनी, सीताराम दर्जी और सुखवीर पारीक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। मेले में धार्मिक आस्था के साथ आपसी सेवा और सहयोग की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जिसकी सभी ने सराहना की।

सरदारशहरः बाल मंदिर के संरक्षक बने महेंद्र नाहटा



सीमा सन्देश # सरदारशहर

प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था बाल मंदिर में आज उद्योगपति एवं एचएफवाईसीएक्सएल के एमडी महेंद्र नाहटा ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, सुविधाओं और अनुशासित वातावरण का जायजा लेकर कार्यप्रणाली की सराहना की। इस दौरान उन्होंने संस्था के संरक्षक का दायित्व स्वीकार करने की सहमति दी तथा विद्यालय के शैक्षणिक विकास और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उनके संरक्षक बनने से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन से बाल मंदिर शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर प्रबंध समिति, शिक्षकों और बाल मंदिर परिवार ने आभार व्यक्त किया।

नाटक से आमजन को जागरूक किया

चूनावढ़। कस्बे के बस स्टैंड पर मंगलवार को भाजपा जिला मंत्री डॉ. अमृतपाल कौर और जयपुर से आई टीम की ओर से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान लोगों को जनजागरूकता और स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने का प्रण लिया। इस अवसर पर प्रशासक निशा चुघ, वार्ड पंच कमलजीत कौर, सुभाष चंद्र, सुखविंदर सिंह मंगा, गोपी राम नागपाल, बिट्टु कल्सी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

वर्ग पहली क्रमांक 7948



बायें से दायें:- 1) [illegible]; विरुद्ध, 7) चाटुकार, 8) चंद्रमा, 11) बाद में, 13) पृथ्वी; शोरबा, 15) सौख्य, 16) आँख से डाँटना, 18) जलयान को पानी में उतारना, 21) पराजित होना, 23) आराधक, 24) इच्छा; चित्त, 25) सँकरा, 26) मोहक, 27) ख्याति; दबदबा, 28) गाना, 29) पानी का सोता, 30) दयालु.

ऊपर से नीचे:- 1) आत्महत्या, 2) सौगंध, 3) स्रष्टा; प्रवर्तक, 4) गली, 5) ज्वाला, 6) हास्यप्रिय, 9) तथ्य, 10) पात्र, 12) अत्यधिक धूर्त एवं कपटी, 14) संक्षेप, 15) स्वर्णकार, 17) विश्व, 19) अवधि, 20) सूर्यकिरण, 22) अनीश्वरवादी, 24) एक शक्तिशाली जलचर, 25) ग़रीबी, 26) एक बटा दो, 27) तीर्थस्थान.

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

ब	द	मा	श	■	अ	ना	व	श्य	क
र	■	ह	म	ला	व	र	■	■	ट्ट
छा	छ	■	न	■	हे	■	अ	ग	र
■	म	■	■	आ	ल	स	■	ह	■
प	छ	ता	ना	■	ना	मी	गि	रा	मी
■	म	ल	म	ल	■	क्ष	■	■	ना
आ	■	■	नि	■	ता	क	त	व	र
ला	मा	■	शा	य	री	■	■	र्तु	■
प	रे	शा	न	■	ख़ा	स्ता	हा	ल	त

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता) 14 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएं-

1882 - शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। यह ब्रिटिश उपनिवेशवादी सरकार द्वारा कलकत्ता, मुंबई और मद्रास के बाद स्थापित किया गया भारत का चौथा विश्वविद्यालय था।

1933 - जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से बाहर आने की घोषणा की।

1943 - जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।

1946 - हालैंड और इंडोनेशिया के बीच संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

1948 - इजरायल और मिस्र के बीच जबरदस्त लड़ाई शुरू।

1953 - भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभाव में आया।

1956 - डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने अपने 3,85,000 अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म स्वीकार किया और अपने समर्थकों को 22 बौद्ध प्रतिज्ञाओं का अनुसरण करने की सलाह दी।

1981 - होस्नी मुबारक मिस्र के चौथे राष्ट्रपति बने।

1979 - जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया।

1997 - ब्रिटेन की महारानी ऐलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फि लिप ने अमृतसर के जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

1999 - परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सी.टी.बी.टी.) अमेरिकी सीनेट में नामंजूर।

2000 - संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पाक समेत 22 देशों में अपने दूतावास बंद।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एनएनएस) वीरवार अश्विन सुदी पंचमी को गेहूं, जौ, बारीक चावल, बाजरा, मक्की, जई, ढैंचा ज्वार, ग्वार, ग्वारगम, मोठ, तुवर, उड़द, देशी चना, मसूर, काबुली चना, राजमा चित्रा, जायफल, लौंग, महुआ फूल, धनिया, इमली, लालमिर्च, जावित्री, हल्दी, बादाम गिरी, किशमिश, अमचूर, काजू, तेल सरसों, सोया, गुड़-चीनी, पारा, निकिल में लाभ तथा मूंग, उड़द, तुवर, ढैंचा, सरसों, लोबिया, बिनौला, गोला, अजवायन, छुहारा, पिस्ता, तेल बिनौला तथा उक्त तिलहन, द्राख गोला, जीरा, अंजीर, शक्कर, कॉपर-पीतल में सोना-चांदी में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 3-6-7-9 है। यात्रा विचार- उत्तर दिशा की ओर 5.45 बजे प्रातः के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।**

आज का राशिफल

14 अक्टूबर बुधवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल चतुर्थी, नक्षत्र-अनुराधा, योग-आयुष्मान, करण-वणिज, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : चंद्रमा वृश्चिक राशि में, सूर्य कन्या राशि में (हस्त नक्षत्र में प्रवेश), बुध और शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष: आज का दिन प्रोडक्टिव और बेहतरीन रहेगा, समृद्धि के योग हैं। प्रमोशन के लिए नए लक्ष्य तलाशें और ड्राइव करते वक्त सावधान रहें।

वृषभ: स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें और खर्चों पर नियंत्रण रखें। दिन उथल-पुथल भरा हो सकता है, प्रेम मामलों में सावधानी बरतें।

मिथुन: आर्थिक रूप से समय शुभ है और लव लाइफ बेहतरीन रहेगी। नए टास्क पर ध्यान दें जिससे प्रमोशन मिल सके।

कर्क : आर्थिक सफलता और अच्छा स्वास्थ्य रहेगा, जंक फूड से बचें। पेशेवर मुद्दों पर ध्यान दें।

सिंह: रिश्ते जिम्मेदारी से संभालें और ऑफिस में अच्छे संबंध रखें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, वित्त मामलों में समझदारी दिखाएं।

कन्या: दिन शुभ व समृद्ध रहेगा। लवर के साथ समय बिताएं और सभी व्यावसायिक कार्य समय पर पूरे करें।

तुला: छोटी-मोटी वित्तीय समस्या हो सकती है, लेन-देन में सावधानी रखें। स्वास्थ्य और पेशेवर चुनौतियों पर ध्यान दें।

वृश्चिक: दिन शानदार व रोमांटिक रहेगा। छोटी-मोटी रुकावटों के बावजूद व्यावसायिक परिणाम पॉजिटिव मिलेंगे।

धनु: लव लाइफ में साथी की सुनें और रिश्ते में सरप्राइज की उम्मीद करें। वित्त और स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

मकर: दिन मिला-जुला रहेगा। कमिटमेंट और मेहनत से सफलता मिलेगी, रिश्ते की उथल-पुथल को सुलझाएं।

कुंभ: डाइट हेल्दी रखें और धन से जुड़ी समस्या नहीं होगी। प्रेम जीवन मजबूत और ऑफिस लाइफ प्रोडक्टिव रखें।

मीन: दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहेगा। जोखिम लेने से मजबूती मिलेगी, प्रेम संबंधों में खुश रहें और व्यावसायिक सफलता पाएं।

सूरतगढ़ में नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष और पार्षदों का अभिनंदन, विकास और जनसेवा पर दिया जोर



सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़ व भाजपा पार्षदों का पूर्व पालिकाध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश कालवा के निवास पर आयोजित समारोह में अभिनंदन किया गया। कालवा और उनकी पत्नी विद्यादेवी ने अतिथियों का भारतीय संविधान की पुस्तक भेंट की व साफा पहनाकर स्वागत भी किया। समारोह में नए पालिका बोर्ड से शहर के सर्वांगीण विकास को नई दिशा देने और सभी वार्डों में बिना भेदभाव विकास कार्य करवाने की उम्मीद जताई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह मान की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नागपाल, पूर्व जिला प्रमुख कविता रेगर, युवा नेता संदीप कासनिया, नगर अध्यक्ष गौरव बलाना, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेश मिश्रा, राजियासर मंडल अध्यक्ष विकास शेखावत और पूर्व पार्षद सुरेंद्र राठौड़ सहित कई अतिथि मौजूद रहे। समारोह में भाजपा चुनाव संयोजक सुभाष चंद्र गुप्ता और पूर्व जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी का भी विशेष सम्मान किया गया। समारोह में जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह मान, पूर्व विधायक अशोक नागपाल और युवा नेता संदीप कासनिया ने कहा कि नया पालिका बोर्ड एकजुट होकर शहर की सूरत बदलने और आमजन की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम करेगा। वक्ताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसे राजनीतिक विरोध से ऊपर उठकर विकास कार्यों में सहयोग करना चाहिए।

आयोजक मास्टर ओमप्रकाश कालवा ने आगुंतकों का स्वागत करते हुए कहा कि जनसेवा के कार्यों में राजनीतिक मर्यादा बनाए रखना बेहद जरूरी है और नए बोर्ड को शहरवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। समारोह में शहर के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

डीएवी कॉलेज में स्वच्छता अभियान

श्रीगंगानगर। डीएवी कॉलेज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिकाधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर गोदारा, डॉ. जसप्रीत सिंह, डॉ. सोहनलाल रोलन, संजय गौड़ एवं रोहित बिश्नोई उपस्थित रहे।

श्रमदान कर विद्यालय की सूरत बदली

नेतेवाला। ग्रामीणों ने राजकीय बालिका उ.मा. विद्यालय में श्रमदान कर विद्यालय की तस्वीर बदल दी। प्रधानाचार्य सुमन कटारिया ने बताया कि परिसर में पुराने ईंट-पत्थरों और अन्य सामग्री का ढेर लगा हुआ था, जिससे विद्यालय की सुंदरता प्रभावित हो रही थी। उन्होंने इस समस्या से गांव के कुछ जागरूक नागरिकों को अवगत कराया। इसके बाद ग्रामीणों और युवाओं ने इसे केवल विद्यालय की समस्या न मानकर अपनी जिम्मेदारी समझी और श्रमदान के लिए आगे आए।

निर्माण कार्य सफाई व्यवस्था को लेकर ईओ को दिया ज्ञापन



सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

शहर के वार्डों में पूर्व में स्वीकृत निर्माण कार्य शुरू करवाने तथा सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर पार्षद प्रमोद ज्याणी, अक्षर नायक, झंडा सिंह व वीरेंद्र सिंह ने अधिशासी अधिकारी गणपत राम को ज्ञापन सौंपा। पार्षद प्रमोद ज्याणी ने बताया कि पिछले अभियान के दौरान आचार संहिता के कारण रुके वार्ड नंबर 2 के स्वीकृत निर्माण कार्यों (वर्क नं. 22 व कार्य क्रमांक 11, 12 सहित 29 कार्य) के वर्क ऑर्डर जारी कर जल्द कार्य शुरू करवाया जाए। साथ ही वार्डों में नालियों की सफाई, सड़क निर्माण और लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग रखी गई। पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे वार्डवासियों के साथ बैठक कर आगामी रणनीति बनाएंगे।

पार्षद की तत्परता; बिजली के खंभे से हटाई गिलोय की बेल

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

सुरजीत सिंह कॉलोनी की गली नंबर 7 में बिजली के खंभे पर काफी समय से गिलोय की घनी बेल चढ़ी हुई थी। खंभे को पूरी तरह ढककर जमीन को छू रही इस बेल के कारण बरसात में शॉर्ट सर्किट व करंट से हादसे का खतरा बना हुआ था और गली में अंधेरा छाया रहता था। कॉलोनी निवासी प्रेम गम्भीर की सूचना पर वार्ड 09 के पार्षद डॉ. निर्वेंद्र सिंह बराड़ ने तत्परता दिखाते हुए नगर परिषद् के सफाई निरीक्षक मूलचंद तथा सहायक कर्मचारियों की टीम– संजय कुमार, सोनू, सुमित कुमार एवं शीबा को साथ लेकर स्वयं की मौजूदगी में बेल को हटवाया। इस कार्य से मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली और पार्षद डॉ. बराड़



का आभार जताया। पार्षद द्वारा साहिल वधवा, भूप सिंह बिश्नोई आदि की टीम के साथ मिलकर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट और अन्य समस्याओं का समाधान निरंतर कराया जा रहा है।

राजकीय महाविद्यालय में अंतरमहाविद्यालयी निबंध प्रतियोगिता आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में योजना मंच (अर्थशास्त्र विभाग) के तत्वावधान में सोमवार को अंतर महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने श्रीगंगानगर के पंच गौरव तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था और भारत का बदलता आर्थिक परिदृश्य विषयों पर निबंध लिखे। इसमें जैतसर, सूरतगढ़, डीएवी, एसडी, बल्लूराम गोदारा, सादुलशहर कन्या और अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में डीएवी कॉलेज की सिमरन प्रथम को रु. 2,500, बल्लूराम गोदारा कॉलेज की दिव्यांशी द्वितीय रु.1,500 तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के हैप्पी तृतीय रु.1,000 स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ. बी.एस. चौहान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है और आपसी सहभागिता बढ़ती है। योजना मंच प्रभारी कविता शर्मा ने इसे लेखन कौशल व विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने वाला बताया। कार्यक्रम में डॉ. निर्भय सिंह, डॉ. डी.एस. मीणा, सुश्री कोमल बंसल, सुशीला गोदारा, सुश्री कोमल शर्मा, डॉ. कुशाग्र सिंह नेगी, ज्योति सिसोदिया तथा अभिमन्यु आर्य का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8629-8001 (आ. 163 क्विं.), मूंग 8640-7200 (आ. 1761 क्विं.), ग्वार 7901-5500 (आ. 194 क्विं.), नरमा 8891-8650 (आ. 2331 क्विं.), कपास 8884-8846 (आ. 55 क्विं.), चना 7001 (आ. 35 क्विं.), जौ 2985-2950 (आ. 15 क्विं.), बाजरा 2430 (आ. 30 क्विं.), **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2810-2100, सरसों 8140-5500, पीली सरसों 8500-6200, ग्वार 7965-4500, मूंग 8670-5000, नरमा 8881-8000, बाजरी 2500-2000, **गजसिंहपुर :** सरसों 7770-7530, कपास 8400, मूंग 8500-7705, नरमा 8946-8850, गेहूं 2550, **जैतसर :** मूंग 8880-7401, ग्वार 7851-7831, नरमा 9120-8741, गेहूं 2661-2640, जौ 3010-3001, कपास 8300, सरसों 8043, **करणपुर :** नरमा 8940-8800, मूंग 8521-8280, कपास 8800-8761, कनक 2661, सरसों 8162-8080, **श्रीविजयनगर :** मूंग 9100-8035, नरमा 8880-8700, ग्वार 7781-6920, गेहूं 2625-2581, कपास 8251, सरसों 7828, पीली सरसों 7250, जौ 2500, बाजरी 25308

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 17000-21000, जीरा 22500-24500, अजवाइन 18500-19500, सौंफ 11000-22500, मेथी 7100, खोपरा 1880, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 3000-3100, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 22000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1440, आटा (45 किग्रा.) 1400, सूजी 1500, बेसन 7900, चावल टुकड़ी 3300-3500, चावल डबल छनाई 3500-4000, चावल सेला 3400-3500, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10000, मूंग छिल्का 9700, उड़द धुली 11800-12000, उड़द साबुत 11000-11500, अरहर दाल 11500-12000, दाल मसूर 7700, दाल चना 8150, देशी चना 7300, डालर चना 8000-8600, डबल डालर चना 9200, काला चना 7880

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 6400, गुड़ पेड़ी 5300, गुड़ शिवलिंग 6600, गुड़ बर्फी 6000-6300, चीनी महाराष्ट्र 5900, चीनी एल 6100, चीनी एम 6000, चीनी गंगानगर --

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 160 रु., तेल रिफाइंड 125-130 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 9800-10300 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 550 -650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 9800 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 550 रु., पंजाब किंग : 9400रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 530 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 650 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 590 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: नरमा व्यापारी 8801, बाजरा 2545, ग्वार 7755, मूंग व्यापारी 8210, धान पीआर व्यापारी 2149, धान 1509-3800, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8705, ग्वार 6051, धान पीआर व्यापारी 2135, **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 8600, नरमा व्यापारी 8881, बाजरा 2446, ग्वार 7481, मूंग व्यापारी 8095, सरसों व्यापारी 8167, धान पीआर व्यापारी 2150, धान 1509-3785, ऊन 7325, **रावतसर :** कपास 8201, नरमा व्यापारी 9011, गेहूं व्यापारी 2680, जौ 2839, बाजरा 2501, ग्वार 8200, मूंग व्यापारी 8460, मोठ 8800, सरसों व्यापारी 8192, अरण्डी 6980, मूंगफली व्यापारी 6700, **नोहर :** गेहूं व्यापारी 2773, जौ 2600, ग्वार 8100, चना व्यापारी 7300, मूंग व्यापारी 8481, मोठ 9100, सरसों व्यापारी 7705, अरण्डी 7850, मूंगफली व्यापारी 6850, **भादरा :** बाजरा 2200, ग्वार 7305, चना व्यापारी 7215, मूंग व्यापारी 8200, सरसों व्यापारी 7750, **संगरिया :** नरमा व्यापारी 8751, गेहूं व्यापारी 2671, बाजरा 2515, ग्वार 7700, चना व्यापारी 7240, मूंग व्यापारी 8010, सरसों व्यापारी 8144, **गोलूवाला :** कपास 8200, नरमा व्यापारी 9025, गेहूं व्यापारी 2576, बाजरा 2525, ग्वार 8026, चना व्यापारी 7100, मूंग व्यापारी 8761, मोठ 9200, सरसों व्यापारी 8150, **पीलीबंगा :** कपास 8115, नरमा व्यापारी 8901, गेहूं व्यापारी 2722, बाजरा 2591, ग्वार 8035, चना व्यापारी 6900, मूंग व्यापारी 8505, धान पीआर व्यापारी 3750

गंगनहर का वरीयताक्रम

14 अक्टूबर 2026, बुधवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत	250	खुलने का समय	बंद होने का समय
एफ	753 (6)	09 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
एलएनपी	1030 (7)	08 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	16 अक्टूबर सायं 3 बजे
केके	1043 (6)	09 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
ईईए	1103 (6)	09 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	16 अक्टूबर सायं 3 बजे
बीबी	1301 (3)	12 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	20 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
एमके	1399		
एच	1706		
वाई	1737		
जैड	1892		
डी-भागसर	1910		
बीआईएफ+जे	1951		
पीएस	2111		
समेजा	2313		
आरबी	2583		
एचएच	2618		
रिडमलसर	2629		
फार्म	2690		
जीजी	2891		
करणीजी	3221		14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
एमएलए	3262		08 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
एमएल	3322		08 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
नेतेवाला	3343		08 अक्टूबर सायं 6 बजे
हिरणांवाली	3365		08 अक्टूबर सायं 6 बजे

नोट : गंगनहर में मंगलवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1658 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	9696	साहवा	482
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	540
रावतसर	67	बिरधवाल हैड से नीचे	6600
सूरतगढ़	1865		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

मंगलवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 13.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1633.14
पानी की आवक - 12854 क्यूसेक, निकासी- 15083 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1362.66
पानी की आवक- 5828 क्यू., निकासी- 11012 क्यू., बीकानेर - 2126

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

हरिपुरा	37	नाथवाना	1188
दीनगढ़	50	रतनपुरा	1200
सूरतपुरा	59	भाखरांवाली	1205
मोडिया	314	करनीसिंह	1535
लोंगवाला	549	मम्मड़खेड़ा	1730
पीलीबंगा	674	जोड़कियां	1810
अमरपुरा	790	सूरतगढ़	1930
रोड़ांवाली	803	भगतपुरा	1968
नवां-सतीपुरा	814	संगरिया	1974
मोरजण्डा	1027	नगराना	1982
प्रतापपुरा	1157	लीलांवाली	2222

सेंसेक्स 1,100 अंक उछला, आईटी शेयरों ने भरा दम

मुंबई: मंगलवार को भारतीय शेयर बाजारों में जबर्दस्त लिवाली देखने को मिली। पिछले सत्र की गिरावट के बाद दोनों प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों ने जोरदार वापसी की। बीएसई सेंसेक्स 1,109.10 अंक (1.54%) की छलांग लगाकर 73,033.78 पर बंद हुआ, जबकि दिन के दौरान इसमें 1,342 अंकों का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। इसी तरह एनएसई निफ्टी-50 भी 358.60 अंक (1.60%) चढ़कर 22,721.95 के स्तर पर पहुंच गया। इस रैली का मुख्य नेतृत्व आईटी सेक्टर ने किया, जिसका निफ्टी आईटी इंडेक्स 5% से अधिक उछल गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शानदार दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद उसका शेयर 8% से ज्यादा चढ़ा, जिससे पूरे टेक पैक में खरीदारी का माहौल बना। टीसीएस, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयरों में भी 4.5% से 6.5% तक की तेजी रही। इसके अलावा, लगातार दूसरे दिन रुपये में मजबूती और रियल्टी, ऑटो, बैंकिंग व एफएमसीजी सेक्टरों में चौतरफा लिवाली से निवेशकों की धारणा को बल मिला। ब्रॉड मार्केट में निफ्टी मिडकैप-50 और स्मॉलकैप-100 भी हरे निशान में बंद हुए। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल और मारुति सुजुकी जैसे कुछ चुनिंदा शेयरों में ही गिरावट देखने को मिली।

मेडिकल स्टोर की आड़ में नशा तस्करी: बाप-बेटा गिरफ्तार

जालंधर। मानसा में परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड के बाद जालंधर पुलिस व ड्रग विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है। एसीपी आतिश भाटिया, थाना प्रभारी संजीव सूरी और ड्रग इंस्पेक्टर अमित बंसल की संयुक्त टीम ने बस्ती बावा खेल अड्डा स्थित आनंद व प्रभजोत मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर बाप-बेटे को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने पहले एक बोगस ग्राहक भेजकर 1,000 रुपये में नशीली दवाइयां खरीदवाईं, जिसके बाद तुरंत दबिश दी गई। दुकान और घर से 100 से अधिक प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद हुईं, जिन्हें संदेह से बचने के लिए स्ट्रिप से निकालकर डिब्बों में खुला रखा गया था। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस ने दुकान सील करने और लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

विपक्ष पिक एंड चूज की राजनीति कर रहा: केंद्रीय मंत्री

जोधपुर। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दिल्ली में विपक्ष के आंदोलन पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार हार रही पार्टियां संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर लोकतंत्र को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ह्यपिक एंड चूजह्व की राजनीति कर रहा है—जहां जीतते हैं वहां व्यवस्था ठीक लगती है और जहां हारते हैं वहां सवाल खड़े करते हैं। पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की हत्या को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शेखावत ने निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी के साथ ऐसी अराजकता नहीं होनी चाहिए। साथ ही, आगामी पंचायत चुनावों में भी भाजपा की जीत का दावा किया।

एक्सईएन बेटे की मौत

जयपुर। भरतपुर के पूर्व सांसद रतन सिंह ने पीडब्ल्यूडी में एक्सईएन रहे बेटे राजेंद्र प्रताप की मौत के मामले में बहू नीतू सिंह व पोते सौरव पर जहर देकर हत्या का केस दर्ज कराया है। उन्होंने करोड़ों की संपत्ति व अनुकंपा नौकरी के लिए हत्या का आरोप लगाया है। एसएचओ महेशचंद्र के अनुसार पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और मौत के कारणों की पुष्टि के लिए विसरा व एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार है।

श्रीराम जन्म से ताड़का वध तक की लीलाओं का हुआ प्रभावशाली मंचन

दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से रूबरू करवाया

सीमा सन्देश# सूरतगढ़।

जगदंबा रामलीला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन श्रद्धा व उत्साह के साथ जारी है। दूसरी रात्रि भगवान श्रीराम जन्म, राक्षसों के ऋषि-मुनियों को परेशान करने व ताड़का वध के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से रूबरू करवाया। मंचन के दौरान राक्षसों के अत्याचारों से परेशान होकर ऋषि-मुनियों के राजा दशरथ के पास पहुंचने व उनकी प्रार्थना पर राजा दशरथ की ओर से भगवान श्रीराम-लक्ष्मण जी को विश्वामित्र के साथ भेजने का प्रसंग दिखाया गया। इसके बाद भगवान श्रीराम ने ताड़का वध की लीला का मंचन किया।

इससे पहले भगवान श्री विष्णुजी की आरती कर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान रामलीला क्लब के संरक्षक सुभाष नरूला, अध्यक्ष महेंद्र नागर, उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रोहिताश होटला, कोषाध्यक्ष गोपीराम दगल, सचिव विजय डाबला, निर्देशक सोनू बजाज, सोनू मोगा, नरेश नागर, राजेश बुमरा आदि सदस्य व कलाकार उपस्थित रहे। रामलीला में राजा दशरथ की भूमिका इंद्र चारण, भगवान श्रीराम की भूमिका राकेश उर्फ बंटी डाबला, लक्ष्मण की भूमिका मेघराज सोलंकी, विश्वामित्र की भूमिका सीताराम डाबला तथा ताड़का की भूमिका अशोक पंजवना ने निभाई। अमन होटला, संजय खिटक व उनकी पूरी टीम ने भी मंचन में सहयोग किया।



चूनावढ़ : रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का मंचन

चूनावढ़। कस्बे में श्रीराम नाटक क्लब की ओर से आयोजित रामलीला में ताड़का वध और सीता स्वयंवर के प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से दोनों प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर श्रीराम नाटक क्लब कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र चाहर, उपाध्यक्ष अनिल बेदी, सचिव नरेश बजाज, कोषाध्यक्ष सुनील तुतलानी, डायरेक्टर धर्मवीर वर्मा, मीडिया प्रभारी हिमांशु पोपली सहित कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



दूसरों की कीमत पर नहीं, सबको साथ लेकर आगे बढ़ता है भारत: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि पावर टू एम्पावर भारत के विकास का मूल सिद्धांत है। भारत दूसरों की कीमत पर नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर आगे बढ़ने में विश्वास रखता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जब खनिजों, भुगतान प्रणालियों और तकनीक को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, भारत वैश्विक भरोसे के मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा है। चाहे कोरोना काल में टीके उपलब्ध कराना हो या डिजिटल भुगतान का मॉडल, दुनिया ने भारत पर विश्वास जताया है। उन्होंने तंज कसा कि भारत ने दुनिया को शून्य दिया, लेकिन कभी रॉयल्टी नहीं मांगी। अर्थव्यवस्था की मजबूती का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि चालू खाता घाटा 4% से घटकर 0.61% रह गया है और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के पार है। जीएसटी और श्रम सुधारों से आर्थिक गति तेज हुई है। उन्होंने दुनिया से एकजुट होकर चलने का आह्वान किया।

राहुल गांधी मानहानि केस में सुनवाई पूरी 26 को आएगा फैसला; कोर्ट में पेशी अनिवार्य



सुल्तानपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ 2018 में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। अदालत ने निर्णय के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की है। अधिवक्ता काशी शुक्ला और वादी पक्ष के वकील संतोष पांडेय के अनुसार, फैसले के दिन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होना होगा और धारा 437ए की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। यह मामला भाजपा नेता विजय मिश्रा द्वारा बेंगलुरु में दिए गए बयान पर दर्ज कराया गया था। 20 फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में पेश होकर जमानत ली थी।

पानी की मांग को लेकर चक्का जाम आज

सीमा सन्देश # घड़साना।

अनूपगढ़ शाखा के सिंचाई पानी को लेकर चल रहा किसानों का आंदोलन अब तेज होता जा रहा है। प्रशासन के साथ वार्ता विफल होने के बाद खेत बचाओ, किसान बचाओ संघर्ष समिति ने 14 अक्टूबर को अनूपगढ़ शाखा क्षेत्र की मंडियों में चक्का जाम का आह्वान किया है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भी इस आंदोलन में शामिल होंगे। किसान अनूपगढ़ शाखा के पानी को रिवर्ज कराने तथा चार में से दो ग्रूप के आधार पर छह माह का रेग्युलेशन बनाकर आठ सिंचाई पानी की बारी देने की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर किसान चक 12 एमडी टोल नाके पर दो दिनों तक दिन-रात धरने पर बैठे रहे।

कहां-कहां रहेंगे कल चक्का जाम के पॉइंट

7 केएनडी ,12 केएनडी ,365 हैड, 17 वाली पुली, खाजूवाला गुरुद्वारा वाला चौराहा, दंतौर रोड , रावला रोजड़ी रोड, रावला हैड,13 वाली पुली ,सेखडा, खाजूवाला चोराहा ,जनतावाली,4 एम एल डी,3 जीडी पुली, 6 डीडी पुलीया, टोल नाका व पतरोडा पर चक्का जाम होगा, दूध की सप्लाई चालू रहेगी , बाजार खुले रहेंगे ।

आयोजन : जैन कॉलेज में पंजाबी यूनिवर्सिटी में बिखेरा जलवा



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जैन कॉलेज आफ फार्मेसी, उस्मानखेड़ा, अबोहर के विद्यार्थियों ने पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली और पंजाब स्टेट फार्मेसी काउंसिल, मोहाली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं नेशनल फार्मेसी सप्ताह समारोह में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। निदेशक अंकित जैन ने बताया कि विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति समाज में जागरूकता फैलाई। समारोह के मुख्य अतिथि फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोंटू पटेल, विशिष्ट अतिथि पंजाब स्टेट फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष सुशील कुमार बंसल और पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के कुलपति डॉ. जगदीप सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसमें पंजाब के समस्त फामेर्सी कॉलेजों ने भाग लिया। जैन कॉलेज के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली, कार्टून मेकिंग, लीफलेट निर्माण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

नाव डूबने से दस लोगों की मौत

बिहार । वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के रामपुर श्यामचंद गांव में नाव डूबने से दस लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार को करीब 20 युवक और बच्चे एक ही नाव पर सवार होकर भोज खाने जा रहे थे। इसी दौरान बीच धारा में नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। नाव पलटते ही उस पर सवार लोग गहरे पानी में डूबने लगे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर राघोपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जिले के वरीय अधिकारियों को घटना से अवगत कराया।

आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से छूट: कोर्ट सख्त

इनई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों को आधिकारिक कामकाज के दौरान कानूनी कार्रवाई से मिली व्यापक छूट पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने एडीआर की जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया।

याचिका में 2023 के कानून की धारा 16 को चुनौती दी गई है, जो आयुक्तों को दीवानी व आपराधिक मुकदमों से पूर्ण संरक्षण देती है। याचिकाकर्ता के अनुसार, यह प्रावधान समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14 व 19) का उल्लंघन कर अधिकारियों की जवाबदेही खत्म करता है। मामले की अगली सुनवाई 2 नवंबर को होगी।

सूरतगढ़ : युवती से दिनदहाड़े पर्स चोरी

सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

शहर में मंगलवार को पर्स और मोबाइल छीनने की दो घटनाएं सामने आईं। वार्ड नंबर 30 में शाम करीब पांच बजे विवेकानंद चौक के समीप निवासी लक्की स्वामी की पुत्री प्रज्ञा स्वामी अपनी सहेली के साथ खरीदारी करने जा रही थी। इसी दौरान बैंक ऑफ इंडिया के सामने काले रंग की मोटरसाइकिल पर आए दो नकाबपोश युवक उसका पर्स छीनकर फरार हो गए। शोर मचाने पर दुकानदारों ने पीछा किया, लेकिन आरोपी गलियों में ओझल हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश कर रही है। वहीं, बालाजी टैक्सी स्टैंड के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने बात करने के बहाने एक युवक का मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने मोटरसाइकिल पकड़कर शोर मचाया, जिससे लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के आधार पर बस स्टैंड से उसके फरार साथी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों मामलों में कार्रवाई कर रही है।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

सीमा सन्देश# सूरतगढ़। विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, बाल सुरक्षा व सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चार विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडेज अभियान के तहत तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविरों में विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार के शोषण या असुरक्षा की स्थिति में आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महावीर सिंह चारण ने प्रियदर्शिनी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने सेठ रामदयाल राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट ध्वनि तंवर ने शर्मा बाल मंदिर स्कूल व अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट भावना ने जीनियस मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिविर आयोजित किए। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक बच्चे को भयमुक्त व सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। किसी भी अप्रिय स्थिति, असुरक्षा अथवा शोषण का सामना करने पर चुप रहने के बजाए अपने अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

मोदी के 25 वर्ष : लोकतंत्र में सफल कीर्तिमान



श्री नरेंद्र मोदी के ,प्रशासन में,पहले मुख्य मंत्री गुजरात के रूप में,और फिर देश के प्रधान मंत्री के पद पर ,लगातार पच्चीस वर्ष पूरे हुए । ये दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में किसी भी व्यक्ति का एक बहुत ही सफल कीर्तिमान है । देश दुनिया में विचार धारा या पार्टी के स्तर पर किसी की कुछ भी सोच हो ,लेकिन निर्विवाद रूप से आज भारत को उन्होंने हर क्षेत्र में,दुनिया के ऊपर के तीन चार देशों के साथ ला खड़ा किया है । एक समय था जब हमें,गरीबी,पिछड़ेपन ,धार्मिक दंगों और भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता था । विदेशों में भारत की छवि खराब थी । आज हम एक शक्तिशाली,आत्म निर्भर देश हैं जिसकी बात दुनिया सुनती है । कूटनीति ऐसी कि हमारे अच्छे संबंध रूस सेलेकर यूक्रेन तक,अमरीका से लेकर ईरान तक हैं जो आपस में लड़ रहे हैं,और भारत से उम्मीद करते हैं कि वो शांति कराये । केवल बारह तेरह वर्ष में भारत हर क्षेत्र में तरक़्क़ी कर रहा है । आज देश में बड़े राजमार्गों का जाल बिछा है,आधार भूत सरंचनाएँ तैयार हुई ।रक्षा क्षेत्र में हम दूसरे देशों को हथियार दे रहे हैं ।सेना में,किसी से बात करके देखो,पहली बार ये वातावरण बना कि उन्हें दुश्मन पर वार करने की खुली छूट मिली,फिर चाहे चीन के साथ डोकलाम हो,पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक हो या आतंकवाद पर ऑपरेशन सिंदूर हो । देश में माओवाद और आतंकवाद,चाहे छत्तीसगढ़ हो या कश्मीर या कहीं उन पर लगाम लगी । आए दिन के हिंदू मुस्लिम दंगे और बम धमाके लगभग समाप्त हुए । सुदूर उत्तर पूर्वी भारत के सेवन सिस्टर्स,मुख्य भूमि से पहली बार जुड़ाव महसूस करते हैं । पश्चिम बंगाल जो घुसपैठ और कुशासन से भारत में बांग्ला देश बन रहा था, वहाँ शांति बहाल हुई,और तारबंदी का काम आरम्भ हुवा । देश की आजादी के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा लगने लगा है ,और हिंदू वहाँ लौटने लगे हैं। चाहे रेलवे का विस्तार और आधुनिकीकरण हो,राजस्थान जैसे राज्यों में अन्य राज्यों व नदियों से पानी लाने की योजना हो,जी एस टी जैसे सुधार हों, सेमी कंडक्टर बनाने का क्रांतिकारी निर्णय हो,हर क्षेत्र में दूरदर्शी सोच और कार्य कर दिखाने की दृढ़ता दिखती है । तुष्टिकरण और क्षेत्रवाद से देश जब विभाजन ,धार्मिक उन्माद और अराजकता की ओर बढ़ रहा था,तब सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित कर देश के बहुसंख्यक समाज को स्वाभिमान से जोड़ा, अयोध्या में भारतीय संस्कृति के शौर्य राम मंदिर का पाँच सौ साल के विवाद के बाद,बिना किसी हिंसा के जीर्णोद्धार,काशी,वाराणसी,सोमनाथ,केदारनाथ का भव्य स्वरूप मन मोह लेता है । गरीब और वंचित को ऊपर उठाने की दर्जनों योजनाएं-बैंक में बिना गारंटी खाता,शौचालय निर्माण,उज्वला गैस योजना,प्रधान मंत्री आवास,सोलर से मुफ्त बिजली,गाँवों तक पीने का पानी,बैंक खाते में बिना बिचौलिये के सीधे पैसे भेजना,तमाम वो मूलभूत समस्याएं व संघर्ष जो मोदीजी ने बचपन में खुद झेली या बरसों तक प्रचारक व पार्टी संगठक के रूप में देखीं और समझी ,जिनके बारे में पहले किसी ने प्रभावशाली प्रयास नहीं किया,उन्हें मूर्त रूप दिया, जिसके परिणाम स्वरूप और अथक परिश्रम से जनता ने पूरे देश में उन्हें स्वीकार किया और बार बार चुनाव जिताया । किसानों के लिए सम्मान निधि ,प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, डिजिटल क्रांति,आज गैस बुकिंग की लंबी लाइन नहीं लगती, एक लंबी फेहरिस्त है ऐसे कामों की,जो कभी सपना लगते थे । दूरदेशी से दुनिया की सबसे बड़ी डेढ़ सौ करोड़ की आबादी,जो कभी समस्याओं का बोझ लगती थी,आज उसी को विश्व व्यापार और जीडीपी की ताकत बना दिया । मंत्री मंडल और उच्च प्रशासन में भ्रष्टाचार और घोटालों की गूंज अब सुनाई नहीं देती। कोरोना जैसी महामारी का मुकाबला और कम समय में वैक्सीन बना कर पूरे देश को लगाना,जिसका अमेरिका जैसी महाशक्ति ने लोहा माना।

इतने विशाल देश में अभी बहुत सी समस्याएं हैं ,परंतु जब पूरी दुनिया युद्ध और महंगाई से त्रस्त है,भारत फिर भी आगे बढ़ रहा है। एक समय ऐसा था जब देश जल रहा था आतंकवाद और माओवाद से,भ्रष्ट सरकारों के कुकृत्य से,टूटते राज्यों-कश्मीर,बंगाल के हालात से,क्षेत्रवाद और धार्मिक उन्माद से,आज निश्चित ही देश सुरक्षित,शक्तिशाली हाथों में है,और आगे बढ़ रहा है। विपक्ष तमाम प्रयास के बावजूद जनता के मूड को पकड़ नहीं पा रहा,जो पूरी तरह मोदी जी के नेतृत्व को इतने बरसों के शासन के बाद भी पसंद कर रहा है ।



बृजमोहन सहारण
वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2026/9005 दिनांक :- 13/10/26

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं॰ 12 के किला नं. 4, 5 में माप 1113.75 वर्गगज श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 745 दिनांक 08.01.1990 को श्री अमन गोयल पुत्र श्री घनश्याम दास गोयल के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती शारदा पत्नी श्री सुशील कुमार एवं पुत्री श्री हेतराम निवासी चक 3 डी छोटी, वीपीओ साधुवाली, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 30 इन्ट्र 67.6 फीट भूखण्ड संख्या 84 की की जरिये पंजीकृत उपहार पत्र 09.07.2026 के द्वारा प्राप्त कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टें एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं॰ 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आबंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- निगेजन/2026/1301-1302 **विज्ञप्ति** दिनांक :- 12/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 33 के किला नं. 20 के भूखण्ड माप 20'-0" X 30'-0" Feet का व्यावसायिक फ्री होल्ड पट्टा संख्या 21680 दिनांक 05.09.2023 द्वारा श्री राम कुमार पुत्र श्री बहादर राम कुमार के नाम से न्यास द्वारा जारी है। उक्त व्यावसायिक भूखण्ड को पश्चिम दिशा से 150 फीट चौड़ी सुरतगढ़-श्रीगंगानगर सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 33 के किला नं. 20 के भूखण्ड माप 30'-0" X 60'-0" Feet का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 20181 दिनांक 26.05.2023 का आवासीय से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन आदेश क्रमांक निगेजन/2026/1047-1048-1049 दिनांक 01.09.2026 द्वारा श्रीमती इन्दु बाला पत्नी श्री रामकुमार वर्मा के नाम से न्यास द्वारा आदेश जारी है। उक्त व्यावसायिक भूखण्ड को पश्चिम दिशा से 45 फीट चौड़ी सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। आवेदकों/पट्टाधारकों श्री राम कुमार एवं श्रीमती इन्दु बाला द्वारा अपने-अपने स्वामित्व के व्यावसायिक भूखण्डों का यथाकूल माप 2400 वर्गफीट का ऑनलाईन प्रकरण संख्या SGNR/FY26-27/SRA/50 दिनांक 22.09.2026 द्वारा पुनर्गठन/एकीकरण बावत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णितानुसार पुनर्गठन/एकीकरण बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 07 दिवस पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- प्रभारी अधिकारी, सहायक नगर नियोजक, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- निगेजन/2026/1282-1283 **विज्ञप्ति** दिनांक :- 09/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 6 जैड ए मुरब्बा नं. 27 किला नं. 13 में भूखण्ड संख्या A-37 माप 30'-0" गुणा 65'-0" फीट कॉर्नर (आम्बेडकर इन्क्लेव) का आवासीय पट्टा संख्या 9352 दिनांक 25.01.2019 द्वारा श्रीमती मन्दीप कौर पत्नी श्री सुखेन सिंह व श्री सुखेन सिंह पुत्र श्री मलकीत सिंह निवासी 36 बीबी, पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर के नाम से न्यास द्वारा जारी है। पट्टाधारकों द्वारा उक्त मूल कॉर्नर का भूखण्ड जो पश्चिम दिशा में 35 फीट एवं दक्षिण दिशा में 30 फीट चौड़ी सड़कों पर खुलता हुआ में से भूखण्ड माप 30'-0" गुणा 32'-6" फीट (पूर्वी हिस्सा) जरिये रजिस्ट्री श्री राजेश कुमार पुत्र श्री अमर सिंह को एवं 30'-0" गुणा 32'-6" फीट कॉर्नर (पश्चिमी हिस्सा) जरिये रजिस्ट्री श्री नवीन कुमार पुत्र श्री अमर सिंह को विक्रय किया गया है। आवेदकों/भूखण्डधारकों द्वारा अपने-अपने स्वामित्व के भूखण्ड माप 30'-0" गुणा 32'-6" फीट (पूर्वी हिस्सा) एवं 30'-0" गुणा 32'-6" फीट (पश्चिमी हिस्सा) का ऑनलाईन प्रकरण संख्या SGNR/FY26-27/SRA/48 दिनांक 18.09.2026 द्वारा उपविभाजन हेतु आवेदन उपरान्त न्यास सर्वेयर/कनिष्ठ अभियन्ता से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार आवेदित मूल भूखण्ड रिक्त है, अनुसार उपविभाजन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णितानुसार उपविभाजन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 07 दिवस पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- प्रभारी अधिकारी, सहायक नगर नियोजक, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- निगम/2026/8990 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 9-10-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती जसविंदर कौर पत्नी श्री इन्द्रजीत सिंह गांव घड़ुआं, पत्ती गुरिया, नजदीक छगड़-चौंतरा, श्रीगंगानगर, मोहाली, पंजाब** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय भूखण्ड** का न्यास रिकॉर्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखंडधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 26 किला नं. 6,15 में माप 30 इन्ट्र 60 फीट भूखण्ड संख्या 1004, होमलैंड सिटी-2, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 1679 दिनांक 09.01.2013 को श्री लोकेश कुमार फूलवानी पुत्र श्री ताराचंद फूलवानी के नाम से जारी किया हुआ है।	**श्रीमती जसविंदर कौर** द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत वैयनामा दिनांक 28.09.2026 के द्वारा क्रय कर पट्टे एवं वैयनामों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखंड के संबंध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा गया है। इस संबंध में **श्रीमती जसविंदर कौर** पत्नी श्री इन्द्रजीत सिंह गांव घड़ुआं, पत्ती गुरिया, नजदीक छगड़-चौंतरा, एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा नियत हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखंड से संबंधित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या - SGNR/FY26-27/MUT/827 **प्रभारी अधिकारी, नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2026/9011 दिनांक :- 13/10/2026

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 18 में भूखण्ड संख्या एमई-103 माप 25 इन्ट्र 45 फीट का पट्टा संख्या 9511 दिनांक 30.04.2019 को श्री दीपक कांडा पुत्र श्री मदन लाल कांडा के नाम से एवं इसी रकबे के किला नं॰ 7 में भूखण्ड संख्या एमई-102 माप 25 इन्ट्र 45 फीट का पट्टा संख्या 9467 दिनांक 06.03.2019 को श्रीमती सुमन कांडा पत्नी श्री दीपक कांडा के नाम से न्यास द्वारा जारी किया हुआ है। उक्त दोनो भूखण्ड नामान्तरण उपरान्त श्री पंकज वर्मा पुत्र श्री जगदीश चन्द्र के नाम से न्यास रिकार्ड में दर्ज है। श्री पंकज वर्मा द्वारा उक्त दोनो भूखण्डों के अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टें एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर संयुक्त रूप से माप 50 इन्ट्र 45 फीट एकल भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं॰ 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आबंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेग

न्यूज इन ब्रीफ

विद्यार्थियों ने समझे विकास के आर्थिक सूत्र

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में विश्व अर्थशास्त्र दिवस पर अर्थकला कॉमर्स, आर्ट एंड मैनेजमेंट क्लब के तत्वावधान में ह्यसरकारी नीतियां और भारतीय अर्थव्यवस्था पर उनका प्रभावह्व विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। समन्वयक डॉ. ममता जैन के निर्देशन में हुई कार्यशाला में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. दिलीप जैन ने नीतियों के निर्माण, क्रियान्वयन और रोजगार, व्यापार व आर्थिक विकास पर उनके प्रभावों की जानकारी दी। ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा और विश्वविद्यालय के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने आर्थिक नीतियों की समझ को आवश्यक बताया। विद्यार्थियों ने नीतियों के लाभ, चुनौतियों और प्रभावों पर विचार रखे।

लूटपाट मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पीलीबंगा थाना क्षेत्र में दर्ज लूटपाट के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जाखड़ांवाली निवासी भजनलाल ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को परिवाद सौंपा। परिवादी ने राकेश कासनिया, संदीप वर्मा और रामकिशन पर धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और घर से सामान ले जाने के आरोप लगाए। भजनलाल ने आरोप लगाया कि 4 अक्टूबर को राकेश हथियार लेकर उनके घर पहुंचा और जान से मारने की कोशिश की। उन्होंने पुलिस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए राजीनामे के लिए दबाव बनाने और धमकियां मिलने की बात भी कही। परिवादी ने परिवार की सुरक्षा की चिंता जताते हुए जांच अधिकारी बदलने, निष्पक्ष जांच करवाने और आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

पंचायती राज चुनाव में पूरी ताकत से उतरेगी आप

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। आम आदमी पार्टी आगामी पंचायती राज चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी। यह बात प्रदेश सह प्रभारी विकास बग्गा ने मंगलवार को हनुमानगढ़ में मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि निकाय चुनावों में पार्टी ने बारां नगर परिषद में बहुमत हासिल किया तथा प्रदेश में 42 वार्डों में जीत दर्ज की। अब पंचायत चुनावों में अधिक से अधिक प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। बग्गा ने राजस्थान की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसे चुनाव का प्रमुख मुद्दा बताया। उन्होंने भाजपा पर विपक्षी नेताओं और कार्यकताओं पर दबाव बनाने तथा निर्वाचित प्रत्याशियों को अपने पक्ष में करने के प्रयासों का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी इन मुद्दों को जनता के बीच लेकर जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजवीर माली, सुरेन्द्र बेनीवाल और सचिन कौशिक मौजूद रहे।

नामांकन पत्रों की जांच में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायती राज चुनाव की तैयारियों के तहत मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में एडीएम उम्मेदीलाल मीणा की अध्यक्षता में रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें नामांकन पत्रों की जांच निर्धारित समय-सारणी के अनुसार करने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने स्पष्ट किया कि स्क्रूटनी का समय नहीं बढ़ाया जाएगा और जांच में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों को प्रत्याशियों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष, पात्रता, आपराधिक मामलों और अयोग्यता संबंधी प्रावधानों की नियमानुसार जांच करने को कहा गया। ग्राम पंचायत से जुड़े मामलों में पक्षकार होने की स्थिति में भी पात्रता परखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी करवाने के लिए कहा गया। जिले की विभिन्न तहसीलों में भी चुनाव तैयारियों को लेकर बैठकें आयोजित की गईं।

नि:शुल्क शिविर लगाया

हनुमानगढ़। टाउन स्थित प्राकृतिक चिकित्सालय की ओर से सालासर-पल्लू धाम की पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए मंगलवार को नि:शुल्क शिविर शुरू किया गया। करीब एक सप्ताह तक चलने वाले शिविर में पदयात्रियों को थकान से राहत देने के लिए पैरों की मसाज, वाइब्रेशन थैरेपी और कांसा मशीन से मालिश की सुविधा दी जा रही है।

लंबित पत्रावलियों के सरलीकरण और आमजन को राहत देने के निर्देश, शिविर में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

भादरा : पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने किया विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

सीमा सन्देश # भादरा। नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने मंगलवार को नगर पालिका परिसर में आमजन की समस्याओं को लेकर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने पार्षदों एवं विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों के साथ बैठक कर कस्बे की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर चर्चा की। इसके बाद गोयल ने नगर पालिका की विभिन्न शाखाओं एवं सेवा सुशासन शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोयल ने सेवा सुशासन शिविर का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों के अनुपस्थित कार्मिकों के संबंध में संबंधित विभागाध्यक्षों को कार्रवाई के लिए कहा।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर व्यापक उद्देश्य के साथ इन शिविरों का आयोजन किया है। शिविर का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका कर्मचारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार संज्ञान लेकर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र तथा पानी एवं बिजली कनेक्शन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे कार्यों को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने पर आवेदन प्राप्ति के दिन ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों पर जताई चिंता: प्रधानमंत्री आवास योजना कक्ष के निरीक्षण के दौरान गोयल ने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन पात्र लाभार्थियों की पहली किस्त जारी हो चुकी है, लेकिन उन्होंने निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, मउनकी दूसरी किस्त नियमानुसार रोकी जाए।निर्माण कार्य शुरू होने के बाद निष्पक्ष जियो-ट्रैकिंग सुनिश्चित करते हुए ही अगली किस्त जारी की जाए।

फायर कक्ष का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं को असंतोषजनक बताया

उन्होंने निर्देश दिए कि फायर परिसर सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित होना चाहिए तथा यहां अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित कार्यों के अतिरिक्त अन्य गतिविधियां नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद हरिप्रकाश शर्मा, दयानंद खोखेवाला, सज्जन सैनी, अकबर खान, अयूब जमाला, पार्षद प्रतिनिधि हर्ष नाहटा, प्रेम झोरड़, जगतराम कुचबंद, प्रेम स्वामी सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

हनुमानगढ़ सर्किल में 65 करोड़ बकाया, नगर परिषद पर अकेले 12 करोड़ की देनदारी

दीपावली पर बिजली कटौती से राहत, जल्द पूरा होगा मेंटेनेंस वर्क

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली पर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने तैयारियां तेज कर दी हैं। हनुमानगढ़ सर्किल के हनुमानगढ़ और संगरिया डिविजन की मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में बिजली आपूर्ति, राजस्व वसूली, लाइन लॉस, लंबित कनेक्शन और दीपावली से पहले किए जाने वाले मेंटेनेंस कार्यों की समीक्षा की गई। अधीक्षण अभियंता आरसी चारण की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को निर्धारित समय में आवश्यक कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए। अधीक्षण अभियंता आरसी चारण ने बताया कि हनुमानगढ़ सर्किल में सितंबर तक राजस्व वसूली 91 प्रतिशत रही है, जबकि लक्ष्य 100 प्रतिशत वसूली का है। घरेलू, सरकारी सहित अन्य नियमित उपभोक्ताओं पर करीब 65 करोड़ रुपए बकाया हैं। इनमें नगर परिषद पर लगभग 12 करोड़ रुपए की बकाया राशि शामिल है। बैठक में राजस्व वसूली में तेजी लाने और लंबित कनेक्शनों सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई करने की समीक्षा की गई।



चारण ने बताया कि दीपावली पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए मेंटेनेंस कार्य शुरू करवाया जा रहा है। प्रयास रहेगा कि अक्टूबर अंत तक सभी आवश्यक रखरखाव कार्य पूरे कर लिए जाएं, ताकि त्योहार के दौरान शटडाउन की आवश्यकता नहीं पड़े। इसके लिए सब डिविजन स्तर पर टीमें गठित की गई हैं, जिनमें एफआरटी की टीमें भी शामिल हैं। ये टीमें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फीडरवार मेंटेनेंस करेंगी। मेंटेनेंस के दौरान ट्रांसफार्मरों की जांच और आवश्यक रखरखाव किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में बिजली का लोड अधिक है, वहां जरूरत के अनुसार अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे।

पीएम सूर्यघर योजना में डिस्कॉम में दूसरे स्थान पर जिला

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में हनुमानगढ़ सर्किल जोधपुर डिस्कॉम में दूसरे स्थान पर है। योजना के तहत अब तक करीब 18,500 कनेक्शन हो चुके हैं। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि योजना के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र उपभोक्ताओं को योजना का लाभ समय पर मिल सके।

हनुमानगढ़ : सीता हरण के मंचन ने दर्शकों को किया भावविभोर

स्वरूपनखा प्रसंग, खर-दूषण वध और सीता हरण का सजीव मंचन



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित नगर परिषद रामलीला रंगमंच पर श्रीरामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के सातवें दिन सोमवार रात विभिन्न प्रसंगों का परंपरागत गरिमा के साथ सजीव मंचन किया गया। पंचवटी प्रसंग, स्वरूपनखा-लक्ष्मण संवाद, खर-दूषण वध और रावण की ओर से सीता हरण के दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति देखने के लिए मंचन स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक उमड़े। कार्यक्रम की शुरुआत श्री अमरनाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों की ओर से भोलेनाथ की सचेतन झांकी की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। इसके बाद पंचवटी प्रसंग का मंचन किया गया, जिसमें भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण को वन में ऋषि-मुनियों के दर्शन करते हुए दिखाया गया। इसके पश्चात स्वरूपनखा और भगवान राम के बीच संवाद तथा लक्ष्मण द्वारा स्वरूपनखा की नाक-कान काटे जाने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। आगे खर-दूषण वध और रावण की ओर से सीता हरण के प्रसंग का मंचन हुआ। सीता की खोज के दौरान भीलनी के आश्रम का प्रसंग भी आकर्षण का केन्द्र रहा। रामलीला में रावण की भूमिका बहादुर सिंह, सीता की भूमिका उज्ज्वल कुमार, स्वरूपनखा की भूमिका हिमांशु वाधवानी, खर-दूषण की भूमिका नितिन बंसल व संदीप बंसल और मामा मारीच की भूमिका सोनू शर्मा ने निभाई। भीलनी की भूमिका द्वारपाल, राम की भूमिका ओम स्वामी तथा लक्ष्मण की भूमिका संजय सैन ने निभाई। मंचन का निर्देशन प्रेम पारीक ने किया। उपनिदेशक बहादुर सिंह और अशोक मिड्ढा का सानिध्य रहा।

66 वर्षों से निभाई जा रही परंपरा

समिति सचिव दिनेश तलवाड़िया ने बताया कि श्रीरामलीला समिति पिछले 66 वर्षों से रामलीला का आयोजन कर रही है। इसमें नए और अनुभवी कलाकार मिलकर मर्यादा और परंपरागत शैली में विभिन्न प्रसंगों का मंचन करते हैं। समिति अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने बताया कि परंपरा के अनुसार प्रतिदिन 100 ग्राम चांदी के सिक्के से देवी-देवताओं की झांकी का तिलक किया जाता है। यह सिक्का 21 अक्टूबर की मध्यरात्रि 12.15 बजे लॉटरी के माध्यम से चुना जाएगा और सौभाग्यशाली श्रद्धालु को भगवान श्रीराम के हाथों से भेंट किया जाएगा।

रावतसर : गोगाजी के लोकगीतों पर हुआ विमर्श

सीमा सन्देश# रावतसर। निधि कुंज भवन रावतसर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, राजस्थान इकाई हनुमानगढ़ की ओर से लोकदेवता गोगाजी के पारंपरिक लोकगीतों के गायन एवं चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माया ,सुमित्रा, बिमला, चंचल, रोशनी ने सांस्कृतिक महत्ता, लोकआस्था और परंपराओं पर चर्चा की। डॉ. नीता अग्रवाल ने कहा कि लोकगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत के संवाहक हैं। इनमें जनमानस की आस्था, विश्वास और परंपराएं अभिव्यक्त होती हैं। ऐसे आयोजन लोकसाहित्य के संरक्षण और नई पीढ़ी तक उसके हस्तांतरण में महत्त्वपूर्ण



भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बीकानेर संभाग संयोजक एवं शिक्षाविद् डॉ. महावीर प्रसाद पूनियां ने कहा कि लोकमंथन भारतीय लोकपरंपराओं, लोकज्ञान और सांस्कृतिक मूल्यों पर चिंतन एवं संवाद का माध्यम है। लोकदेवताओं से जुड़ी परंपराएं भारतीय संस्कृति की समृद्धि और सामाजिक एकात्मता को दर्शाती हैं।

पुत्रवधू पर मारपीट व मकान पर कब्जे का आरोप

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन के सुरेशिया निवासी 61 वर्षीय बृजप्रकाश गोदारा ने पुत्रवधू नेहा और उसके पिता पर मारपीट, तोड़फोड़ व मकान पर कब्जा करने के आरोप लगाए हैं। न्यायालय में पेश इस्तगासे के आधार पर जंक्शन पुलिस ने मामला दर्ज किया है। परिवादी के अनुसार, 15 जून को बहू ने घर में घुसकर सामान तोड़ा, जिससे करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ। उन्होंने दवाइयां नहीं देने तथा जेवरात, नकदी और संपत्ति दस्तावेज हड़पने की आशंका भी जताई। मामले की जांच एएसआई विजेंद्र कुमार कर रहे हैं।

प्रियंका खदरिया अध्यक्ष व वंशिका गोल्याण सचिव नियुक्त

अग्रवाल समाज नोहर में महिला संस्था का गठन

सीमा सन्देश # नोहर। अग्रवाल समाज, नोहर में महिलाओं की सामाजिक एवं जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक नई पहल की गई है। समाज की महिलाओं को सेवा कार्यों से जोड़ने तथा सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित के कार्यों में उनकी भूमिका को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महिला संस्था का गठन किया गया है। संस्था में प्रियंका खदरिया को अध्यक्ष एवं वंशिका गोल्याण को सचिव नियुक्त किया गया है। संस्था के आगामी विस्तार और गठन से संबंधित समस्त कार्यवाही की



जिम्मेदारी नवनियुक्त अध्यक्ष प्रियंका खदरिया को सौंपी गई है। इस पहल का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एकजुट कर सेवा कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाना तथा सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को नई ऊर्जा प्रदान करना है। उम्मीद जताई गई है कि नवगठित संस्था समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। महिला संस्था के गठन पर समाज में उत्साह का माहौल है। इस पहल के लिए समाजबंधुओं एवं मातृशक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

रिफ्लेक्टर लगाए

हनुमानगढ़। सालासर जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए यातायात पुलिस ने विशेष पहल की है। मंगलवार को यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिन्दा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के बैग और टी-शर्ट पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। इससे रात के समय वाहन चालकों को श्रद्धालु दूर से नजर आएंगे और सड़क हादसों की आशंका कम होगी।

तेज रफ्तार बाइक ने ऊंटगाड़े को मारी टक्कर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भादरा कस्बे में करनपुरा माइनर पुल के पास मोटरसाइकिल की टक्कर से ऊंटगाड़ा लेकर जा रहे किशनलाल जांगिड़ घायल हो गए। उनके बेटे राजेश कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक विकास निवासी वार्ड नंबर 2, भादरा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 10 अक्टूबर को सुबह करीब पांच बजे किशनलाल सड़क किनारे ऊंटगाड़ा खड़ा कर सांकल ठीक कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आई मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके दोनों पैरों, हाथों सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। उनका मंगलम अस्पताल में उपचार जारी है।

जागरूकता : नशे से दूर रहकर शिक्षा और खेलों में आगे बढ़ें युवा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राष्ट्रीय युवक परिषद की ओर से संचालित नशा मुक्त हनुमानगढ़ अभियान के तहत मंगलवार को डीएवी स्कूल में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी



देते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने के साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय युवक परिषद के जिलाध्यक्ष प्रवीण जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है।

बड़ी संख्या में पार्टी संबल पर चुनाव लड़ने की लोगों ने जताई दावेदारी

पंचायती राज चुनाव: निवर्तमान सरंपच ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा

सीमा सन्देश# रावतसर।

भाजपा देहात मंडल रावतसर की ओर से पंचायती राज चुनावों की तैयारियों एवं संगठनात्मक विषयों को लेकर मंगलवार को माहेश्वरी धर्मशाला रावतसर में बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकताओं की ओर से बड़ी संख्या में आवेदन प्रस्तुत किए गए। बैठक में देहात मंडल प्रभारी कौशल शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, मंडल अध्यक्ष विनोद पलथानिया तथा देहात संयोजक कानाराम छापोला, सुशील जोशी किरण मेघवाल ने संबोधित किया।



भागीदारी निभाओ

कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष विनोद पलथानिया के नेतृत्व में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू की अध्यक्षता में चुनाव प्रभारी कौशल शर्मा तथा पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची की उपस्थिति में ग्राम पंचायत बुधवालिया की निवर्तमान सरपंच पुष्पा पड़ीहार ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा पदाधिकारियों ने उनका पार्टी में स्वागत किया। बैठक में आगामी चुनावों की तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं चुनावी रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत बनाने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा चुनावी तैयारियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा देहात मंडल के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री विनोद पूनिया ने किया।

एसडीएम को मिला नगर परिषद आयुक्त का अतिरिक्त चार्ज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नगर परिषद आयुक्त हेमाराम के तबादले के बाद उपखंड अधिकारी श्याम सुंदर बेनीवाल को आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। बेनीवाल आगामी आदेश तक अपने मूल पद के साथ नगर परिषद आयुक्त के दायित्व भी संभालेंगे। हेमाराम का 3 अक्टूबर को प्रतापगढ़ नगर परिषद आयुक्त पद पर तबादला होने से हनुमानगढ़ में यह पद रिक्त हो गया था। इससे आमजन के नियमित कार्य प्रभावित हो रहे थे। प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए एसडीएम को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राजकीय कृषि महाविद्यालय नोहर में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

एआई तकनीक पर विद्यार्थियों की प्रस्तुति

सीमा सन्देश # नोहर। राजकीय कृषि महाविद्यालय, नोहर में मंगलवार को विकसित भारत-जनसेवा अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. वीणा छिम्पा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का विशेष ध्यान कृषि क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक, जैविक खेती और आधुनिक कृषि पद्धतियों पर केंद्रित रहा। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न चार्ट, मॉडल और पोस्टर के माध्यम से बताया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके अलावा विकसित गांव और विकसित नगर की संकल्पना पर आधारित प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।



विकसित राष्ट्र की राह गांव से

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. वीणा छिम्पा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने की राह गांवों और खेतों से होकर गुजरती है। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और जैविक खेती के बेहतर समन्वय से समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने एआई तकनीक और उन्नत कृषि के प्रति अपनी समझ एवं विचारों को जिस तरह प्रस्तुत किया, वह सराहनीय है।

मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ: कार्यक्रम के समापन पर लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्राचार्य ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को जागरूक मतदाता की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. कीर्ति बंसल, डॉ. विक्रम सिंह नुईयां, हर्षदीप सिंह, सुधीर कुमार, महेंद्र भोजक और पूनम कुमार सहित महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

उर्वरकों का आवंटन वास्तविक खपत एवं क्षेत्रीय आवश्यकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश

किसानों को मांग के अनुरूप समय पर यूरिया एवं डीएपी उपलब्ध करवाने के निर्देश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रबी सीजन के दौरान किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप यूरिया एवं डीएपी सहित सभी उर्वरकों की समयबद्ध एवं सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल एवं राजफैड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर में उर्वरकों की उपलब्धता, आवंटन, आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं उर्वरक आपूर्तिकर्ता कम्पनियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने कहा कि किसानों को उनकी वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च



प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि यूरिया एवं डीएपी का जिलेवार आवंटन संबंधित क्षेत्रों की वास्तविक खपत, फसलों की आवश्यकता एवं मांग के अनुरूप किया जाए, ताकि किसी भी जिले में उर्वरकों की अनावश्यक कमी अथवा असंतुलित वितरण की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने कहा कि उर्वरक वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं किसान हितैषी बनाया जाए। किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े तथा उन्हें निकटतम वितरण केन्द्रों पर आसानी से उर्वरक उपलब्ध हो सके। गोयल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को यूरिया एवं डीएपी के साथ अन्य उत्पादों की अनिवार्य खरीद के लिए बाध्य नहीं किया जाए। उर्वरकों की बिक्री में किसी भी प्रकार की अवांछित टैगिंग नहीं होनी चाहिए। किसानों को उनकी मांग एवं आवश्यकता के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त शर्त के उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण केन्द्रों की नियमित निगरानी की जाए तथा किसानों को निर्धारित दरों पर सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।

कालाबाजारी पर रखें विशेष निगरानी

कृषि आयुक्त ने कहा कि किसानों के लिए आवंटित उर्वरकों का उपयोग कृषि कार्यों में ही सुनिश्चित किया जाए। उर्वरकों के अवैध भंडारण, गैर-कृषि कार्यों में डायवर्जन एवं कालाबाजारी की रोकथाम के लिए विभागीय अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें। उर्वरकों की आपूर्ति से लेकर अंतिम वितरण तक प्रभावी निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि फसलों में आवश्यकता से अधिक यूरिया का प्रयोग करने के बजाय मृदा स्वास्थ्य एवं फसल की पोषक तत्वों की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। कृषि विभाग के अधिकारी फील्ड स्तर पर किसानों को उर्वरकों की उचित मात्रा, उपयोग की सही विधि एवं संतुलित पोषण के लाभों की जानकारी दें, ताकि कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहे। राजफैड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी ने उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें।

नोहर : बाड़ी वाली रामलीला में शूर्पणखा की नाक कटी

सीता हरण ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाई



सीमा सन्देश # नोहर। शहर की ऐतिहासिक बाड़ी वाली रामलीला में श्रीराम नवयुवक विजय नाट्य परिषद के बैनर तले रामलीला का मंचन जारी है। इस दौरान शूर्पणखा प्रसंग, खर-दूषण वध और लंकापति रावण तक घटना की सूचना पहुंचने के दृश्य प्रस्तुत किए गए। कलाकारों के सशक्त अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को रामकथा के रोमांचक घटनाक्रम से जोड़ दिया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े। मंचन के दौरान लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा की नाक काटने तथा इसके बाद श्रीराम और लक्ष्मण के हाथों खर-दूषण के संहार के दृश्य साकार किए गए। शूर्पणखा के अपमान की सूचना लंकापति रावण तक पहुंचने पर उसके क्रोधित होने का प्रसंग भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन दृश्यों ने आगामी संघर्ष और सीता हरण की भूमिका तैयार करते हुए दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी। कार्यक्रम के दौरान रामलीला कमेटी की ओर से अतिथि एडवोकेट अनिश सर्राफ एवं मैनेजर प्रभु शर्मा का सम्मान किया गया।

यात्रियों के लिए 12वां भंडारा रवाना

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से सालासर जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 12वें भंडारे का सेवा दल मंगलवार को रवाना हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद जोशी ने गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रतनगढ़ संकट मोचन मंदिर से करीब एक किलोमीटर आगे रतनगढ़ बाईपास पर लगने वाले भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए भोजन, विश्राम और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान समिति के सदस्य और सेवादार मौजूद रहे।

बरवाली गांव बस सेवा से वंचित

सीमा सन्देश # बरवाली। करीब 6500 की आबादी वाला बरवाली गांव रोडवेज और लोक परिवहन बस सेवा से वंचित है। इससे ग्रामीणों और विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों को पहले छह किलोमीटर दूर बरवाली बस स्टैंड और फिर रामगढ़ मुख्य बस स्टैंड पहुंचना पड़ता है। ग्रामीण कई बार बस सेवा शुरू करने की मांग उठा चुके हैं। उनका कहना है कि गांव को बस सेवा से जोड़ने पर लोगों को राहत मिलेगी और गोगामेड़ी आने-जाने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी।

बालाजी के भजनों पर रातभर झूमे श्रद्धालु

सीमा सन्देश # टोपरियां। गांव के गंधेली रोड स्थित श्री बालाजी महाराज दरबार में जागरण आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना, राम स्तुति और हनुमान चालीसा से हुई। इसके बाद सोनू गोदारा एंड पार्टी ने बालाजी के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु रातभर झूमते रहे और जयकारों से दरबार गूंज उठा। श्री बालाजी कमेटी की ओर से चाय-पानी की व्यवस्था की गई। सुबह आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

बिरकाली के पास 19वें भंडारे का शुभारंभ

सीमा सन्देश # टोपरियां। मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की ओर से बिरकाली के पास 19वें भंडारे का शुभारंभ किया गया। यह भंडारा 13 से 18 अक्टूबर तक चलेगा। मां भगवती की पूजा-अर्चना के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने उद्घाटन किया। भंडारे में पल्लू और सालासर जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

पंचायत चुनाव : कांग्रेस की बैठक में बोले विधायक चाचाण

किसान पानी के लिए तरस रहा है

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत चुनाव को लेकर मंगलवार को रामा मैरिज पैलेस में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पीसीसी सदस्य राजेंद्र चाचाण की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचे। बैठक में पंचायत चुनाव की रणनीति पर मंथन किया गया। साथ ही टिकट वितरण को लेकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अमित चाचाण ने कहा कि पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता कांग्रेस को विजयी बनाने के लिए धरातल पर जुट जाए। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान, हरियाणा और केन्द्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद क्षेत्र का किसान पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहा है। सिंचाई पानी मिलना तो दूर, अब पीने के पानी के लिए भी हाहाकार मचा हुआ है। विधायक ने निकाय चुनाव में सरकारी मशीनरी



के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने चोर रास्ते से सत्ता हासिल की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अब वोट चोरी के साथ पार्षदों की भी चोरी करने लगी है। चाचाण ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार को बने करीब तीन साल होने को हैं, लेकिन क्षेत्र में विकास का कोई बड़ा काम नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायत चुनाव में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के बाद ही टिकटों का वितरण किया जाएगा।

भाजपा सत्ता में रहना चाहती है

विधानसभा प्रभारी सद्दाम हुसैन ने कहा कि भाजपा डर और भय का माहौल पैदा करके सत्ता हासिल करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है और आमजन राज्य सरकार की नीतियों से परेशान है। पंचायत चुनाव में जनता भाजपा को इसका जवाब देगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर ने कहा कि कार्यकर्ताओं की जनभावनाओं के अनुरूप जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवारों को टिकट दिया जाएगा। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनवारी सुथार, पूर्व प्रधान सोहन ढिल, जिला उपाध्यक्ष निहाल सिंह कड़वासरा, जिला कोषाध्यक्ष निरंजन गोल्याण, जिंद्रपाल गोदारा, धर्मपाल गोदारा, हंसराज सिरावता, शंकरलाल शर्मा, विनोद गोदारा, बलतेज सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष आरिफ टाक, मुकेश सहारण सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर में 1739 यूनिट रक्त संग्रहित

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत जिले में आयोजित रक्तदान शिविरों में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया। 17 सितम्बर से आयोजित अभियान के अंतर्गत हनुमानगढ़ जिले में अब तक 27 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 1739 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इन शिविरों के माध्यम से स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविरों में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान कर यह संदेश दिया कि स्वैच्छिक रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। शिविरों के दौरान रक्तदान के महत्व, इसकी आवश्यकता तथा नियमित अंतराल पर स्वैच्छिक रक्तदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नंबर-1 में बाल मेले का आयोजन



सीमा सन्देश # नोहर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नंबर-1, नोहर के प्राथमिक अनुभाग में मंगलवार को बाल मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक, रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी अच्छी भागीदारी रही। बाल मेले में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए क्रम से सजाओ, देखो और बताओ, मिट्टी से खिलौने बनाना, विभिन्न कलाकृतियां तैयार करना, बाहरी खेल गतिविधियां, कहानी वाचन एवं कविता वाचन जैसी प्रतियोगितात्मक और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा रचनात्मक कौशल विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में एसीबीईओ-2 महेश सिंधी ने शिरकत की तथा बाल मेले की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य राकेश कस्वां एवं उपप्रधानाचार्य जागृति कन्दोई ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

मतदान के लिए किया जागरूक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र के राजकीय एवं निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने आमजन को चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) यशपाल असीजा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में लगभग 23,912 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

आदर्श रामलीला हाथीपुरा में विजय चौबे का सम्मान

सीमा सन्देश # भादरा। स्थानीय आदर्श रामलीला हाथीपुरा में विजय चौबे को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चौबे ने प्रभु श्रीराम की विधिवत आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान विजय चौबे ने रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमेश तंवर एवं समस्त पदाधिकारियों का उन्हें आमंत्रित करने तथा सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के



आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, धर्म, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है।

भाजपा के प्रताप सिंवर बने नोहर पंचायत समिति चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक

सीमा सन्देश # नोहर। भारतीय जनता पार्टी ने पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों को लेकर संगठनात्मक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा



के प्रताप सिंवर को नोहर पंचायत समिति चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति जिला संयोजक आशीष पारीक ने की। प्रताप सिंवर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंचायत समिति (ब्लॉक) एवं जिला परिषद चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा लेकर आएं, ताकि उनकी दावेदारी से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सके। उन्होंने इच्छुक उम्मीदवारों से अपील की कि वे अपने राजनीतिक एवं सामाजिक अनुभव, संगठनात्मक गतिविधियों तथा अन्य आवश्यक विवरणों के साथ अपना बायोडाटा प्रस्तुत करें।

बच्चों को उनके अधिकारों के बारे बताया

सीमा सन्देश# रावतसर। विधिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को एस.एच.डी. स्कूल , रावतसर में अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाओ, अपनी सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहो जहां शिक्षा होती है, वहां कोई बच्चा असुरक्षित नहीं होना चाहिए विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट विधिका आर्य ने स्विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाओ, अपनी सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहो ' जहां शिक्षा होती है, वहां कोई बच्चा असुरक्षित नहीं होना चाहिए विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताया ' विद्यालय व अन्य जगहों पर अपने अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इससे पूर्व न्यायाधीश महोदया का विद्यालय प्रांगण में पहुँचने पर संस्था निदेशक ओमप्रकाश सिहाग, व्यवस्थापक रविंद्र गोदारा, प्रधानाचार्या श्रीमती गगनदीप कौर व समस्त स्टाफ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। शिविर में कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने न्यायाधीश महोदया व सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कामना ने एथलेटिक्स की 3 स्पर्धाओं में जीता गोल्ड

विद्यालय पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत, बेस्ट प्लेयर का अवार्ड भी मिला

सीमा सन्देश # टोपरियां। गांव दुर्जाना की छात्रा कामना ने 70वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्पर्धाओं में पहला स्थान हासिल किया। 17/19 वर्षीय वर्ग में कामना ने 400 मीटर दौड़, 400 मीटर बाधा दौड़ और 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उसे प्रतियोगिता की बेस्ट प्लेयर का अवार्ड भी मिला। उसकी उपलब्धि से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दुर्जाना को



तीसरी चैंपियनशिप का सम्मान प्राप्त हुआ। विद्यालय पहुंचने पर कामना का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य पुष्पा वर्मा, कामना के पिता रोहतास, समस्त स्टाफ, एसएमसी और एसडीएमसी सदस्यों ने फूलों की बारिश कर उसका अभिनंदन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विद्यार्थियों को अधिकारों और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



सीमा सन्देश # टिब्बी। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 2 केएसपी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। एसीजेएम एवं तालुका विधिक सेवा समिति टिब्बी के अध्यक्ष तुषार बिश्नोई ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और स्कूल में सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। शिविर में ह्यट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडेह्व के तहत अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं, अपनी सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहें-शिक्षा के स्थान पर कोई भी बच्चा असुरक्षित नहीं होना चाहिए-विषय पर जानकारी दी गई। बिश्नोई ने कहा कि सुरक्षित विद्यालय ही बच्चों के सपनों को पंख देता है। कार्यक्रम के दौरान तुषार बिश्नोई ने विद्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण भी किया।

जिला कलक्टर को भेजी गई पत्रावली, 2023 में हुए थे चुनाव

चुनाव की हलचल तेज, 1 एनपी भी शामिल

सीमा सन्देश # चारणवासी। जल संसाधन विभाग ने एनपी 1 को खिनानियां वितरिका प्रबंध समिति में शामिल करने का कार्य पूरा कर लिया है, जिससे प्रबंध समिति के चुनावों की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। विभाग ने प्रबंध समिति के चुनाव करवाने के लिए पत्रावली जिला कलेक्टर और एसडीएम को भेज दी है, जिनके आदेश मिलने के बाद ही चुनाव की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बताते चलें कि विभाग ने वर्ष 2023 में एनपी 1 से 22 के चुनाव करवाए थे, लेकिन इसके बाद विभाग प्रबंध समिति सदस्य व चेयरमैन के चुनाव करवाना भूल गया। जून में विभाग ने चुनाव कार्यक्रम निर्धारित किया था, उस समय एनपी 1 के जसाना वितरिका में शामिल होने के कारण अड़चन आ गई थी। जबकि भौगोलिक और तकनीकी दृष्टि से एनपी 1 को खिनानियां वितरिका में होना चाहिए



था। इसी विसंगति को सुधारने की मांग मुख्य अभियंता (चीफ) से की गई थी। चीफ ने एनपी 1 को खिनानियां वितरिका में शामिल करने की प्रशासनिक कवायद के चलते चुनावों को स्थगित कर दिया था। अब एनपी 1 को खिनानियां वितरिका में जोड़ दिया गया है, इसलिए पुनः अध्यक्षों ने चुनाव करवाने की मांग की है। इस पूरी परियोजना में जसाना-खिनानियां वितरिका व नोहर वितरिका के रूप में तीन प्रबंध क्षेत्र आते हैं। नई सूची के अनुसार खिनानियां वितरिका में एनपी 1, 2, 3, 4, 5, 6; जसाना वितरिका में एनपी 7, 8, 9, 10, 11, 12; और नोहर वितरिका में एनपी 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22 शामिल हैं।

22 अध्यक्षों की औपचारिक सहमति, 3 सदस्य निर्विरोध चुने

उल्लेखनीय है कि नियमतः पहले तीनों प्रबंध समितियों के अध्यक्षों के चुनाव होते हैं, जिसके बाद निर्वाचित तीन प्रबंध समिति सदस्यों में से एक को चेयरमैन चुना जाता है। चेयरमैन बनने के बाद किसानों को नहरी बारी, खाला, बाराबंदी व सिंचाई प्रणाली से जुड़े अन्य कार्यों के लिए विभागीय अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विभागीय स्तर पर भले ही जिला कलेक्टर के आदेश पर चुनाव होने हैं, लेकिन 22 अध्यक्षों ने औपचारिक सहमति से तीनों वितरिका समितियों के 3 सदस्यों को निर्विरोध चुन लिया है। इनमें खिनानियां वितरिका से एनपी 4 अध्यक्ष इंद्राज पटीर, जसाना वितरिका से एनपी 10 अध्यक्ष गुरमेल सिंह और नोहर वितरिका से रमेश सहारण को निर्विरोध चुना गया है। अब इन्हीं तीनों में से किसी एक को चेयरमैन बनाया जाएगा। एक्सईएन प्रियंका चौधरी ने बताया कि प्रबंध समिति के चुनाव करवाने के लिए पत्रावली जिला कलेक्टर व एसडीएम को भेजी गई है। उनके आदेश से ही यह स्पष्ट होगा कि प्रबंध समिति के चुनाव पंचायती राज चुनावों के बीच करवाए जाने हैं या बाद में। विभागीय स्तर पर तैयारियां पूरी हैं।

नामांकन प्रक्रिया को लेकर आरओ और एआरओ का प्रशिक्षण आयोजित



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तृतीय एवं चतुर्थ चरण के तहत नामांकन और मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नामांकन प्रक्रिया के नियमों, दस्तावेजों की जांच और चुनावी व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। तृतीय चरण में शामिल पंचायत समितियों के सदस्यों और जिला परिषद के सभी सदस्यों के लिए 19 अक्टूबर से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेदी लाल मीना की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने नामांकन से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। इसमें प्रारूप क के भाग अ और ब, नामांकन पत्रों को स्वीकार या अस्वीकार करने की परिस्थितियां, नियम 58(5)(जी), प्रतिभूति राशि, विकल्प उम्मीदवार से जुड़े प्रावधान तथा केवल नीली स्याही से हस्ताक्षरित प्रारूप ख के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

पुष्पक ज्योति पब्लिक स्कूल ने प्राप्त की 17 वर्षीय द्वितीय चैंपियनशिप



सीमा सन्देश # सूरांवाली। पुष्पक ज्योति पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूरांवाली के छात्र पंकज कुमार ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया। छात्र ने दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 800, 1500 और 3000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के आधार पर पंकज कुमार का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन के बाद विद्यालय लौटने पर छात्र का विद्यालय परिवार और ग्रामीणों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय और गांव में खुशी का माहौल है।इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल एवं समस्त ग्रामवासियों ने पंकज कुमार को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेगा।

स्कूल शिक्षा परिवार ने चेयरमैन डॉ. मयंक का सम्मान किया



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर

नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मयंक सिंघल का स्कूल शिक्षा परिवार के सदस्यों द्वारा सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। सम्मान समारोह में राजीव खेतान जिलाध्यक्ष, मुकेश सेठी श्रीगंगानगर ब्लॉक अध्यक्ष, दिनेश सेतिया, वेदप्रकाश स्वामी कोषाध्यक्ष एवं राघवेंद्र श्रीगंगानगर, रायसिंहनगर से पालाराम बिश्नोई, गुलशन पुनयानी, चंद्रभान रिणवा ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण, अमरदीप शर्मा ब्लॉक प्रभारी, रामप्रताप गढ़वाल, जगदीश बुडानिया, भवानी, राजू, रमन सेखों, मनोज अरोड़ा, योगराज बिश्नोई, जगसीर सिंह बराड़, शीशराम मीणा, राजकमल, लखविंदर समेजा, अरविंद बिश्नोई, सुरेश शर्मा एवं गुरजंट सिंह, यशपाल बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

श्रीकरणपुर: महात्मा गांधी स्कूल में बाल मेले का आयोजन



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

स्थानीय पीएमश्री महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद दिवस पर बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीजे श्रीमती माहेश्वरी, सीबीईओ श्रीमती अंजु पसरीचा, एसीबीईओ भूपेंद्र सिंह शाह तथा आरपी सुनील खटोड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। बाल मेले में संज्ञानात्मक विकास हेतु रंगों, आकारों एवं वस्तुओं की पहचान, मिलान व वर्गीकरणः सृजनात्मक विकास हेतु मिट्टी के खिलौने, टच पेंटिंग, कोलाज एवं चित्रकारी भाषा विकास हेतु कहानी, कविता, संवाद एवं कठपुतली अभिनय तथा बाहरी खेलों एवं अभिभावक वालक संयुक्त गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल जसविंद्र कौर, स्टाफ विक्रम सिंह, अनुराग धींगड़ा, सतवीर सिंह, निर्मला, मंजू डोडा, कंचन कंबोज, सहायक कर्मचारी वीरेंद्र सिंह व सुमन तथा जसदीप सिंह व्याख्याता सहित समस्त उपस्थित जनों का भागीदारी के लिए आभार जताया। आयोजन से बच्चों में रचनात्मकता, भाषा कौशल, आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता एवं सहयोग की भावना विकसित करने के साथ अभिभावकों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के महत्त्व के प्रति जागरूक किया गया।

नवनिर्मित आश्रम का प्रदीप खीचड़ ने किया शुभारंभ



सीमा सन्देश # सादुलशहर

श्री संकट हनुमान मंदिर हाथियांवाली धाम में मंदिर सेवा समिति की ओर से दानदाताओं के सहयोग से नवनिर्मित संत शिरोमणि मोहनदास आश्रम का शुभारंभ समिति अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल की अध्यक्षता में हुआ। नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड न बतौर मुख्य अतिथि लोकार्पण पट्टिका से पर्दा हटाकर किया। पुजारी राजेंद्र शर्मा, संदीप शर्मा के सान्निध्य में पूजा-अर्चना के पश्चात हुए कार्यक्रम में समिति के सुरेंद्र सिडाना ने बताया कि आश्रम के प्रथम तल के निर्माण पर करीब 70 लाख रूपए की लागत आई हैं। इसमें 6 कमरे, हॉल तथा रसोई घर एवं कार्यालय कक्ष का निर्माण संपन्न करवाया गया है। इसमें अब सालासर एवं पल्लू धाम जाने वाले पद यात्रियों को ठहरने, आराम करने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, संरक्षक रतनलाल गोयल, उपाध्यक्ष साहिल बाघला, कमल गोयल, पार्षद प्रतिनिधि स्वरूप चौधरी, रणजीत सहारण, संतलाल हरियाणवी, प्रेम गर्ग, अमर गोयल, डॉ. पूर्ण सिंह, मोहित सिडाना, श्याम कुमार शर्मा, राजेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

सराहनीय सेवाएं देने वालों का हुआ सम्मान, दिए स्मृति चिन्ह



सीमा सन्देश # सादुलशहर

महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के बुजुर्गो, सराहनीय कार्य करने वालों तथा मीडिया कर्मियों, जनप्रतिनिधियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अग्रवंश सेवा परिवार के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह प्रदान किए। सम्मानित होने वालों में पार्षद सविता सरदारशहरिया, मीनाक्षी अग्रवाल, कमलेश रानी सिंघल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, सीमा सन्देश प्रतिनिधि रवि गोयल, कुलदीप गोयल, अभिषेक सहारण, प्रकाश चंद्र अग्रवाल आदि शामिल थे। मंच संचालन वैद्य सुनील गोयल ने किया। इस दौरान डॉ. बीबी गुप्ता, डॉ. गौरव गुप्ता, योगेश गुप्ता, व्यापार मंडल के संरक्षक रतनलाल गोयल, पूर्व अध्यक्ष गिरधारी सरदारशहरिया, ओम सरदारशहरिया, राजीव सिंगला, ललित सिंगला, कपिल सिंगला, सामाजिक कार्यकर्ता संजीव गुप्ता, मनोज मोजी गुप्ता, शिक्षाविद जनकराज गुप्ता, राजेश गुप्ता, राजेश गोयल, पुलकित गोयल, छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष मनीष गोयल, सुनील अग्रवाल सहित काफी संख्या में समाज के नागरिक मौजूद थे।

संयुक्त टीम पहुंची, कच्चे-पक्के निर्माण, पानी की डिग्गी और बाड़बंदी हटाई

हाईकोर्ट के स्टे वाली जमीन से प्रशासन ने हटाए अतिक्रमण, तीन घंटे चली कार्रवाई

सीमा सन्देश # मानकसर

हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद मानकसर भाट बस्ती के पास जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को प्रशासन ने कार्रवाई की। उपखंड अधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार एवं मौका मजिस्ट्रेट विनोद कुमार कड़वासरा के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने करीब 5-6 बीघा जमीन से कच्चे-पक्के निर्माण, पानी की डिग्गी और बाड़बंदी हटाई। यह करवाई सुबह सवा 11 बजे शुरू हुई और करीब तीन घंटे चली। इस दौरान एक दर्जन से अधिक अतिक्रमण चिह्नित कर हटाए गए। पटवारी अशोक कुमार बताया कि संबंधित जमीन पर हाईकोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने और नए निर्माण नहीं करने के निर्देश दिए थे, इसके बावजूद मौके पर निर्माण और



बाड़बंदी किए जाने की जानकारी सामने आई। इसके बाद प्रशासन ने न्यायालय के आदेश की पालना में कार्रवाई की।

स्टांप पेपर पर जमीन खरीदने वालों को तहसीलदार की सलाह : कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने जमीन को अपनी बताते हुए स्टांप पेपर पर लिखित दस्तावेज होने का हवाला देकर विरोध जताया। इस पर तहसीलदार कड़वासरा ने दो टूक कहा कि केवल स्टांप पेपर पर लिखे दस्तावेज के आधार पर जमीन का वैधानिक मालिकाना हक साबित नहीं होता। यदि जमीन पर अधिकार का दावा है तो रजिस्ट्री या अन्य वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करें। तहसीलदार ने लोगों को भविष्य में केवल स्टांप पेपर के भरोसे प्लॉट या जमीन का सौदा नहीं करने की हिदायत दी। कार्रवाई के दौरान गिरदावर पवन सोनगरा, पटवारी अशोक कुमार, सूरतगढ़ सिटी थाने के एएआई राजेंद्र कुमार मय जाब्ता सहित राजस्व टीम मौजूद रही।

पंचायत चुनाव: 16 से 18 तक होंगे नामांकन

श्रीकरणपुर: भाजपा कोर कमेटी की बैठक में चुनाव प्रभारियों ने बनाई रणनीति



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव को लेकर भाजपा कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें पूर्व मंत्री व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह टीटी ने कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में हमें एकजुटता का परिचय देते हुए केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को मतदाताओं के बीच जाकर प्रचारित करना होगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बेहतर तालमेल बनाकर चल रहे हैं। भाजपा अब किसी से पहचान की मोहताज नहीं, जरूरत है तो बस आमजन तक लाभकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की।

बैठक में ये प्रभारी व अध्यक्ष हुए शामिल: श्रीकरणपुर व केसरीसिंहपुर के भाजपा देहात अध्यक्ष शिव भगवान व जसप्रीत सिंह बब्बू, चुनाव प्रभारी अमित चलाना, जिला परिषद चुनाव प्रभारी राजकुमार सोनी, संयोजक बलजिंदर सिंह मान, जसकरण सिंह बराड़, कुलवीर सिंह भी उपस्थित रहे। जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार 16 से 18 अक्टूबर तक अपने फार्म देहात मंडल अध्यक्षों के पास जमा करवा सकेंगे, ताकि नामों पर मंथन किया जा सके।

गांव बड़िंगां की खिलाड़ी छात्राओं का हुआ सम्मान



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। निकटवर्ती गांव बड़िंगां की छात्राओं ने इस वर्ष जिला स्तर की खेल प्रतियोगिताएं जीतने के पश्चात राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। खेल मैदान से लौटने पर गांव के खेल प्रेमी रोशन लाल तथा ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन की छात्रा नेत्री किरण हीरू ने मार्ल्यापण तथा मुंह मीठा करवाते हुए इन खिलाड़ी छात्राओं का सम्मान किया। इन खिलाड़ियों में कुमारी धनिषा, मीनाक्षी तथा भावना ने रग्बी फुटबॉल में जिला स्तरीय चैंपियनशिप जीतने के बाद राज्य स्तरीय खेल में अच्छा प्रदर्शन किया। इसी क्रम में सीरत कौर ने जिला स्तरीय साइकिलिंग में चार गोल्ड मेडल प्राप्त किये तथा राज्य स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त किया। सीरत कौर बडिंगा ने एथलेटिक्स के जिला स्तरीय कार्यक्रम में तश्तरी फैंक प्रतियोगिता में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

श्री करणी माता मंदिर में जागरण एवं भंडार 20 को

सीमा सन्देश # सादुलशहर। श्री करणी माता मंदिर में जागरण एवं भंडार का आयोजन 20 अक्टूबर मंगलवार को रात्रि सवा आठ बजे किया जाएगा। मंदिर पुजारी टीनू शर्मा के सान्निध्य में होने वाले एक दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम, जागरण का पूजन इंजी. राजीव मारवाल द्वारा करवाया जाएगा। श्री करणी माता का गुणगान भजन गायक विनोद सुथार, सुरेंद्र किरोडीवाल द्वारा भजनों के माध्यम से किया जाएगा।

20 अक्टूबर को मनाया जाएगा दशहरा पर्व

सादुलशहर। बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व 20 अक्टूबर मंगलवार को शाम सवा छह बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक गुरवीर सिंह बराड होंगे। दशहरा कमेटी संयोजक एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमन मक्कड, कार्यक्रम संयोजक विक्की बजाज, अर्षदीप सिंह सिंह लालगढिया, आशीष बंसल ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत दशहरा ग्राउंड में दशहरा मेला लगाया जाएगा। इसमें 70 फुट ऊंचाई वाला रावण का पुतला, 50-50 फुट उंचाई वाले मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतले फूंके जाएंगे। आकर्शक आतिषबाजी, विभिन्न तरीकों के पटाखे छोडे जाएंगे। फूड स्टॉल्स लगाई जाएंगी। झूले स्थापित करवाने के साथ-साथ सीता माता की वाटिका, आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी।

पांच बीबीए में मतदाता पंजीकरण कैंप लगाया

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 5 बीबीए में मतदाता पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप से पूर्व ईएलसी प्रभारी प्रदीप कौर द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज, जैसे जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, फोटो अथवा अन्य वैध दस्तावेज लेकर आने के लिए सूचित किया गया था। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को ईएसआईआई एनईटी ऐप एवं ऑफलाइन फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया की



जानकारी दी गई। साथ ही पात्र विद्यार्थियों से मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन भरवाए गए, ताकि योग्य विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकें। इस दौरान संबंधित विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ इंद्रजीत सिंह, प्रदीप कुमार एवं हंसराज ने ईएलसी प्रभारी प्रदीप कौर का सहयोग किया। संपूर्ण कार्यक्रम उपप्रधानाचार्य राजेश कुमार तिवारी की देखरेख में संपन्न हुआ।

मैडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। जिला स्तरीय एथलेटिक्स और कराटे प्रतियोगिताओं में मैडल जीतकर लौटे एमडी चिल्ड्रन उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का स्थानीय बस स्टैंड पर फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को विद्यालय प्रांगण तक लाया गया। स्कूल के व्यवस्थापक बूटा सिंह चावला ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र अनमोल वर्मा पुत्र रामनारायण ने एथलेटिक्स की 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मैडल और 100 मीटर दौड़ में सिल्वर मैडल हासिल किया। वहीं, कक्षा 6वीं की छात्रा मनप्रीत पुत्री इन्द्रजीत सिंह ने कराटे में सिल्वर मैडल और कक्षा 8वीं की छात्रा



अंजलि पुत्री कन्हैयालाल ने ब्रॉन्ज मैडल जीता। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय के व्यवस्थापक बूटा सिंह चावला, कोच भीमसेन और भजनलाल वर्मा ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

रोटरी क्लब ने सुधारा विद्यालय का कक्ष

सूरतगढ़: रोटरी क्लब की पहल पर प्रधानाचार्य कक्ष का पुनर्निर्माण



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

शिक्षा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए रोटरी क्लब ने पीएम श्री सेठ रामदयाल राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय में 3.50 लाख रुपए की लागत से प्रधानाचार्य कक्ष का पुनर्निर्माण करवाया है। नवरात्र के दौरान आयोजित सादे समारोह में वरिष्ठ रोटेरियन प्रवीन कुमार अरोड़ा ने प्रधानाचार्य डॉ. संजीव मदान और सदस्यों की उपस्थिति में कक्ष का उद्घाटन किया। क्लब अध्यक्ष डॉ. अरविंद बंसल ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। प्रधानाचार्य डॉ. मदान ने बताया कि पुराना कक्ष नकारा घोषित होने के बाद क्लब ने इसका पुनर्निर्माण करवाकर बड़ी राहत दी है। इस दौरान पीडीजी राजेंद्र तनेजा, जेके अरोड़ा, विपुल गुप्ता, मनोहर लाल कवातड़ा, केवल कृष्ण डांग, राज कुमार गर्ग, परमजीत सिंह बेदी, विनय सचदेवा, अशोक नागपाल, भरत फुलिया, रोहित धुवा, जगदीश मंगानी, राधे श्याम सारस्वत, गुरप्रीत सिंह बेदी, हरीश मंगानी, रवि कुमार गाबा उपस्थित रहे। सचिव गगन अरोड़ा ने आभार जताया। क्या आप इस समाचार में किसी अन्य प्रकार का संशोधन या फेरबदल करवाना चाहते हैं?

पैदल यात्रियों की सेवा को रवाना हुई सेवादारों की टोलियां



सीमा सन्देश # पदमपुर

सालासर धाम पैदल यात्रियों के लिए सेवादारों की टोलिया खाद्य सामग्री लेकर रवाना हुई। श्री बालाजी धाम में युवा सेवा समिति द्वारा खाद्य सामग्री के संसाधन को पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष बहादारचंद नारंग, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी ,पार्षद मनोहर सोनी, यतेंद्र राणा ,अमित बलाना ,सुरेंद्र जैन , नवीन बाघला , सोनू द्रामा सहित अन्य प्रतिष्ठ व्यक्तियों ने बालाजी का ध्वज लहराकर रवाना किया। सेवादारों के अनुसार सालासर धाम जाने वाले पैदल यात्रियों की सेवा के लिए अलग-अलग स्थान पर आवश्यक खाद्य सामग्री के सेवा शिविर लगाए जाएंगे। सेवा कार्य में भामाशाहों का अनुकरणीय योगदान समिति को मिलने पर आभार व्यक्त किया गया । शिविर 14 से 16 अक्टूबर को पल्लू सिथत गौशाला के पास , दूसरा सेवा शिविर 16 से 18 अक्टूबर को गौशाला (शिवबाड़ी), रतनगढ़ में संचालित होगा। इन शिविरों के माध्यम से सालासर धाम जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं की सेवा की जाएगी।

जंभेश्वर मंदिर से सालासर धाम के लिए डाक ध्वज यात्रा रवाना



सीमा सन्देश # मुकन

सालासर धाम के लिए मंगलवार को जंभेश्वर मंदिर से श्री सालासर डाक ध्वज यात्रा संघ प्रधान बंसीलाल गढ़वाल के नेतृत्व में रवाना हुई। यात्रा की शुरूआत से पहले श्री जंभेश्वर मंदिर में हनुमान डाक ध्वज की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद रामनिवास बिश्नोई और बंसीलाल गढ़वाल ने बाबा के डाक ध्वज को लहराकर यात्रा को रवाना किया। भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया तथा बाबा सालासर बालाजी के जयकारों के साथ ध्वज यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा संघ में पूरन सिंह मजोका, रामनिवास बिश्नोई, सतपाल बिश्नोई, सुशील बिश्नोई, सुनील कुमार लिंबा, बंसीलाल गढ़वाल, सुमन कुमार बिश्नोई, राहुल बिश्नोई, रेशम सिंह भाटी, मनीष वर्मा, श्योचा राम वर्मा, विजयपाल गोदारा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

कार्यक्रम | पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए किया पौधारोपण

चेयरमैन प्रतिनिधि खीचड़ ने नशा मुक्त सादुलशहर संकल्प अभियान में भागीदारी का किया आह्वान

सीमा सन्देश # सादुलशहर

नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि पूर्व चेयरमैन प्रदीप खीचड़ ने सादुलशहर खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम में मौजूद युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें खेल सकारात्मक गतिविधियों एवं सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने ने युवाओं से नशा मुक्त सादुलशहर संकल्प अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। युवाओं की ऊर्जा, जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। नशे जैसी



सामाजिक बुराई के खिलाफ जनजागृति फैलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना ही नहीं बल्कि युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर एक बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाना भी है। सादुलशहर को नशामुक्त बनाने के इस संकल्प को जन.जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक युवा एवं नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। पार्षद रणजीत सहारण, मोहनलाल सहारण ने कहा कि पेड-पौधे लगाने से जहां हरियाली होगी, तापमान कम होगा, वहीं जीव-जंतुओं की रक्षा और सुरक्षा होगी। पर्यावरण अच्छा रहेगा। इस दौरान राहुल कुमार, रवि कुमार, स्वरूप चौधरी, अभिषेक सहारण, एडवोकेट महेंद्र शर्मा, आदराम मूढ, सुनील सोनू यादव सहित काफी संख्या में स्टूडेंट्स एवं युवा मौजूद थे।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

आवश्यकता

■ एक वृद्ध व्यक्ति की देखभाल के लिए (जो बैड पर है।) केयर टेकर की आवश्यकता है। उम्र 25 से 50 वर्ष तक, खाना-पीना, रहना, साथ में आकर्षक वेतन। मो. 94615-60156, 98140-35375

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

NAME CHANGED

■ मैं, Pratima Maurya पत्नी न. 14951252F SEP Rahul Maurya, निवासी Bhuila, Gonapur Sadar, Jaunpur(UP)-222144, अपना नाम Pratima Maurya से बदलकर KM Pratima करवाना चाहती हूं। शपथपत्र-CS303507, दिनांक-12/10/2026 बीकानेर कोर्ट

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

✸ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✸ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✸ नोहर : 94624-01666 ✸ संगरिया : 94146-29987 ✸ पल्लू : 96670-03883 ✸ सरदारशहर : 80786-99231 ✸ टिब्बी : 94137-33600 ✸ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✸ करणपुर : 94144-34202 ✸ रायसिंहनगर : 7878125846 ✸ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✸ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✸ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✸ जैतसर : 78910-35061 ✸ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✸ मानकसर : 99503-13776 ✸ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✸ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✸ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✸ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✸ कालूवाला : 9680496829 ✸ थालड़का : 78913-40002 ✸ गोलूवाला : 98281-32337 ✸ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✸ खाजूवाला : 96804-96829 ✸ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

ग्रीस ने दुनिया के सबसे अच्छे देशों की लिस्ट हुई जारी



ग्रीस ने 'कोंदे नास्त ट्रैवलर' की हाल ही में जारी 'बेस्ट कंट्रीज इन द वर्ल्ड 2026' लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है। ग्रीस के बाद जापान, इटली, तुर्किये, पुर्तगाल, कोस्टा रिका, क्रोएशिया, इंडोनेशिया, केन्या और थाईलैंड का स्थान है। 92.11 के स्कोर के साथ भारत 17वें स्थान पर रहा और दुनिया के टॉप-20 सबसे अच्छे देशों में शामिल हुआ।

कश्मीर की वादियों में खिलेगा मिथिला का 'मखाना', बिहार से ट्रेनिंग देने जाएंगे एक्सपर्ट



दरभंगा (बिहार) स्थित राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र का 4 सदस्यीय विशेषज्ञ दल नवंबर-दिसंबर में कश्मीर जाकर स्थानीय किसानों को मखाना उत्पादन का प्रशिक्षण देगा। शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ हुए टङ्व के तहत उन्नत प्रभेद 'स्वर्ण वैदेही' का परीक्षण भी होगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, 10 वर्षों में मखाना की खेती 4 लाख हेक्टेयर तक बढ़ सकती है।

दक्षिण कोरिया के स्टॉक मार्केट में कोहराम, रोकनी पड़ गई ट्रेडिंग



दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार में मंगलवार को भारी बिकवाली के कारण कोस्पी इंडेक्स 7% से ज्यादा गिर गया जिसके चलते कुछ समय के लिए ट्रेडिंग रोकनी पड़ी। दरअसल, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चीनी कंपनियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा की चिंता से टेक शेयरों पर दबाव रहा। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 7.19% और SK हायनिक्स 8.72% टूटे जबकि LG एनर्जी सॉल्यूशन 4.15% गिरा।

व्हट्सअप पर शेड्यूल कर सकेंगे फोटो, वीडियो और मेसेज



वॉट्सऐप, एंड्रॉयड बीटा यूजर्स के लिए 'शेड्यूल्ड मेसेज' फीचर टेस्ट कर रहा है। इसमें टेक्स्ट, फोटो, वीडियो और लिंक 10 मिनट से 2 हफ्ते पहले तक शेड्यूल किए जा सकेंगे। शेड्यूल्ड मेसेज फोन ऑफलाइन रहने पर भी भेजा जाएगा और भेजने से पहले इसे चेक या डिलीट भी कर सकेंगे। फीचर जल्द सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध हो सकता है।

NASA के पर्सिवियरेंस रोवर ने तोड़ा पृथ्वी के बाहर सबसे ज्यादा दूरी तय करने वाले वाहन का रिकॉर्ड



नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने 11 अक्टूबर, 2026 तक मंगल ग्रह पर 28.10 मील (45.22 किलोमीटर) की दूरी तय कर किसी दूसरे ग्रह पर सबसे ज्यादा दूरी तय करने वाले व्हीकल का रिकॉर्ड बनाया। इसने नासा के 'ऑपर्च्युनिटी रोवर' का रिकॉर्ड (45.16 किलोमीटर) तोड़ा। पर्सिवियरेंस अपने ऑटोनैव सिस्टम की मदद से रास्ते में आने वाली बाधाओं की पहचान करता है।

रोबोट ने नाबालिग लड़की से की छेड़छाड़, की अश्लील हरकतें; हुआ 'अरेस्ट'



जर्मनी में एक रोबोट ने कथित तौर पर 16-वर्षीय लड़की को गलत तरीके से छुआ और उसके साथ अश्लील हरकतें भी कीं। घटना का लाइव प्रसारण होने के बाद पुलिस ने 1.2 मीटर लंबे रोबोट को जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि रोबोट के 16-वर्षीय मालिक और उसके 19-वर्षीय साथी ने कथित तौर पर इस घटना का वीडियो बनाया।

इंडिगो फ्लाइट हैदराबाद डायवर्ट, पावर बैंक से निकला धुआं



दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ए 6115 को 11 अक्टूबर को एक यात्री के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से धुआं निकलने के बाद हैदराबाद डायवर्ट किया गया। विमान राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरा। विशेषज्ञों के अनुसार, लिथियम-आयन बैटरी में थर्मल रनअवे से आग और धुआं निकल सकता है।



कुदरत का करिश्मा

चीन के 'रेनबो माउंटेन्स' बने दुनिया भर के पर्यटकों के आकर्षण

यह तस्वीर चीन के गांसु प्रांत में स्थित प्रसिद्ध झांगये डैनक्सिया नेशनल जियोलॉजिकल पार्क की है, जिसे आम तौर पर 'इंद्रधनुषी पहाड़' कहा जाता है। करोड़ों वर्षों में लाल बलुआ पत्थर और विभिन्न प्रकार के खनिजों के जमाव तथा प्राकृतिक कटाव के कारण इन पहाड़ियों पर यह मनमोहक रंग-बिरंगी धारियां उभरी हैं। यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल यह स्थल धूप की किरणों के साथ अपने बदलते चटख रंगों से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देता है।

प्लेयर ऑफ द मंथ ● गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे में 334 रन बनाए, वनडे इतिहास की सबसे तेज डबल सेंचुरी बनाई

टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल 5वीं बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

मेंस कैटेगरी में सबसे ज्यादा; विमेंस में भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को चुना गया

टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को सितंबर का आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। यह पांचवीं बार है, जब गिल ने यह अवॉर्ड जीता है। उन्होंने अभिषेक शर्मा और जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा को पीछे छोड़ा। 27 साल के गिल सबसे ज्यादा बार यह अवॉर्ड जीतने वाले क्रिकेटर बने हैं। वे मेंस कैटेगरी में भी सबसे ज्यादा बार यह पुरस्कार जीतने वाले क्रिकेटर भी हैं। विमेंस कैटेगरी में भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया। उन्होंने अपनी साथी खिलाड़ी श्री चरणी और श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू को पछाड़कर यह अवॉर्ड जीता।



भारतीय कप्तान ने 133 गेंदों में जड़ी सबसे तेज वनडे डबल सेंचुरी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सितंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे में 334 रन बनाए। उन्होंने पहले वनडे में 110 रन की पारी खेली। इसके बाद दूसरे वनडे में 133 गेंदों पर 223 रन बनाए। यह वनडे इतिहास की सबसे तेज डबल सेंचुरी है।

गिल ने एक साल बाद अवॉर्ड जीता

आईसीसी ने गिल ने पांचवीं बार इस अवॉर्ड को अपने नाम किया। इससे पहले वे 2023 में जनवरी, सितंबर और 2025 में फरवरी और जुलाई में यह पुरस्कार जीत चुके हैं। गिल ने पिछली बार पिछले साल जुलाई में अवॉर्ड जीता। विमेंस प्लेयर्स में ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज भी 4–4 बार यह अवॉर्ड जीत चुकी हैं।



शेफाली वर्मा को आईसीसी का दूसरी बार अवॉर्ड मिला

शेफाली वर्मा को दूसरी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला है। इससे पहले उन्हें पिछले साल नवंबर में इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। शेफाली ने सितंबर में 360 रन बनाने के साथ 6 विकेट भी लिए। वह महिला एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाए, जबकि फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 48 रन की पारी खेली।

क्रिकेट ● सीरीज में 1-0 की बढ़त, दूसरा टेस्ट 18 अक्टूबर को गेकेबेरा में होगा

बावुमा की कप्तानी में पहली बार टेस्ट हारा द. अफ्रीका, हेजलवुड ने लिए 8 विकेट

डरबन। टेम्बा बावुमा की कप्तानी में पहली बार साउथ अफ्रीका कोई टेस्ट मैच हार गया है। टीम को डरबन में हुए पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 214 रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 390 रन बनाए थे। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 106 रन की बढ़त मिली। इसके बाद टीम ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 314 रन बनाकर घोषित की और 421 रन का टारगेट दिया। पांचवें दिन साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी 206 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने मैच में 8 विकेट लिए। सीरीज का दूसरा टेस्ट 18 अक्टूबर से गेकेबेरा में खेला जाएगा।



हेजलवुड

12 टेस्ट तक नहीं हारे थे बावुमा : टेम्बा बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने 12 टेस्ट खेले। इस दौरान टीम ने 11 मैच जीते। कप्तान के तौर पर पहली हार से पहले सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने के मामले में बावुमा ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक ब्रियरली को भी पीछे छोड़ा। ब्रियरली ने इंग्लैंड की कप्तानी करते हुए अपने शुरूआती 15 टेस्ट में 10 जीत दर्ज की थीं।

मार्करम ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए : द. अफ्रीका ने पांचवें दिन की शुरूआत 102/4 के स्कोर से की थी। एडेन मार्करम 45 और वियान मुल्डर 5 ने पारी को आगे बढ़ाया। मुल्डर 29 रन बनाकर आउट हुए। छठा विकेट काइल वेरेने का गिरा। उन्होंने 1 रन बनाया। इसके बाद मार्को यानसन 35, साइमन हार्मर 0, मार्करम 75 और एनरिक नोर्त्या 4 रन बनाए। केशव महाराज 1 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरा पारी में जोश हेजलवुड ने 6 विकेट लिए।

रिंकू और माधव के शतक, बिहार हारा; उत्तर प्रदेश ने जीता मुकाबला

नई दिल्ली। धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह और माधव कौशिक के दमदार शतक की वजह से उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी 2026-27 के एलिट ग्रुप-ए के मुकाबले में बिहार को पारी और 267 रनों से बुरी तरह हरा दिया। रिंकू और माधव के शानदार प्रदर्शन के बाद यूपी के गेंदबाजों ने बिहार के बल्लेबाजों के बल्लों को पूरी तरह शांत रखा। दोनों ही पारियों में बिहार की टीम 150 का आंकड़ा नहीं छू पाई। कौशिक ने सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 150 रन बनाए, जबकि रिंकू ने आठ चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 112 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा, आराध्य यादव ने 84 और जीशान अंसारी ने 58 रनों का योगदान दिया, जिसकी वजह से यूपी ने पहली पारी में 540 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया।

यूपी के गेंदबाजों के आगे बिहार पस्त : यूपी के बड़े स्कोर का दबाव बिहार की बल्लेबाजी पर साफ दिखा। बिहार की पहली पारी सिर्फ 141 रनों पर सिमट गई। बिहार की ओर से सबसे बड़ी 25 रनों की पारी मंगल माहरोर ने खेली। यूपी की ओर से कार्तिक यादव और करन शर्मा ने चार-चार विकेट लिए।

बिहार की दूसरी पारी सिर्फ 132 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस बार फिर टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन मंगल ने बनाए. उन्होंने पांच चौकों की मदद से 27 रन जड़े। यूपी की ओर से जीशान अंसारी ने चार विकेट लिए। वहीं, करन शर्मा ने तीन और कार्तिक यादव ने दो विकेट लिए।

अयोध्या की तीसरी महारानी सुमित्रा और कौशल्या पुत्री शांता

नवरात्र श्रृंखला-5

श्री रामकथा के प्रसंग चल रहे हों, तो बहुत सी भूमिकाओं ऐसी हैं, जिन पर कभी ज्यादा ध्यान नहीं जाता, लेकिन ये पात्र ऐसे हैं जिन्होंने नेपथ्य में रह कर भी पूरा प्रकाश बनाए रखा है। इसी क्रम में आज, हम ऐसी ही दो नारियों के दर्शन करेंगे, और अयोध्या राजभवन के भीतर, इन दोनों की चर्चा, साथ-साथ चलेगी।

काशी की राजकुमारी सुमित्रा एक सौम्य, समझदार कन्या थी। कई जन्मों के पुण्यों से काशी में जन्म पाया था। अतः वे महादेव की अनन्य भक्ति में सदा लीन रहतीं। उनके पिता राजा सुमित्र, इस कन्या के लिए उचित वर की खोज में थे। काशी में साधु संतों का डेरा लगा रहना बहुत सामान्य है। ऐसे ही किसी संत प्रवास में, अवधपति दशरथ से, सुमित्रा के विवाह का प्रस्ताव आया। दशरथ हर तरह से योग्य और ख्यातिलब्ध थे। राजा सुमित्र को यह प्रस्ताव जँच गया, और उनकी बिटिया सुमित्रा आयोध्या की तीसरी महारानी हुईं।

राजभवन में पहले से ही पटरानी कौशल्या, और दशरथ की प्राणप्रिया रानी कैकई थीं। शुरू में सुमित्रा का मन इनसे थोड़ा संकोच में रहा हो, लेकिन दोनों बड़ी रानियों ने आगे बढ़ कर सुमित्रा को, हृदय से लगा लिया. वहां एक 5-6 बरस की छोटी सी, कोमल और गुड़िया जैसी दिखने वाली कन्या भी उपस्थित थीं। पूरी विवाह विधियों के समय, कौशल्या या कैकेई के आँचल के पीछे छुपी हुई सी। यह रानी कौशल्या की बिटिया शांता थीं। हर छोटी बच्ची की तरह नई वधू को देख, शांता थोड़ी सकुचाई हुई थीं। सुमित्रा ने थोड़ा स्नेह दिखाया और शांता तुरंत ही उनसे घुल-मिल गईं।



शांता छोटी ही थीं, पर बहुत सुंदर, सौम्य और सुलझी हुई कन्या थीं, उनकी मीठी बोली और कुलीन विचार, और भगवान् के प्रति भक्ति को देख ऐसा लगता, जैसे किसी जन्म की साध्वी ने पुनर्जन्म लिया हो. जो भी उनसे मिलता, प्रभावित हुए बिना न रहता। शांता और सुमित्रा लगभग एक जैसे स्वभाव की थीं और शायद इसीलिए,उन दोनों के बीच माता-पुत्री संबंध से अधिक, सखियों वाला लगाव था।

पर सुमित्रा और शान्ता का यह साथ, संभवतःअधिक दिनों के लिए नहीं था। कौशल्या जी की बड़ी बहन वर्षिणी और उनके पति अंग- राज रोमपद, एक निस्संतान दंपत्ति थे। बहन के बच्चों से, मौसियों को तो वैसे भी बहुत स्नेह होता है। वर्षिणी को भी शांता पर अत्यधिक मोह और दुलार था. उन्होंने बहुत संकोचपूर्वक, दशरथ-कौशल्या से विनती की और शांता को गोद ले लिया। और शांता उनके साथ अंग देश चली गईं।

राजभवन सूना हो गया था, लेकिन वहां की दिव्यता कभी कम नहीं हुई। भविष्य की प्रतीक्षा में अयोध्या आनंदित थी। इस सुख में दिन,माह और कई वर्ष बीत गए। फिर एक दिन अंगदेश से एक दूत, शुभ-सूचना लेकर आया। शांता का विवाह, कश्यप ऋषि के पौत्र ऋष्यश्रृंग से निश्चित हुआ था। सुदर्शन, सफल और विश्वप्रसिद्ध जमाता, सभी के मन को भा चुके थे और शांता भी, कुछ ही दिनों में अपनी नई गृहस्थी में रम गईं।



आकांक्षा प्रफुल्ल पाण्डेय (मुम्बई)

फिर समय की गति बढ़ी। कुछ वर्षों के बाद कुल गुरुओं के परामर्श और आदेश हुए। दशरथ की अब कोई संतान नहीं थी। अयोध्या के भविष्य और वंश की वृद्धि के लिए, दशरथ को पुत्र कामेष्ठी यज्ञ करवाना था। संसार में इस यज्ञ की विधि-सिद्धि केवल ऋष्यश्रृंग को थी. घर के जमाता, आचार्य के रूप में आए। कई दिनों तक यज्ञ चला.और अंत में यज्ञ सफल हुआ. निश्चित समय में अयोध्या - राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न की बाल लीलाओं से पुलक उठी। और फिर आया अयोध्या का सबसे पीड़ादायक क्षण। राम को वनवास। (इसकी पृष्ठ भूमि श्रृंखला में पहले ही लिख चुकी) अयोध्या दुःख, क्षोभ और निराशा में डूबी थी। अभी-अभी ब्याह कर आया पुत्र, नव वधू सीता के साथ वन को चला। कौशल्या का मन फटा जाता. कैकई अभी भी कोप भवन के बाहर नहीं आईं थी। मानो राम-वन-गमन सुनिश्चित करना चाहती हों। दशरथ मूर्छित थे। और सुमित्रा? वह क्षत्राणी तैयारी कर रही थी ऐसे त्याग की, जो यदि न किया जाए तो कोई हानि नहीं, पर धर्म मार्ग से जो पीछे हट जाएं, वे क्षत्राणी ही क्या. वे लक्ष्मण को शिक्षा दे रही हैं-

'अवध तहाँ जहँ राम निवासू, तहँईं दिवस जहाँ भानु प्रकासू। जौं पै सीय राम बन जाहीं, अवध तुम्हार काजु कछु नाहीं।।'

लक्ष्मण, तुम्हें अवध में अब कोई कार्य शेष नहीं, जहां सूर्य होगा वहीं दिन निकलेगा, और जहां मेरा राम होगा, अब से तुम्हारी अयोध्या वहीं है मेरे लाल. राम अब से तुम्हारे पितातुल्य, और सीता, तुम्हारी माता होंगी। उनकी सेवा में कोई त्रुटि न हो पुत्र। वन में हर तरह के संकट आयेंगे। उस सुकुमारी सीता का ध्यान रखना बेटा। उसने कभी कठोर भूमि पर भी पैर नहीं रखे। वह वन में कैसे रहेगी। आज से सीता-राम के लिए तुम्हें भाई, माता, सखा, दास, पुत्र, मनोरंजक, वैद्य, सैनिक, जैसी अनेक भूमिकाएं निभानी होंगी. और मेरा राम, वह तो बिल्कुल बालकों जैसा निश्छल है। राम के लिए अयोध्या बनना होगा मेरे लाल। मेरे राम-वैदेही वन से जब लौटें, तो पूर्ण स्वस्थ, प्रसन्न और तुम्हारे प्रति स्नेह से भरे हुए लौटने चाहिए. मैं तुमसे तभी संतुष्ट होऊंगी।

लक्ष्मण तो पहले से ही यही निर्णय ले चुके थे। 'जो आज्ञा मां' कह कर, प्रसन्नता से चरणों में झुक गए. सुमित्रा के आंसू गर्व से छलक पड़े। पुत्र ने एक क्षण में मातृ-ऋण चुका दिया था। लक्ष्मण के लिए सुमित्रा का मोह कम न था। अभी-अभी उर्मिला भी ब्याह कर घर में आईं थी, पर राम को निर्जन वन में अकेला भेजना ठीक नहीं। जाना ही है, तो दोनों भाई जाएंगे। पिता केवल राम के तो नहीं? उनके वचनों की रक्षा में क्या लक्ष्मण को कोई सहयोग नहीं करना चाहिए? उस क्षण सुमित्रा ने कैसे धैर्य साधा होगा, उसका अनुमान लगाना भी कठिन है, पर वाह रे रघुकुल, तुम्हारे आगे संसार यूं ही नतमस्तक नहीं हुआ जाता। कुलकीर्ति के इन सर्वोच्च मूल्यों की स्थापना, केवल रघुवंश की यश-पताका ही हो सकती है। सुमित्रा के आदिशक्ति सी दृढ़ता, साहस और दुर्गा तत्व हर तरह से वंदनीय हैं और इन वंदनीय भावों के साथ... जय सियाराम... ***(क्रमशः)***

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, बुधवार, 14 अक्टूबर, 2026

बीजेपी में छह महीने पहले सब चंगा था पर राघव चड्ढा साहब सबसे पहले आप में थे और उसे दिल्ली में साफ कर दिया। कईयों को जेल की हवा खानी पड़ी। अब बीजेपी के दुर्दिन शुरू हो गए। - **हिमांशु मिश्रा**

न्यूज इन ब्रीफ

नवजात सहित दंपती की मौत

बाड़मेर। एक कार और ट्रैक्टर के बीच हुई भीषण भिड़ंत में तीन दिन के मासूम बच्चे समेत दंपती की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी, भाजपा नेता स्वरूप सिंह खारा, बाड़मेर डिप्टी बुद्धाराम बिश्नोई, शहर कोतवाल मनोज कुमार, रामसर थानाधिकारी विक्रम चरण जिला अस्पताल पहुंचे और घयालों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी।

10 रुपए के सिक्के से खरीदी स्कूटी

हैदराबाद। मंचेरियल जिले के लक्षेट्टीपेट में रहने वाले 51 वर्षीय पादरी बी. रवि जोसेफ ने तीन सालों से रोजमर्रा की खरीदारी से बचे 10 रुपये के सिक्कों को जोड़कर 1.23 लाख रुपये जुटाए। इस पैसे उन्होने नई होंडा एक्टिवा स्कूटी खरीदी। जब जोसेफ अपने परिवार के साथ लक्षेट्टीपेट स्थित जगदंबा होंडा शोरूम पहुंचे और भुगतान के रूप में सिक्कों के ढेर रखे, तो कर्मचारी दंग रह गए। शोरूम के कर्मचारियों को 12300 सिक्कों की गिनती करने में लगभग दो घंटे का समय लगा।

पुणे; इंजीनियर ने की आत्महत्या

पुणे। आईटी इंजीनियर तृष्णा राहुल सकपाल ने आत्महत्या कर ली। तृष्णा ने सुसाइड नोट में ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इस नोट में उसने अपनी मौत के लिए पति राहुल, सास वैशाली, ससुर संजय, ननद शैली और दादी-सास शकुंतला सालुंके को जिम्मेदार ठहराया। तृष्णा के पिता बालकृष्ण निकम की शिकायत के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

ट्रेन में लूट करने वाला गिरफ्तार

गुना (वार्ता)। जीआरपी ने ट्रेन यात्रियों को नशीली दवा देकर बेहोश करने और लूटपाट करने वाले गिरोह के एक कथित सदस्य दुर्गभ मंडल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी झारखंड से जुड़े गिरोह का सदस्य है, जिसका नेटवर्क सात राज्यों तक फैला हुआ बताया जा रहा है। उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। रेलवे पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य ट्रेन में अकेले या जोड़ी में यात्रा करने वाले यात्रियों से मेलजोल बढ़ाकर उनका विश्वास जीतते थे। इसके बाद पानी या अन्य पेय पदार्थ में नशीली दवा मिलाकर उन्हें बेहोश कर नकदी और जेवरात लेकर फरार हो जाते थे।

पुंछ में एके -47 और हथगोला बरामद

जम्मू (वार्ता)। सौजियां सेक्टर में सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने आतंकवादियों के एक ठिकाने का पता लगा हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया, जिसमें ए के -47 और हथगोले बरामद किए हैं। तलाशी के दौरान, सुरक्षा बलों ने मंडी के सौजियां सेक्टर में सतरबन ढोक के मचपत्री इलाके से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामान में एक एके-47, एक एके मैगजीन, 30 राउंड गोला-बारूद और छह हथगोलें शामिल हैं।

फांसी लगाकर शिक्षक ने की आत्महत्या

भीलवाड़ा (वार्ता)। गंगापुर थाना क्षेत्र में सरकारी शिक्षक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान टोंक के खंडवा निवासी कालूराम मीणा (25) के रूप में हुई है। वह दो दिनों से अपने परिजनों के फोन जवाब नहीं दे रहा था। परिजनों ने मंगलवार मालिक को फोन करके उसका हाल जानने को कहा। मकान मालिक ने कमरे की तरफ जाकर देखा, तो अंदर से दुर्गंध आ रही थी। सूचना मिलते ही गंगापुर थाना प्रभारी पूरणमल मीणा पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

करीब 867 कारतूस, दो जिगाना पिस्टल और चार मैगजीन, 5 बैटरी और दो रिमोट बरामद

भारत-पाक सीमा पर ड्रोन से विस्फोटक और हथियार गिराए, पंजाब के दो युवक गिरफ्तार

सीमा सन्देश# रावलामंडी।

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे रावला क्षेत्र में ड्रोन के जरिए हथियार और करीब 7.750 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री गिराए जाने का मामला सामने आया है। खानुवाली पोस्ट से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में संदिग्ध सामग्री मिलने के बाद एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई की। मामले में पंजाब निवासी दो 19 वर्षीय युवकों को गिरफ्तार किए गए हैं। मौके से दो जिगाना पिस्टल, चार मैगजीन और करीब 867 कारतूस, 5 बैटरी व दो बरामद किए गए हैं। वहीं, तीसरे पैकेट से 7.750 ग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की है। इसलिए जयपुर से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। सुरक्षा एजेंसियां हथियारों की खेप के स्रोत, आरोपियों के संपर्कों और इसके पीछे संभावित नेटवर्क का पता लगाने में जुटी हैं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संदिग्ध सामग्री रात करीब 12 से दो बजे के बीच ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने की आशंका है। एएनटीएफ को इसकी सूचना अलसुबह करीब तीन बजे मिली, जिसके बाद संबंधित एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल पर तीन पैकेट मिलने की जानकारी सामने आई है। इनमें से दो पैकेट में हथियार और कारतूस बताए जा रहे हैं, जबकि तीसरे पैकेट में विस्फोटक होने की आशंका जताई गई है। बरामद दोनों पिस्टल पर मेड इन टर्की लिखा होने की जानकारी भी सामने आई है।



जांच में जुटीं सुरक्षा एजेंसियां



एएनटीएफ आईजी बोले— साजिश को नाकाम किया

एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने बताया कि ड्रोन की सहायता से राजस्थान में बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक गिराए जाने का मामला सामने आया है। इसके पीछे कौन लोग हैं और उनका उद्देश्य क्या था, इस बारे में जांच पूरी होने से पहले कुछ कहना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां मामले की तह तक जाने में जुटी हैं और जांच आगे बढ़ने के साथ महत्वपूर्ण तथ्य सामने आएंगे। उन्होंने आमजन से घबराने की जरूरत नहीं होने की बात कहते हुए इसे बड़ी साजिश को नाकाम करने से जुड़ी कार्रवाई बताया। कार्रवाई के दौरान एएनटीएफ के सीआई महेंद्र दत्त शर्मा, रावला थाना प्रभारी बलवंत कुमार, बीएसएफ के महेश, सीआईडी की एएसपी दीक्षा कामरा और एटीएस के सीआई हनुमाना राम बिश्नोई सहित विभिन्न एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

मजदूरी करने के बहाने यहां आए थे युवक

गिरफ्तार युवकों की पहचान लखविंदर सिंह (19) पुत्र जीत सिंह निवासी फिरोजपुर और सुखविंद्र सिंह (19) पुत्र सतपाल सिंह निवासी जालंधर, पंजाब के रूप में बताई गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों युवक पिछले तीन दिनों से श्रीबिजयनगर क्षेत्र में नरमा चुगने के मजदूरों के बहाने ठहरे थे। इसके बाद से ही दोनों सीमावर्ती इलाके की रेकी कर रहे थे। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि दोनों का हथियारों की खेप से क्या संबंध है और वे किन लोगों के संपर्क में थे। हालांकि, उनकी भूमिका और रेकी से जुड़ी जानकारी की पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी। विस्फोटक की प्रकृति और डिवाइस की वास्तविक कार्यप्रणाली का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की सहायता ली जा रही है। बीकानेर से बम निरोधक दस्ते के एसआई अशोक कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जयपुर से भी विशेषज्ञों के पहुंचने की जानकारी दी गई। सामग्री की तकनीकी जांच के बाद ही विस्फोटक के प्रकार और उसकी क्षमता के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। आरोपित इंस्टाग्राम आइडी पर बात कर रहे थे। उस पर पाकिस्तान का फ्लैग लगा हुआ था।

नवनियुक्त राज्यपाल का श्रीगंगानगर से गहरा नाता

डॉ. सुधा यादव के कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त होने पर प्रसन्नता

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य, पूर्व लोकसभा सांसद, राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग की पूर्व सदस्य डॉ सुधा यादव को राष्ट्रपति द्वारा कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपने एमएससी (कैमिस्ट्री) और आइआइटी से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। आपके पति स्व. सुखबीर सिंह यादव (डिप्टी कमांडेंट बीएसएफ) कारगिल युद्ध के प्रथम शहीद थे। आप भारत की प्रथम वीर नारी गवर्नर हैं और आपके सुपुत्र सिद्धार्थ यादव भी बीजेपी के मीडिया कॉ-कनवीनर और सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता है। डॉ. सुधा यादव का श्रीगंगानगर से भी गहरा रिश्ता है। इनके सुपुत्र सिद्धार्थ यादव राजकीय महाविद्यालय के आचार्य डॉ. गुरजीत सिंह बाजवा और नोजगे पब्लिक स्कूल की उप प्राचार्य डॉ. गुरविन्दर कौर बाजवा के दामाद है। बाजवा दंपति ने डॉ. सुधा यादव को बधाई प्रेषित की है और आशा व्यक्त की है कि माँ भारती की सेवा में इनका अनुभव एवं मार्गदर्शन निश्चित रूप से कर्नाटक के विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।

सरकारी दवा खरीद के टेंडर और दवा गुणवत्ता में अनियमितताएं

दवाओं की सप्लाई पर भी पड़ा विपरीत असर

सीमा सन्देश#जयपुर।

प्रदेश के सरकारी हॉस्पिटलों में फ्री दवाइयों का स्टॉक उपलब्ध करवाने वाली एजेंसी राजस्थान मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड में पिछले डेढ़ से दो साल में बड़ी अनियमितताएं हुई। खासकर दवाइयां खरीद के टेंडर और उन दवाइयों की गुणवत्ता जांच को लेकर भारी अनियमितताएं हैं। रेट कॉन्ट्रेक्ट की टेंडर अवधि खत्म होने के बाद भी आरएमएससीएल ने एक-एक साल तक दोबारा नए रेट कॉन्ट्रेक्ट नहीं किए। इस लापरवाही के कारण सरकारी हॉस्पिटलों में दवाइयों की सप्लाई नहीं हुई और हॉस्पिटलों में स्थानीय स्तर (लोकल लेवल) पर औने-पौने दामों में दवाइयों की जमकर खरीद हुई, जिससे काफी वित्तीय नुकसान हुआ। निधि अंकेक्षण विभाग की तरफ से की गई ऑडिट के कई ऐसे पैरा सामने आए हैं, जिसमें बताया कि आरएमएससीएल ने रेट कॉन्ट्रेक्ट टेंडर की अवधि खत्म होने के बाद एक-एक साल तक दोबारा नए रेट कॉन्ट्रेक्ट नहीं किए। ऑडिट रिपोर्ट में स्टोरेज व्यवस्था और क्वालिटी जांच पर भी सवाल उठाते हुए 131 बैच दवाइयों की पहचान की गई, जिन्हें क्वालिटी कंट्रोल विंग ने नॉन स्टेण्डर्ड घोषित किया, लेकिन इसके बावजूद सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों ने इन दवाइयों का उपभोग किया। जांच में पता चलता है कि क्वालिटी टेस्ट में फेल रही दवाइयों को जारी किए जाने अथवा उनके उपभोग पर प्रभावी रूप से रोक नहीं लगाई गई। ऐसी दवाइयों का उपभोग क्वालिटी कंट्रोल सिस्टम के उद्देश्य को विफल करता है और मरीजों को जोखिम में डालने वाला माना।

सीएम के गृह जिले में अपराधियों को डर नहीं : गहलोत

बीकानेर। दो दिवसीय दौरे पर बीकानेर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और सूखा प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया। नाल गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की हत्या कोई मामूली घटना नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पास गृह विभाग होने के बावजूद उनके गृह जिले में ऐसी वारदात होना यह दशार्ता है कि अपराधियों में कानून का कोई खौफ नहीं बचा है। उन्होंने सीएम को केवल दौरों तक सीमित न रहकर सख्त कार्रवाई करने की नसीहत दी।

गहलोत ने कहा कि अकाल प्रभावित किसानों को तुरंत राहत दी जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे का समर्थन करते हुए कहा कि मतदाता सूची से नाम नहीं कटने चाहिए और चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए निकाय व छात्रसंघ चुनाव समय पर कराने और निशुल्क दवा योजना को सुचारू रखने की भी उन्होंने अपील की। इसके बाद गहलोत पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी के गांव हदां पहुंचे और उनके पिता के निधन पर शोक जताया। इस दौरान डॉ. बीडी कल्ला, गोविंद राम मेघवाल, सुशीला डूडी सहित कई नेता मौजूद रहे।

मरीजों को राहत: अस्पतालों को प्रमुखता से दिखाना होगा इलाज का पूरा रेट कार्ड

नई दिल्ली। अस्पतालों में इलाज के खर्च को पारदर्शी बनाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर अस्पतालों और क्लीनिकों में उपलब्ध सेवाओं व सुविधाओं की दरें स्थानीय भाषा और अंग्रेजी में प्रमुखता से प्रदर्शित कराने को कहा है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के फोरम कोआर्डिनेटर डॉ. राजीव नाथ ने इस कदम का स्वागत करते हुए मेडिकल उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की कीमतें व मार्जिन भी स्पष्ट करने और एक समान राष्ट्रीय ढांचा लागू करने की मांग की है।

समंदर की हवा से बनेगी बिजली

गुजरात व तमिलनाडु में लगेंगे अपतटीय पवन ऊर्जा प्लांट

हैदराबाद।

देश में प्रतिदिन 540 करोड़ यूनिट बिजली की मांग के बीच केंद्र सरकार ने समुद्र की तेज और निरंतर चलने वाली हवाओं से बिजली पैदा करने के लिए मेगा प्लान को मंजूरी दे दी है। इसके तहत गुजरात और तमिलनाडु के तटों पर समंदर के बीच ऑफशोर विंड एनर्जी (अपतटीय पवन ऊर्जा) प्लांट स्थापित किए जाएंगे। सरकार ने दोनों राज्यों में 500-500 मेगावाट के प्रोजेक्ट्स के लिए 6,853 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। तमिलनाडु के थूथुकुडी में देश का पहला प्रोटोटाइप टर्बाइन स्थापित करने की तैयारी पूरी हो चुकी है। लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक अपतटीय पवन ऊर्जा की क्षमता 30 गीगावाट और कुल पवन ऊर्जा क्षमता 100 गीगावाट तक पहुंचाई जाए।

समुद्र में ये प्लांट फिक्स्ड-फाउंडेशन और फ्लोटिंग टर्बाइन तकनीक से लगाए जाएंगे, जहां से बिजली अंडरवाटर केबल्स के जरिए ग्रिड तक पहुंचेगी। समुद्र में हवा की गति तेज और बाधा-रहित होने से जमीन के मुकाबले 50% अधिक बिजली उत्पादन संभव होगा, साथ ही भूमि अधिग्रहण की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। वर्तमान में भारत 59.20 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता के साथ विश्व में चौथे स्थान पर है।

सूचना सहायकों की बर्खास्तगी का आदेश रद्द

जयपुर।

राजस्थान हाईकोर्ट ने महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी, मेघालय से दूरस्थ शिक्षा के आधार पर नियुक्त सूचना सहायकों की बर्खास्तगी का 2015 का आदेश रद्द कर दिया है। जस्टिस गणेशराम मीणा ने राजाराम मीणा व अन्य की याचिका स्वीकार करते हुए कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से नियमित मानने और 100 दिन में समस्त वेतन-भत्ते व लाभ देने के निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि पूर्ण सत्यापन के बाद नियुक्त कर्मियों को वर्षों की सेवा के बाद बिना जांच रिपोर्ट दिए अचानक हटाना प्राकृतिक न्याय का खुला उल्लंघन और उनका जीवन तबाह करने जैसा है।

हत्या मामले में 14 दोषियों को उम्रकैद, एक आरोपी को आर्म्स एक्ट में भी सजा

एससी-एसटी कोर्ट का फैसला : खेत में घुसकर मारपीट के दौरान हुई थी हत्या

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

खेत में घुसकर फायरिंग और मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में हनुमानगढ़ एससी-एसटी कोर्ट की न्यायाधीश ने मंगलवार को अहम फैसला सुनाते हुए 14 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक पवन श्रीवास्तव ने मामले की पैरवी की।

यह था मामला

प्रकरण के अनुसार, पीलीबंगा थाना क्षेत्र के चक 4 बीएचएम जाखड़ावाली में पानी की बारी और आड़ को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते 19 अक्टूबर 2018 की शाम आरोपियों ने एकराय होकर लाठी, डंडे, गंडासी, बंदूक और पिस्तौल से लैस होकर परिवादी के खेत में प्रवेश किया और मारपीट व फायरिंग की। घटना में पृथ्वीराज, कनीराम, खिराज सहित अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पृथ्वीराज की मौत हो गई। इस संबंध में पीलीबंगा थाने में एफआईआर संख्या 545/2018 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान किया।

इन धाराओं में सुनाई सजा

अदालत ने विक्रम देदड़, नीरज कुमार, मनजीत नैण, मुकेश जाखड़, शमशेर खां, विजय सिंह, सुनील खत्री उर्फ सिलू, जगदीश, कालूराम, भोजराज, पालाराम, मनीराम, अमर सिंह उर्फ अमरचंद और विनोद कुमार सहित 14 दोषियों को धारा 302/149 के तहत उम्रकैद व एक-एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 307/149 में 10 वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपए जुमार्ना, धारा 323/149 में एक वर्ष का कारावास व एक हजार रुपए जुमार्ना, धारा 148 में दो वर्ष का कारावास व दो हजार रुपए जुमार्ना तथा धारा 447 में तीन माह का कारावास व 500 रुपए जुमार्ना लगाया। दोषी विक्रम देदड़ को इन सजाओं के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25(1-बी)(ए) और धारा 27 के तहत भी तीन-तीन वर्ष का कारावास व 10-10 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई गई।



सजाएं साथ-साथ चलेंगी

अदालत ने आदेश दिया कि दोषियों की सभी मूल सजाएं साथ-साथ चलेंगी। धारा 302/149 के तहत जुमार्ना अदा नहीं करने पर प्रत्येक दोषी को तीन वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। वहीं, विक्रम देदड़ को आर्म्स एक्ट की दोनों धाराओं में जुमार्ना अदा नहीं करने पर प्रत्येक धारा के तहत छह-छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

चोरों के हौसले बुलंद: वार्ड 20 में तीन मकानों के ताले टूटे

सीमा सन्देश#पदमपुर।



इलाके में लगातार अपराधिक गतिविधियां बढ़ती जा रही है। आए दिन चोरी घटनाएं होने और आरोपितों के पुलिस की पकड़ से दूर होने से चारों के हौंसले बुलन्द होते जा रहे है। ऐसी ही घटनाएं बिती रात वार्ड नम्बर 20 में सामने आई। जहां चोरों ने तीन घरों में सेंधमारी की। जानकारी अनुसार बीती रात पटवारी के सुने मकान व डॉक्टर देव ठाकुर एवं अन्य घर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए सेंधमारी कर ताले तोड़ घर में प्रवेश किया। परन्तु गनीमत यह रही कि चोरों के हाथ कोई बड़ी नगदी हाथ नहीं लगी। जैसे ही चोरी की घटना का समाचार मंगलवार सुबह लोगों को मिला तो घटना स्थल पर पार्षद येतेंद्र राणा, मनोहर सोनी , एडवोकेट धीरज अरोड़ा सहित काफी संख्या में लोग जमा होने पर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयाना कर सीसी कैमरा की फुटेज को खंगाले। इसके बाद चोरों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया ताकि चोरों को पकड़ा जा सके।

अतर सिंह भड़ाना हत्याकांड: 4 आरोपी गिरफ्तार

भरतपुर।

बयाना के पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की हत्या के मामले में पुलिस ने भागमल, सोनीराम, शेर सिंह और कुंवर सिंह को गिरफ्तार कर वाहन जब्त किए हैं। एसपी राजेश मीणा के अनुसार अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पूर्व विधायक की पत्नी कमलेश भड़ाना की रिपोर्ट के अनुसार, भौड़ा गांव स्थित खनन पट्टे पर करीब 80 लोगों ने हमला कर ताबड़तोड़ फायरिंग, मारपीट, आगजनी व तोड़फोड़ की थी। बीच-बचाव में कमलेश भड़ाना व सुरक्षा गार्डों से भी मारपीट की गई। सीओ नीरज भारद्वाज ने बताया कि 32 नामजद आरोपियों सहित अन्य की भूमिका की जांच जारी है।

दिवाली से पहले मोदी कैबिनेट में फेरबदल की सुगबुगाहट

नई दिल्ली। केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन के इस्तीफे के बाद मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले बड़े कैबिनेट फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, दिवाली या आगामी शीतकालीन सत्र से पहले मंत्रिपरिषद का विस्तार हो सकता है। हाल ही में रवनीत सिंह बिट्टू, जॉर्ज कुरियन और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा हरदीप सिंह पुरी व बीएल वर्मा के दोबारा राज्यसभा न जाने से कई पद रिक्त होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने के बाद ह्यएक व्यक्ति, एक पदह्ल नियम के तहत उनके हटने की चर्चा है। वर्तमान में लगभग 12 मंत्रियों के पास अतिरिक्त प्रभार हैं।

पुनर्निर्माण

फेफाना हेड से चक 9 केएनएन मोघे के समीप तक निर्माण कार्य हो चुका पूरा

खिनानियां वितरिका की सफाई का कार्य शुरू, जसाना वितरिका हो रही फीड

सीमा सन्देश # चारणवासी।

जल संसाधन विभाग द्वारा खिनानियां वितरिका की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि फेफाना हेड से रतनपुरा हेड के बीच लगभग 13 किलोमीटर की दूरी है और इसी वितरिका का जायका परियोजना के तहत पुनर्निर्माण कार्य भी चल रहा है। फेफाना हेड से चक 9 केएनएन मोघे के समीप तक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन आगे का शेष हिस्सा घनी घास-फूस, कंटीली झाड़ियों और शीशम के पेड़ों से पटा पड़ा था। साथ ही नहर की तली में भारी मात्रा में सिल्ट (गाद) जमी हुई थी। इस वजह से पानी का प्राकृतिक बहाव बाधित हो रहा था और नहर कम पानी में भी उफान मारने या हांफने लगती थी। स्थिति को देखते हुए किसानों ने चिंता व्यक्त की थी और विभाग से जल्द सफाई करवाने की मांग उठाई थी। इस संबंध में अधिशासी अभियंता चौधरी ने बताया कि रतनपुरा हेड तक नहर की पूरी सफाई करवाई जाएगी ताकि पानी के बहाव में किसी प्रकार की रुकावट न आए। दूसरी ओर, सोमवार को हरियाणा क्षेत्र की शैरावाली नहर टूटने के कारण नोहर फीडर में कुछ क्यूसेक पानी बढ़ाया गया है तथा नहराना हेड से बरवाली नहर में अतिरिक्त पानी छोड़ा गया। नोहर फीडर में मंगलवार को 157 क्यूसेक पानी दिया जा रहा था, जो फेफाना हेड तक पहुंचते-पहुंचते 138 क्यूसेक रह गया। यह संपूर्ण पानी गत 11 तारीख से रेगुलेशन में चल रही जसाना वितरिका को उपलब्ध करवाया जा रहा है। वहीं, फतेहाबाद ब्रांच की संभावित बंदी को लेकर क्षेत्र के किसान अभी भी असमंजस की स्थिति में हैं। विदित रहे कि फतेहाबाद में किसानों के कड़े विरोध प्रदर्शन के चलते हरियाणा प्रशासन ने फिलहाल बंदी के फैसले को टाल दिया है, लेकिन हरियाणा किसी भी समय बंदी की घोषणा कर सकता है। जसाना वितरिका के किसानों का कहना है कि यदि समय पर पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहती है, तो वे सही समय पर सरसों की बिजाई का कार्य संपन्न कर सकेंगे।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528